आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 04:56 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 258, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चांद की सतह में दबे हैं बर्फ के विशाल भंडार 16

रकुल ने दिखाया समर्पण खराब तबीयत में किया काम 15

## भारत पर आरोप लगाते वक्त नहीं थे ठोस सबूत : ट्रूडो

**निज्जर हत्याकांड**

ओटावा, एजेंसी



- सार्वजनिक जांच के सिलसिले में कनाडा के प्रधानमंत्री ने किया स्वीकार

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पिछले साल खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस सबूत नहीं था।

संघीय चुनावी प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के सिलसिले में ट्रूडो ने गवाही देते समय यह बात कही। ट्रूडो ने इस दौरान दावा किया कि भारतीय राजनयिक कनाडा के उन लोगों के बारे में जानकारी एकत्र कर रहे थे जो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से असहमत हैं, और इसे भारत सरकार के उच्चतम स्तर तक और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह जैसे आपराधिक संगठनों तक पहुंचा रहे थे। ट्रूडो ने कहा मुझे इस तथ्य के बारे में जानकारी दी गई कि कनाडा और संभवतः 'फाइव आईज' सहयोगियों से खुफिया जानकारी मिली है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत इसमें शामिल था।

## अधिवक्ता संघ अध्यक्ष समेत चार नामजद, 40 अज्ञात पर एफआईआर

**लखीमपुर खीरी।** विधायक थप्पड़ कांड में खूब फजीहत कराने वाली सदर कोतवाली पुलिस ने आखिरकार जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह समेत चार नामजद व 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अर्बन कोआपरेटिव बैंक के संचालक पद के लिए नामांकन के दौरान विवाद के बीच बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह के पति जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारा था। उनके समर्थकों ने भी मारपीट की थी। व्यापारी नेता राजू अग्रवाल को भी पीटा गया था।

## क्षेत्रीय सहयोग में आतंकवाद बन रहा बाधा : जयशंकर

इस्लामाबाद, एजेंसी

### एससीओ सम्मेलन में विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को उसी की धरती से दिया परोक्ष संदेश

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को उसी की धरती से परोक्ष संदेश देते हुए बुधवार को कहा कि यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की तीन बुराइयों पर आधारित होंगी तो व्यापार, ऊर्जा और संपर्क सुविधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना नहीं है।

जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार और संपर्क पहलों में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए और भरोसे की कमी पर ईमानदारी से बातचीत करना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के 23वें शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। जयशंकर मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। वह करीब एक दशक में पाकिस्तान की यात्रा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। शरीफ ने एससीओ के सम्मेलन को सबसे पहले संबोधित किया जिसके तुरंत बाद जयशंकर ने सम्मेलन में अपनी बात रखी। इस सम्मेलन में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग भी शामिल हुए। जयशंकर ने ये टिप्पणियां पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जारी सैन्य गतिरोध और हिंद महासागर एवं अन्य रणनीतिक जलक्षेत्रों में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर चिंताओं के बीच की।



एससीओ सम्मेलन को संबोधित करते जयशंकर।

#### आपसी भरोसे से ही एससीओ सदस्य देशों को होगा लाभ

जयशंकर ने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। यदि समूह आपसी भरोसे के आधार पर मिलकर आगे बढ़ता है तो एससीओ सदस्य देशों को काफी लाभ हो सकता है। विदेश मंत्री ने एससीओ के प्रत्येक सदस्य राष्ट्र द्वारा समूह के चार्टर का सख्ती से पालन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी के भाव को मजबूत करने के इसके सार पर प्रकाश डाला।

#### एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ होनी चाहिए

जयशंकर ने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वत: सिद्ध है कि विकास एवं वृद्धि के लिए शांति एवं स्थिरता अनिवार्य है। जैसा कि चार्टर में स्पष्ट किया गया है, इसका अर्थ है– तीन बुराइयों का मुकाबला करने में दृढ़ रहना और समझौता नहीं करना। हमें आत्मावलोकन करने की आवश्यकता है कि कहीं अच्छे पड़ोसी की भावना गायब तो नहीं है और भरोसे की कमी तो नहीं है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई बड़े फैसले, रबी की छह फसलों में 130 से 300 रुपये तक की वृद्धि

# गेहूं का एमएसपी 2,425 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 150 रुपये बढ़ाया

सरकार ने बुधवार को 2025-26 के विपणन सत्र के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 150 रुपये बढ़ाकर 2,425 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। यह कदम प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले विपणन सत्र 2025-26 के लिए छह रबी फसलों के एमएसपी में 130 रुपये से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक की वृद्धि की मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा खरीफ फसलों की तरह, रबी फसलों के लिए एमएसपी में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि गेहूं का नया एमएसपी उत्पादन लागत से 105 प्रतिशत अधिक है, जो एक बड़ी बात है।

सरकार ने रैपसीड और सरसों बीज के लिए एमएसपी भी 300 रुपये बढ़ाकर 5,950 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया, जिसका उद्देश्य घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना और खाद्य तेल आयात को कम करना है। कुसुम का समर्थन मूल्य 2025-26 के लिए 140 रुपये बढ़ाकर 5,940 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 5,800 रुपये प्रति क्विंटल था। दलहन के मामले में, मसूर का समर्थन मूल्य 275 रुपये बढ़ाकर 6,700 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जबकि चने का एमएसपी 210 रुपये बढ़ाकर 2025-26 के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। जौ का समर्थन मूल्य वर्ष 2025-26 के लिए 130 रुपये बढ़ाकर 1,980 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 1,850 रुपये प्रति क्विंटल था। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली जैसे राज्य चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, वैष्णव ने एमएसपी बढ़ोतरी और आगामी चुनावों के बीच किसी भी तरह के संबंध की बात को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की घोषणाएं आमतौर पर इसी समय होती हैं। मंत्री ने कहा कि किसानों में सरकार के प्रति अच्छी भावना है। उन्होंने किसानों के जीवन में आए परिवर्तनकारी बदलावों का हवाला दिया। एमएसपी में की गई बढ़ोतरी वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसमें अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना समर्थन मूल्य निर्धारित करने की बात कही गई थी। सरकार को उम्मीद है कि इस बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा।



मंत्रिमंडल मंडल के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

#### केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनधारकों का महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की बुधवार को घोषणा की। यह एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। इससे दिवाली त्योहार से पहले एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों को लाभ होगा। मंत्रिमंडल ने दिवाली से पहले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में उनके मूल वेतन/पेंशन पर तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की मंजूरी दी है। इससे पहले मार्च में सरकार ने एक जनवरी, 2024 से डीए/डीआर को चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। मंत्री ने कहा कि डीए बढ़ोतरी अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक–औद्योगिक श्रमिकों के 12 महीने के औसत पर आधारित है। डीए/डीआर में वृद्धि से सरकारी खजाने पर 9,448 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। यह वृद्धि स्वीकृत सूत्र के तहत है जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। इससे करीब 49.18 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

#### किसानों का जीवन और आसान होगा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीसीईए की ओर से विपणन सत्र 2025–26 के लिए सभी अधिदेशित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दिए जाने से किसानों का जीवन और आसान होगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा अपने किसान भाई–बहनों के कल्याण के लिए हम निरंतर बड़े फैसले लेने में जुटे हैं।

#### एमएसपी में वृद्धि का निर्णय सराहनीय



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा कि अन्नदाता किसानों के कल्याण के लिए सतत समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दृढ़ नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर किया है। इस क्रम में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रबी विपणन सीजन 2025–26 के लिए रबी फसलों गेहूं, जौ, चना, मसूर, रेपसीड और सरसों, कुसुम के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है।

#### पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के लिए 35,000 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के इरादे से बुधवार को पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम–आशा) के लिए 35,000 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करना और उपभोक्ताओं के लिए बाजार मूल्य को स्थिर करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को फसलों की कटाई के समय जल्दबाजी में आकर अपनी फसल बेचने से रोकना है। इससे दलहन, तिलहन और अन्य जरूरी कृषि एवं बागवानी वस्तुओं के उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, किसानों की आय बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

## वीआईपी सुरक्षा अब सीआरपीएफ के हवाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने एनएसजी कमांडो को हटाने का आदेश दिया



केंद्र सरकार ने वीआईपी सुरक्षा से आतंकवाद निरोधी कमांडो बल एनएसजी को पूरी तरह हटाने और अत्यंत जोखिम वाले नौ अति महत्वपूर्ण लोगों (वीआईपी) की सुरक्षा अगले महीने तक सीआरपीएफ को सौंपने का आदेश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गृह मंत्रालय ने विशेष रूप से प्रशिक्षित जवानों की एक नई बटालियन को सीआरपीएफ के वीआईपी सुरक्षा प्रकोष्ठ के साथ जोड़ने की स्वीकृति भी दी है। इस बटालियन को हाल में संसद सुरक्षा से हटाया गया था। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के ब्लैक कैट कमांडो द्वारा संरक्षित जेड प्लस श्रेणी के नौ वीआईपी लोगों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद, एनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें अब सीआरपीएफ का सुरक्षा घेरा प्रदान किया जाएगा।

#### राजनाथ और योगी आदित्यनाथ को उन्नत सुरक्षा संपर्क प्रोटोकॉल

सूत्रों के अनुसार, इन नौ वीआईपी में से दो को सीआरपीएफ द्वारा दिया जाने वाला उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल भी प्रदान किया जाएगा। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हैं। एएसएल में वीआईपी के आगामी दौरे वाले स्थान की पहले से जांच की जाती है। सीआरपीएफ देश में पांच वीआईपी के लिए इस तरह का प्रोटोकॉल अपनाता है, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीन कांग्रेस नेता शामिल हैं।




#### सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

**लखनऊ।** 27 अक्टूबर को होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2024 को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्षदेव पाण्डेय ने विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने परीक्षा दिसंबर में होने की संभावना व्यक्त की है।

## जम्मू–कश्मीर में अब उमर सरकार

श्रीनगर, एजेंसी



- सरकार में शामिल नहीं हुआ कांग्रेस का कोई विधायक

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अब्दुल्ला और पांच मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इनमें जम्मू से सुरिंदर चौधरी भी शामिल हैं, जिन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। दूसरी बार मुख्यमंत्री बने उमर अपने दादा शेख अब्दुल्ला और पिता फारूक अब्दुल्ला के बाद इस पद पर आसीन होने वाले अब्दुल्ला परिवार की तीसरी पीढ़ी के नेता हैं। वह इससे पहले 2009 से 2014 के बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री थे, जब यह पूर्ण राज्य हुआ करता था। मोदी ने उमर अब्दुल्ला को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगी।

**प्रशासनिक परिषद के अधिकार वापस :** जम्मू–कश्मीर में नवनिर्वाचित सरकार के कार्यभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद प्रशासन ने कई ऐसे आदेशों को रद कर दिया जिनके तहत केंद्र शासित प्रदेश के शासन के लिए उपराज्यपाल की अध्यक्षता वाली प्रशासनिक परिषद को अधिकार सौंपे गए थे। बयान के अनुसार, 2020 में शुरू किए गए कुछ सरकारी आदेश वापस ले लिए गए हैं।

## नायब सिंह सैनी आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ



- प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी होंगे शामिल

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात की और राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। सैनी गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे कुछ घंटे पहले ही पंचकूला में हुई बैठक में सैनी को सर्वसम्मति से हरियाणा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। नवनिर्वाचित विधायकों कृष्ण कुमार बेदी और अनिल विज ने सैनी के नाम का प्रस्ताव दिया था।

## राजधानी में 32 एकड़ में बनेगा इंटरनेशनल एग्जिबिशन कम कन्वेंशन सेंटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने दी सैद्धांतिक सहमति, कहा- 2 वर्ष में किया जाए तैयार

**अमृत विचारः** अब राजधानी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों की मेजबानी कर सकेगी। वृंदावन योजना में 32 एकड़ के विशाल परिसर में भव्य कन्वेंशन कम एग्जिबिशन सेंटर बनाया जाएगा। इसकी क्षमता 10 हजार व्यक्तियों की होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके निर्माण कार्य को लेकर बुधवार को सैद्धांतिक सहमति दे दी। उन्होंने अफसरों को 2 वर्ष के भीतर तैयार करने का निर्देश दिया।

बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित इंटरनेशनल कन्वेंशन कम एग्जिबिशन सेंटर के स्वरूप, निर्माण प्रक्रिया, लागत आदि विषयों पर विमर्श किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक सर्वसुविधायुक्त, विश्वस्तरीय हाईटेक कन्वेंशन-सह-एग्जिबिशन सेंटर की आवश्यकता है। कन्वेंशन सेंटर का निर्माण आवास विकास और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में किया जाना चाहिए। राज्य सरकार भी इसमें वित्तीय सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि कन्वेंशन सेंटर को बहुपयोगी बनाया जाना चाहिए। कन्वेंशन सेंटर ऐसा हो जहां बड़े सांस्कृतिक, राजनीतिक, राजकीय, धार्मिक समारोह गीत-संगीत के कंसर्ट पूरी भव्यता व गरिमा के साथ आयोजित हो सकें। एग्जिबिशन सेंटर सभी प्रकार के मेलों-प्रदर्शनियों की मेजबानी करने में सक्षम हो, यहां 'ओपन थियेटर' भी हो, निकट ही होटल इंडस्ट्री के लिए भूमि आरक्षित रखी जाए।

## तीन दिन में 19 उड़ानों में बम की धमकी मिली, बुधवार को सात उड़ानें प्रभावित

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले तीन दिन में 19 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है और धमकी के कारण रियाद जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान को मस्कट की ओर मोड़ दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

चौबीस घंटे से भी कम समय में नौ उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त सभी धमकियां झूठी निकलीं। बुधवार को इंडिगो की चार उड़ानें, स्पाइसजेट की दो उड़ानें और अकासा एयर की एक उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। मंगलवार देर रात विस्तारा और एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक-एक उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

#### धमकी देने वालों पर चलाएंगे मुकदमाः नायडू

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि सरकार विमानों मे बम रखे होने की धमकी से जुड़े मामलों पर करीबी नजर रख रही है और इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उड़ानों के संचालन में व्यवधान के लिए जिम्मेदार अन्य लोगों की पहचान करके उन पर मुकदमा चलाया जाएगा।

#### मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ से किशोर को उठाया

**मुंबई/राजनांदगांव।** मुंबई पुलिस ने 14 अक्टूबर को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से तीन विमानों में बम रखे होने की फर्जी धमकी देने के मामले में छत्तीसगढ़ के 17 वर्षीय एक लड़के को हिरासत में लिया है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एक दुकानदार के साथ वित्तीय विवाद के बाद लड़के ने एक्स पर सोशल मीडिया अकाउंट बनाया और ये पोस्ट किए।

## अंधा नहीं कानून ... न्याय की देवी की आंखों से हट गयी पट्टी

### सुप्रीम कोर्ट में बदलाव, हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में ब्रिटिश काल की विरासत को पीछे छोड़ने के प्रयास में एक और अध्याय जुड़ गया है। सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी यानि लेडी आफ जस्टिस की नई मूर्ति लगाई गई है। पहले इस मूर्ति की पहचान एक हाथ में तराजू, दूसरे में तलवार और आंखों पर पट्टी थी। अब इस मूर्ति की आंखों से पट्टी हटा दी गई है और हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है। यह मूर्ति सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है। आंखों पर पट्टी अब तक कानून के अंधे होने का संकेत देती थी, साथ ही ये दर्शाती थी कि कानून की नजर में सब बराबर हैं। जबकि तलवार अथॉरिटी और अन्याय को सजा देने की शक्ति का प्रतीक थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नई मूर्ति को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ऑर्डर देकर बनवाया है। इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि देश में कानून अंधा नहीं है और यह सजा का प्रतीक नहीं है। मूर्ति के दाएं हाथ में तराजू बरकरार रखा गया है, क्योंकि यह समाज में संतुलन का प्रतीक है। तराजू दर्शाता है कि कोर्ट किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले दोनों पक्षों के तथ्यों और तर्कों को देखते और सुनते हैं। मूर्ति को ब्रिटिश शासन की विरासत को पीछे छोड़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। हाल ही में भारत सरकार ने ब्रिटिश शासन के समय से लागू भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू किया था। लेडी ऑफ जस्टिस की मूर्ति में बदलाव करना भी इसी कड़ी के तहत उठाया कदम माना जा सकता है। सीजेआई ऑफिस से जुड़े प्रमुख सूत्रों ने बताया कि सीजेआई का मानना है कि भारत को ब्रिटिश विरासत से आगे बढ़ना चाहिए।



#### जस्टिस संजीव खन्ना हो सकते हैं अगले सीजेआई

सुप्रीम कोर्ट के दूसरे सबसे वरिष्ठ जज जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। वर्तमान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जस्टिस खन्ना को अगला सीजेआई बनाने की सिफारिश केंद्र सरकार से की है। केंद्र सरकार यह सिफारिश मानती है तो 10 नवंबर को जस्टिस खन्ना सीजेआई पद संभालेंगे। वर्तमान जस्टिस चंद्रचूड़ उसी दिन सेवानिवृत हो रहे हैं। जस्टिस खन्ना का कार्यकाल 23 मई, 2025 तक होगा।



डीवाई चंद्रचूड़



संजीव खन्ना

## एक नजर

### पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को भव्य स्टेडियम देंगे मोदी

**अमृत विचार लखनऊ** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को दीपावली से पहले पुनर्विकसित भव्य स्टेडियम देंगे। 20 अक्टूबर को उनके वाराणसी के दौरे में सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम के फेज-2 व फेज-3 का उद्घाटन प्रस्तावित है। पीएम 2023 में फेज-1 का उद्घाटन कर चुके हैं। स्टेडियम निर्माण से 20 से अधिक खेलों के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. डी वासुदेवन ने बताया कि तीन फेज में डॉ. संपूर्णानंद सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्विकास 325 .65 करोड़ से अधिक की लागत से हुआ है। स्टेडियम में इनडोर और आउटडोर दोनों सुविधा रहेगी।

### बगैर अनुमति कनेक्शन के आदेश पर हो कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ** : बिजली चोरी प्रकरण में चार किलोवाट तक का नया बिजली कनेक्शन जारी करने के आदेश के मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात कर यह मांग उठाई। उन्होंने कहा कि नियामक आयोग एक अर्धन्यायिक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है। इसके समक्ष कोई प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद पावर कॉरपोरेशन इस पर निर्णय नहीं ले सकता है।

### स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त, भटक रहे हैं मरीज : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ** : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवायें ध्वस्त हो गयीं हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को कहा कि उन्होंने कहा कि डेंगू के कारण सैकड़ों की संख्या में लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। प्लेटलेट्स और ब्लड की कमी को लेकर मारामारी है। मरीज और तीमारदार भटक रहे हैं। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमराई हुई है। बीएचयू अस्पताल में जांच दवाई और इलाज के लिए मरीजों की लम्बी-लम्बी कतारें लगी रहती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश के अन्य जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की क्या स्थिति होगी।

# उप चुनाव : सीटें बचाने के साथ विपक्षी खेमे में सेंध लगाने उतरेगी भाजपा

## भाजपा को लगेगा झटका या होगी भरपाई, अधिसूचना जारी होते ही प्रचार में जुटे राजनीतिक दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : भाजपा के लिए 9 सीटों पर उप चुनाव में जीत की डगर आसान नहीं है। लोकसभा चुनाव परिणाम ने साबित किया है कि प्रदेश में सपा-कांग्रेस की प्रमुखता वाला इंडी गठबंधन और पीडीए फार्मूला सिर्फ जुबानी नहीं था। ऐसे में भाजपा को अपनी सभी सीटें बचाने के साथ विपक्षी खेमा की सीटों में सेंधमारी करके लोकसभा चुनाव की भरपाई करनी होगी।

भाजपा के लिए उपचुनाव अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। भाजपा उप चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर लोकसभा चुनाव का हिसाब चुकता करने के साथ ही विधानसभा चुनाव 2027 के लिए बड़ा संदेश देना चाहती है। साथ ही नेताओं का मानना है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जिस पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को चौंकाया था, उसका इस चुनाव में असर नहीं होगा। इसके अलावा कांग्रेस और सपा द्वारा पिछड़ों और दलितों में फैलाए गए आरक्षण के भ्रम को भी लोग समझ चुके हैं।

### प्रत्याशी की घोषणा न होने से प्रचार फीका

भाजपा से कहीं भी प्रत्याशी की घोषणा न होने से वोटरों के बीच धरातल पर चुनाव प्रचार फीका चल रहा है। हालांकि दिल्ली में पिछली बैठक के दौरान केंद्रीय नेतृत्व ने हर सीट पर प्रत्याशी के नाम तय कर लिए थे। देखना होगा कि इसकी घोषणा कब होती है। जबकि सपा 6 सीटों पर प्रत्याशी तय कर चुकी है बाकी की चार सीटों पर कांग्रेस के साथ गठबंधन पर समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं। बसपा ने भी पांच सीटों पर प्रभारी तय करके प्रचार गरमा रखा है।

### चुनावी रण को अपने-अपने क्षेत्र में डटे मंत्री

उप चुनाव की तारीखें सामने आते ही कई मंत्री बुधवार से ही अपने-अपने निर्धारित मोर्चों के लिए रवाना हो गए। इनमें करहल में जयवीर सिंह, मिल्कीपुर में सूर्य प्रताप शाही व मयंकेश्वर शरण सिंह, कटेहरी में स्वतंत्र देव सिंह व आशीष पटेल पहुंच चुके हैं। इधर, सीसामऊ में सुरेश खन्ना व संजय निषाद, फूलपुर में दयाशंकर सिंह व राकेश सचान, मझवां में अनिल राजभर, ग़ाज़ियाबाद सदर में सुनील शर्मा, मीरापुर में अनिल कुमार व सोमेन्द्र तोमर भी बुधवार से डट गए। खैर में लक्ष्मी नारायण चौधरी, कुंदरकी में धर्मपाल सिंह व जेपीएस राठौर मोर्चा संभाल चुके हैं।

### आसान नहीं राह, छह सीटों पर कड़ी चुनौती

जिन 9 सीटों पर उप चुनाव घोषित हुआ है, वहां लड़ाई भाजपा-सपा गठबंधन की आमने-सामने है। 6 विधानसभा सीट ऐसी हैं, जहां भाजपा का कड़ा इम्तिहान होगा। पार्टी को यहां सपा से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सांसद बनने के बाद अपनी करहल सीट से परिवार के तेजप्रताप यादव, विधायकी रद होने से इरफान सोलंकी की सीसामऊ से उनकी पत्नी नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, अंबेडकरनगर के सांसद बनने पर लालजी वर्मा की खाली हुई कटेहरी सीट से उनकी पत्नी शोभावती वर्मा और मझवां से पूर्व विधायक और भदोही से पूर्व सांसद रमेश बिंद की पुत्री डॉ. ज्योति बिंद को मैदान में पहले ही उतार दिया है। इसमें दो सीटें फूलपुर और मझवां पर 2022 में भाजपा का कब्जा था। जबकि मीरापुर सीट सहयोगी रालोद के कब्जे में थी। सपा को अभी गठबंधन को साधते हुए कुंदरकी, खैर, मीरापुर और गाजियाबाद पर प्रत्याशी की घोषणा करनी है।

### पांच सीटों पर बसपा प्रत्याशी ठोंक रहे ताल

बसपा सुप्रीमों मायावती अब तक पांच सीटों पर प्रत्याशी का ऐलान कर चुकी हैं। मीरापुर सीट से शाह नजर, मिल्कीपुर से राम गोपाल कोरी, कटेहरी से अमित वर्मा, मझवां से दीपू तिवारी, और फूलपुर से शिव वरन पासी को प्रभारी बनाकर मैदान में उतारा है।

## अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर भी कराया जाए उप चुनाव : भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ** : भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा से मुलाकात की और अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर भी उपचुनाव कराने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मिल्कीपुर सीट को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका पर कोई स्थगन या अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, संजय राय, राम प्रताप सिंह चौहान आदि नेता शामिल रहे।

# राज्यमंत्री के आवास पर अपशब्द लिखे, नेमप्लेट पर कालिख पोती

## कांग्रेस के नेता पर आरोप, प्रियंका पर टिप्पणी से नाराज थे कांग्रेसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : कांग्रेस के एक नेता ने बुधवार को राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर अपशब्द लिखे। उनकी नेम प्लेट पर कालिख पोत दी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर राज्यमंत्री की अमर्यादित टिप्पणी से नाराज थे। आनन-फानन में सरकारी कर्मियों ने आवास पर लिखी टिप्पणी व नेम प्लेट की कालिख साफ कराई।



राज्यमंत्री के आवास पर अपशब्द लिखते कांग्रेस के नेता। अमृत विचार

कांग्रेस के प्रदेश संगठन महासचिव अनिल यादव दोपहर में राज्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस के कई नेता भी शामिल थे। नेताओं ने आवास के गेट पर लिखना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि उनकी नेता प्रियंका गांधी के विरुद्ध राज्यमंत्री ने अभद्र टिप्पणी की। वे कोई भी गलत बात बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रियंका गांधी के वायनाड लोकसभा सीट से उप चुनाव लड़ने की घोषणा होने के बाद राज्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन पर तंज किया था। उन्होंने प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस पर कांग्रेस नेताओं ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कांग्रेस नेताओं ने राज्यमंत्री की पोस्ट पर लिखा कि ये यूपी सरकार में मंत्री और बुरी तरह सांसदी का चुनाव हारे हुए भाजपा नेता हैं। उन्होंने राज्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि महिलाओं के बारे में इनकी भाषा और ख्याल देखिये। महिलाएं चुनाव लड़ने के लिए जब उतरती हैं, तो उन्हें सैकड़ों ऐसे किस्म के लोगों की अमर्यादित भाषा सुननी पड़ती है। ऐसे लोग भाजपा सरकार में मंत्री बने बैठे हैं, इसलिए महिला सुरक्षा का प्रदेश में बुरा हाल है। मालूम हो कि प्रियंका गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका को प्रत्याशी बनाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। इसको लेकर भाजपा व कांग्रेस के बीच 'सोशल मीडिया वार' शुरू हो गया है।

### महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानती भाजपा : अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा महिलाओं का सम्मान करना बिल्कुल नहीं जानती है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये टिप्पणी की कि मंत्री दिनेश कुमार सिंह ने भाजपा का असली चरित्र और चेहरा एक बार फिर जनता के समक्ष रख दिया है।

## 18 जिलों में मखाने की खेती पर मिलेगा 40 हजार रुपये अनुदान

**अमृत विचार, लखनऊ**: राज्य सरकार ने मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू की है, जिसके तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि 18 जिलों में इस योजना की शुरूआत की गई है। योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि करना है। मखाना खेती की विभाग द्वारा अनुमन्य इकाई की लागत 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर है, जिसमें सरकार 50 प्रतिशत यानी 40 हजार रुपये का अनुदान देगी। इसके लिए किसानों को जिला उद्यान अधिकारी के पास पंजीकरण कराना होगा।

योजना के तहत प्रत्येक चिन्हित जिले में 10 हेक्टेयर मखाना उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे प्रदेश में कुल 180 हेक्टेयर में मखाने की खेती होगी। लखनऊ, सीतापुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, बलिया, कुशीनगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, बरेली, अयोध्या और गोरखपुर जिलों में योजना लागू की जा रही है।

## उप चुनाव की घोषणा के बाद हुए पुलिस वालों के तबादले निरस्त हों : सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मिर्जापुर में 35 पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर के खिलाफ सपा ने निर्वाचन आयोग को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार** : प्रदेश में विधानसभा उप चुनाव की घोषणा के बाद मिर्जापुर में मझवां उप-निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत कछवां थाना में कई पुलिस प्रभारी समेत 35 पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर किए जाने पर सपा ने राज्य निर्वाचन आयोग में विरोध जताया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर ट्रांसफर आदेश निरस्त कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने मिर्जापुर के एसपी अभिनन्दन और जिला कार्यक्रम अधिकारी वीणा वर्मा का ट्रांसफर करने की भी मांग की।

## निषाद पार्टी ने प्रत्याशी की सूची भाजपा को भेज दी है : डॉ.संजय निषाद

**अमृत विचार, लखनऊ** : कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी के प्रमुख डॉ. संजय निषाद ने बुधवार को एक निजी चैनल में कहा कि उपचुनाव में एनडीए की जीत होगी। मझवां और कटेहरी सीट पर उन्होंने कहा कि हक बिना मांगे नहीं मिलता है, हक नहीं मिलेगा तब इसपर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी के प्रत्याशी तैयार हैं, सूची भाजपा को भेज दी गयी है, एक-दो दिन में सीटों की घोषणा हो जाएगी।

# एनएचएम : संविदा कर्मियों के होंगे तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**03 वर्ष बाद एक बार फिर मिलेगी सुविधा**

**5 से 20 नवंबर तक मांगे गए तबादलों के लिए आवेदन**

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में संविदा पर कार्यरत चिकित्सक समेत अन्य कर्मियों को तीन वर्ष बाद एक बार फिर स्थानान्तरण की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा संविदा कर्मचारियों को आपस में म्यूचुअल स्थानांतरण के तहत मिलेगी। इसके लिए मिशन निदेशक पिंकी जोवेल द्वारा स्थानांतरण खोले जाने हेतु पत्र जारी कर दिया गया है। तबादलों के लिए 5 नवंबर से 20 नवंबर तक आवेदन मांगे गए हैं।

दरअसल, एनएचएम के द्वारा सरकारी अस्पतालों में संविदा में चिकित्सक समेत विभिन्न योजनाओं के संचालन में विभिन्न पदों पर संविदा कर्मी सेवाएं दे रहे हैं। इन कर्मियों में म्यूचुअल स्थानान्तरण की मांग की जा रही थी, कर्मियों की मांग पर मिशन निदेशक द्वारा आपसी सहमति से एक दूसरे के स्थान पर तबादले की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा समान योजना में समान पद के लिए मिलेगी। बिडिंग अंतर्गत कार्यरत चिकित्सकों को तबादलों की सुविधा नहीं मिलेगी। इसके अलावा आउट सोर्स व वेंडर कर्मियों के भी तबादले नहीं होंगे। पूर्व में सुविधा का लाभ पा चुके कर्मी आवेदन नहीं कर सकेंगे।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उप्र. के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने स्थानांतरण खोले जाने पर मिशन निदेशक का आभार जताते हुए कहा कि राज्य में एक लाख संविदा कर्मी हैं, तमाम कर्मी अपने घर से बहुत दूर जिलों में कार्य कर रहे हैं, उन्हें नौकरी और परिवार पालन पोषण में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि म्यूचुअल स्थानान्तरण से संविदा कर्मियों को बहुत सुविधा होगी।

# पीएमआईएस से निवेशकों को मिलेंगी लैंड बैंक समेत कई उपयोगी सूचनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**औद्योगिक प्राधिकरणों की वेबसाइट होगी निवेश मित्र के साथ इंटीग्रेट**

**अमृत विचार** : राज्य सरकार निवेशकों की सहूलियतों में इजाफा करने की दिशा में व्यापक कदम उठा रही है। औद्योगिक प्राधिकरणों की वेबसाइट निवेश मित्र के साथ जोड़कर प्रॉपर्टी मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम से सीधी मॉनिटरिंग होगी। इससे लैंड बैंक और उसके सभी दस्तावेजों समेत तमाम जानकारियों तक निवेशकों की आसान पहुंच होगी।

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) व ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में प्रॉपर्टी मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम को लागू करने और उसके जरिए निवेशकों से चरणबद्ध संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की योजना पर कार्य हो रहा है।

कार्ययोजना के अनुसार सीआईसी, बिल्डिंग मैप अप्रूवल, एक्सटेंशन लेटर तथा ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट समेत विभिन्न दस्तावाजों के जारी होने और उनकी निगरानी को ट्रैक करने का फ्रेमवर्क भी प्रक्रिया के जरिए तैयार हो जाएगा। पीएमआईएस के जरिए निवेशकों के हर स्वीकृति व पूछताछ की जानकारी एसएमएस, ई-मेल व व्हॉट्सऐप पर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रक्रिया के अंतर्गत, नोएडा की लगभग 96 हजार प्रॉपर्टी का विस्तृत लेखा-जोखा वेब बेस्ड एप्लीकेशन पैकेज पर उपलब्ध होगा।

### 24 औद्योगिक क्षेत्रों का होगा कायाकल्प

सरकार ने 24 औद्योगिक क्षेत्रों के कायाकल्प की कार्ययोजना यूपीसाडा को सौंपी है। आगरा, मथुरा, मेरठ, गोरखपुर, संत कबीर नगर, मऊ, कानपुर, लखनऊ व रायबरेली में फुल डेप्थ रीक्लेमेशन तकनीक से सड़कों के निर्माण के साथ ही अवस्थापना समेत अन्य सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा। जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी, टेलीफोन स्टेशन, सब स्टेशन फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, एंट्री गेट आदि सुविधाओं का विकास होगा।

## दिव्यांगों की आंख है श्वेत छड़ी : नीरज

**अमृत विचार, लखनऊ** : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में 'विश्व श्वेत छड़ी जागरूकता दिवस' मनाया गया। विशेष शिक्षा संकाय सदस्य नीरज दीक्षित और विभागाध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से दृष्टि अक्षमता के प्रति समाज को संवेदनशील बनाना है। इस मौके पर हुई पोस्टर प्रदर्शनी में मोहम्मद आकिब, रुक्मणी यादव एवं प्रज्ञा सिंह ने प्रमुख रूप से भाग लिया।

# अगस्त से गोवंशों के भरण-पोषण का बजट नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश की गोशालाओं को अगस्त से बजट नहीं मिला है। इससे संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण में समस्या आ रही है। कई जिलों ने खर्च बजट का हिसाब भी नहीं दिया है। इस वजह से भी भुगतान रुका है।

प्रदेश में करीब स्थाई व अस्थाई करीब सात हजार गोशाला हैं। इनमें करीब नौ लाख निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। इनके भरण-पोषण के लिए अगस्त से बजट नहीं मिला है। इस वजह से कुछ जगह गोशालाओं का संचालन करना मुश्किल हो रहा है। इसी तरह मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत पशुपालकों को दिए गए गोवंशों के भरण-पोषण का भी बजट लटका है। निदेशक पशुपालन डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि कुछ जिलों में खर्च बजट के उपभोग प्रमाण पत्र नहीं मिले हैं। इस कारण भुगतान रुका है। सरकार से तीन माह का अतिरिक्त बजट भी मांगा है।

### अभियान चलाकर 7,857 पशुओं को पहुंचाया आश्रय स्थल

**अमृत विचार**, लखनऊ : प्रदेश भर के शहरी क्षेत्रों में 8 से 10 अक्टूबर के बीच विशेष अभियान चलाकर 7,857 गोवंश को आश्रय स्थलों पर पहुंचा दिया गया हैनगर विकास विभाग द्वारा तीन दिन में जहां 1671 गोवंशों को संरक्षित किया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा पहले दिन 760, दूसरे दिन 781 व तीसरे दिन 907 गोवंशों को सुरक्षित किया। इसी प्रकार, नगर पंचायतों में पहले दिन 941, दूसरे दिन 1322 व तीसरे दिन 1475 गोवंशों को सुरिक्षत किया। सभी नगरीय निकायों में कान्हा गौशाला व पशु आश्रय स्थलों में कुल 1,40,320 गोवंश को संरक्षित करने में सफलता मिली है।

# महाकुंभ : 12 घंटे इंतजार, फिर खोए श्रद्धालुओं को घर पहुंचाएगी सरकार

## डिजिटल खोया-पाया केंद्र बनेंगे, सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित होगी जानकारी

राज्य राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : महाकुंभ 2025 में तीर्थयात्रियों के लिए राज्य सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की मंजूरी दी है। इस नई सुरक्षा व्यवस्था से खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए तकनीक और सोशल मीडिया मंचों का सहारा लिया जाएगा।

इसमें हर खोए हुए व्यक्ति का पंजीकरण तुरंत किया जाएगा और उसकी जानकारी को अन्य केंद्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और एक्स पर भी प्रसारित किया जाएगा। 12 घंटे के भीतर अगर कोई अपने खोए हुए सदस्य का दावा नहीं करता है, तो पुलिस उन्हें सुरक्षित ठिकाने तक पहुंचाएगी। यह व्यवस्था महाकुंभ मेले को न केवल सुरक्षित बनाएगी, बल्कि परिवारों को जल्दी और आसानी से अपने प्रियजनों से जोड़ने का काम करेगी।

### पहचान प्रमाणित करने पर ही प्रशासन सौंपेगा खोया व्यक्ति

कोई व्यक्ति कुंभ मेले में खोता है तो उसे सुरक्षित, व्यवस्थित और जिम्मेदार प्रणाली के तहत उसका ख्याल रखा जाएगा। किसी भी वयस्क को बच्चे या महिला को ले जाने से पहले सुनिश्चित करना होगा कि वह उसे पहचानते हैं और उनकी पहचान प्रमाणित है।

### 992 स्पेशल और 6580 प्रतिदिन ट्रेनें चलेंगी

'महाकुम्भ-2025' भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनने जा रहा है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए देशभर से भारतीय रेल द्वारा 992 स्पेशल और 6580 रेगुलर ट्रेनें चलाएगा। इसके अलावा प्रयागराज क्षेत्र से भी प्रतिदिन 140 ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

**उपलब्धि** पिछले वर्ष के मुकाबले हुई रिकॉर्ड वृद्धि

# इन्स्पायर अवार्ड मानक योजना के नामांकन में उप्र अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार**: इन्स्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक 2 लाख 10 हजार 347 नामांकन कराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश ने पिछले वर्ष 50,329 नामांकन किए थे।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य कक्षा 6 से 10 के छात्रों में नवाचार और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष का ऑनलाइन नामांकन 1 जुलाई से 15 अक्टूबर 2024 तक चलाया गया था। आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों ने पिछले वर्ष की तुलना में अधिक नामांकन किया है। प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के साथ-साथ बेसिक शिक्षा परिषद के जूनियर हाई स्कूलों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों, कम्पोजिट और संस्कृत विद्यालयों के छात्रों ने भी अपनी मौलिक और नवाचारी विचारों का ऑनलाइन नामांकन किया है।

### सर्वाधिक नामांकन में देश के 50 जिलों में यूपी के 12 जनपद

देश में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले 50 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 12 जनपद प्रमुख हैं। इनमें लखनऊ (6,086), प्रयागराज (5,555), हरदोई (4,811), आजमगढ़ (4,728), कानपुर देहात (4,726), बरेली (4,690), आगरा (4,684), बुलंदशहर (4,617), लखीमपुर खीरी (4,439), अलीगढ़ (4,424), बाराबंकी (4,098) और बिजनौर (4,057) शामिल हैं।

### छह वर्षों में प्रदेश से अब तक नामांकन

| सत्र | नामांकन संख्या |
|---|---|
| 2019-20 | 33134 |
| 2020-21 | 25166 |
| 2021-22 | 27108 |
| 2022-23 | 31932 |
| 2023-24 | 50329 |
| 2024-25 | 210347 |

### दूसरे स्थान पर राजस्थान और अंतिम पायदान पर नागालैंड

उत्तर प्रदेश ने अन्य राज्यों को पीछे छोड़ते हुए राजस्थान (1,55,415 नामांकन) और कर्नाटक (1,05,613 नामांकन) को क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर पीछे छोड़ दिया है। उत्तर प्रदेश ने राजस्थान से 54,932 और कर्नाटक से 1,04,734 अधिक नामांकन प्राप्त किए हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष से 14 अधिक नामांकन कराने वाले नागालैंड को अंतिम पायदान पर संतोष करना पड़ा है।

> **बेसिक शिक्षा से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और समुदाय के सम्मिलित प्रयास से यह उपलब्धि हासिल करने में सफलता मिली है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश के छात्रों की नवाचार की क्षमता और रचनात्मकता को दर्शाती है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।**
>
> -संदीप सिंह, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री

## अमन के परिवार को 50 लाख का आर्थिक अनुदान देने की मांग



मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के दौरान विधायक ओपी श्रीवास्तव।

**अमृत विचार, लखनऊ**: पुलिस हिरासत में मारे गए अमन गौतम के परिवार को आर्थिक मदद दिलाने के लिए विधायक ओपी श्रीवास्तव ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की।

विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस घटना को माध्यम बनकर विपक्षी दल सरकार के खिलाफ लगातार माहौल बना रहे हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर मृतक अमन गौतम की पत्नी रोशनी व उसके बच्चों के भरण-पोषण के लिए 50 लाख रुपये का आर्थिक अनुदान देने की मांग की। साथ ही पत्नी रोशनी के जीवन-यापन और आश्रित बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनकी रोजी-रोटी का स्थायी प्रबंध किए जाने की भी मांग की।

## सार-संक्षेप



प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद संजय सिंह का स्वागत करते आप पदाधिकारी।

### हर माह स्थानीय मुद्दों को लेकर होगा आंदोलन : संजय सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ** : आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्थानीय मुद्दों पर जनसमस्याओं को लेकर महीने में एक बार प्रदर्शन किया जाएगा। सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सप्ताह में एक बार प्रांत कमेटियों और माह में जिला अध्यक्षों के साथ बातचीत की जाए और हर प्रांत में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया जाएगा। राजधानी के गांधी भवन प्रेक्षागृह में बुधवार को प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी ने ग्राम सभा, वार्ड सभा, बूथ लेवल तक संगठन निर्माण के लिए कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि हर जिले के कम से कम 10 नेता, जिनमें से एक एक नेता माह में 10 ग्राम सभा की कमेटी बनाएगा। जिला कमेटी महीने में दो कार्यक्रम, एक रचनात्मक और एक संगठनात्मक कार्यक्रम करेगी। राज्य के सभी ब्लाकों में प्रदर्शन होगा, सम्मेलन में एक साल का कार्यक्रम तय किया गया। प्रांतीय सम्मेलन की अध्यक्षता लखनऊ जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने की। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, दिनेश पटेल, सोमेंद्र ढाका, इमारन लतीफ, एपी सिंह समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे।



याचिका और नियम समिति की बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष से मिलते विधायक।

### जारी रहेगा विधायक-विधायिका का सम्मान बढ़ाने का प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ** : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायक व विधायिका का सम्मान बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा। वह बुधवार को विधानभवन के समिति कक्ष में आयोजित याचिका समिति और नियम समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा समितियां संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत होती हैं। उन्होंने कहा कि समितियां सरकार के सहयोग के लिए होती हैं, इसलिए विधायकों को सार्वजनिक कार्यक्रमों में यह जानकारी दी जानी चाहिए। विकास कार्यों व जनसेवा के साथ-साथ लोगों को यह भी समझाने की आवश्यकता है कि विधायिका किस प्रकार कार्य करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों को विधानसभा लेकर आएं ताकि विधायिका के प्रति उनकी नकारात्मक धारणाएं बदल सकें। महाना ने कहा कि विधानसभा में जो मुद्दे उठते हैं, वे सरकार के विचार के लिए भेजे जाते हैं और समिति के सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वे इन मुद्दों पर पूरी गंभीरता से कार्य करें। कार्यक्रम को याचिका समिति के सदस्य अमिताभ वाजपेयी समेत अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

### कार से आए चोर 20 बैट्री चुरा कर भागे

**अमृत विचार, लखनऊ** : आशियाना सेक्टर-एच में कार से आए चोर पांच ई-रिक्शे से करीब 20 बैट्री चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह बैट्री गायब मिलने पर सीसी कैमरे की फुटेज खंगाली गयी तो कार सवार चोरों की करतूत कैद मिली। सेक्टर-एच निवासी शिवचंद्र ई-रिक्शा संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह पांच ई-रिक्शों से करीब 20 बैट्रियां चोरी होने का पता चला। उनके अलावा राज सिंह, भोला शंकर, रिंकू और विकास गौतम की ई-रिक्शा की बैट्रियां भी चोरी हुई। एक घर में लगे सीसी कैमरे चेक करने पर कार सवार चोर दिखाई पड़े। इंस्पेक्टर आशियाना क्षत्रपाल सिंह ने बताया कि फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।




मलिहाबाद से विधायिका श्रीमती जयदेवी कौशल हवन-पूजन कर साईं बाबा की अनुकम्पा की पात्र बनती हुई।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10, 9839163047 / 9956384848

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 34.4⁰ | 20.0⁰ |

### शहर में आज

- गोमती नगर के विपिन खंड स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में जनता अदालत- 10 :00 बजे।
- टीम आदाब अर्ज लखनऊ की ओर से चिनहट पॉटरी फैक्ट्री लखनऊ का दौरा- 1:00 बजे।
- झूलेलाल घाट पर सनातन महासभा की ओर से पूर्णिमा पर होने वाली गोमती आरती का आयोजन-6 :30 बजे।
- छोटे इमामबाड़े में अंजुमन हाय मातमी की ओर से हसन नसरुल्लाह की याद में शोक सभा और मजलिस- 8 :00 बजे

# ज्यादातर ट्रेनों में नो रूम, कई में वेटिंग 200 पार

## मुंबई, दिल्ली व भोपाल से आने वाली ट्रेनों में बिल्कुल जगह नहीं, थर्ड व सेकेंड एसी भी फुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दिवाली, भइया दूज और छठ त्योहार पर यात्रा के लिए टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। मुम्बई, दिल्ली, भोपाल से आने वाली ज्यादातर ट्रेनों के थर्ड एसी, सेकेंड एसी, स्लीपर क्लास में नो रूम की स्थिति है। अन्य ट्रेनों में वेटिंग 200 के ऊपर पहुंच गई है।

25 अक्टूबर के बाद मुंबई से गोरखपुर आने वाली 22538 कुशीनगर एक्सप्रेस में सभी क्लास में टिकट मिलना बंद हो गया है। यही स्थिति 15017 एलटीटी गोरखपुर एक्सप्रेस, 13202 एलटीटी पटना एक्सप्रेस, एलटीटी वाराणसी एक्सप्रेस, 15066 पनवेल एक्सप्रेस में भी है। 19037 अवध एक्सप्रेस में थर्ड एसी से सेकेंड एसी में नो रूम लगा है। 28 अक्टूबर को 22426 नई दिल्ली-अयोध्या वंदे भारत एक्सप्रेस में 138 वेटिंग है। इसी प्रकार 12420 दिल्ली से लखनऊ के बीच चलने वाली गोमती एक्सप्रेस में 150 वेटिंग चल रही है। मुंबई से लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी पटना के लिए चलने वाली सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। उधर, हवाई टिकट काफी महंगे हो गए हैं। ट्रेनें फुल होने से यात्रियों के पास विमान और रोडवेज बसों का ही सहारा है।

### 6 ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिवाली, भइया दूज और छठ त्योहार पर ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने लखनऊ से गुजरने वाली आधा दर्जन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों में 20 अक्टूबर से 20 नंबर तक स्लीपर, सामान्य श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि 14235 वाराणसी - बरेली एक्सप्रेस, 14224 वाराणसी - राजगीर एक्सप्रेस, 04217 वाराणसी - लखनऊ एक्सप्रेस स्पेशल (अयोध्या धाम के रास्ते) अप डाउन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे।

### कल से बदले मार्ग से चलेंगी तीन ट्रेनें

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के गोमतीनगर-मल्हौर स्टेशनों के बीच पुल संख्या-448 पर स्लैब कार्य के कारण इंजीनियरिंग ब्लाक लिया गया है। इससे 18 से 22 अक्टूबर तक कई ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा। वंदे भारत भी प्रभावित रहेगी। पूर्वोत्तर रेलवे के पीआरओ महेश गुप्ता ने बताया कि 18 अक्टूबर 2024 को गोरखपुर जंक्शन से चलने वाली ट्रेन संख्या 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस निर्धारित मार्ग मल्हौर-ऐशबाग-मानकनगर स्टेशनों के बजाए परिवर्तित मार्ग मल्हौर-लखनऊ (उत्तर रेलवे)- मानकनगर स्टेशनों के बीच चलाई जाएगी। यह ट्रेन लखनऊ उत्तर रेलवे स्टेशन पर 14 :30 बजे पहुंचेगी और यहां से 14 :40 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बादशाहनगर, ऐशबाग जंक्शन स्टेशनों पर नहीं जाएगी। 20 अक्टूबर को ओखा से चलने वाली 15046 ओखा-गोरखपुर निर्धारित मार्ग मानकनगर-ऐशबाग-मल्हौर स्टेशनों के बजाए परिवर्तित मार्ग मानकनगर-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-मल्हौर स्टेशनों के बीच चलाई जाएगी। यह ट्रेन लखनऊ (उत्तर रेलवे) स्टेशन पर समय 13 :15 बजे पहुंचेगी और 13 :25 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन ऐशबाग जंक्शन और बादशाहनगर स्टेशनों पर नहीं जाएगी।

### 22 को चारबाग से चलेगी गोमतीनगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर से पटना तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस 22 अक्टूबर को चारबाग से चलेगी। गोमतीनगर से मल्हौर के बीच पड़ने वाले पुल पर निर्माण कार्य के कारण ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के पीआरओ महेश गुप्ता ने बताया कि 22 अक्टूबर को गोमतीनगर से चलने वाली 22346 गोमतीनगर-पटना वन्दे भारत एक्सप्रेस गोमतीनगर स्टेशन के स्थान पर चारबाग से चलाई जाएगी। ये ट्रेन दोपहर 3:20 बजे रवाना होगी। 22 अक्टूबर को पटना से चलने वाली 22345 पटना-गोमतीनगर वन्दे भारत एक्सप्रेस गोमतीनगर स्टेशन के स्थान पर चारबाग दोपहर 2:45 बजे पहुंचेगी।

# कई इलाकों में आज रहेगा बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में जर्जर खंभे, एसएमसी बॉक्स, ट्रांसफॉर्मर को बदलने से लेकर केबल तार के मेंटीनेंस संबंधी कार्य किए जाने के कारण कई इलाकों की बिजली सप्लाई गुरुवार को बाधित रहेगी। इससे करीब 2 लाख से ज्यादा की आबादी को गुरुवार को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा।

चौक, समेसी जियामऊ, सरोजनी नगर व गोमती नगर सहित कई क्षेत्रों के फीडर और ट्रांसफॉर्मर संबंधी मरम्मत कार्य किया जायेगा।

इसके चलते इन क्षेत्रों की बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 3 बजे तक बाधित रहेगी। चौक के विक्टोरिया उपकेंद्र से पोषित इलाके की बिजली सप्लाई सुबह 9 से 11 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी। इसके चलते कश्मीरी मोहल्ला, अकबरी गेट, सर्राफा मार्केट, महमूद नगर, सोंधी टोला, लाजपत नगर सहित कई इलाके की बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। गोमतीनगर के विश्वासखंड उपकेंद्र के लोहिया चौराहा, विनयखंड-3 में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी। डालीबाग उपकेंद्र के अंतर्गत 1090 चौराहा और जियामऊ इलाके की बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। समेसी उपकेंद्र से पोषित कई क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 4 बजे तक ठप रहेगी। नगराम, रसूलपुर, हरदोइया बहरौली, भवानीखेड़ा, कमालपुर, मीरकनगर अचलीखेड़ा सहित करीब 200 गांवों की सप्लाई बंद रहेगी।

# मां को चाकू और बेटे को तमंचा लगा की लूटपाट

## नगराम के गढ़ी लोध पुरवा गांव में हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दीवार से सटे पेड़ से चढ़कर छत के रास्ते घर में घुसे तीन बदमाश
- बेटे को जान से मारने की धमकी देकर ली आलमारी की चाभी

**अमृत विचार:** नगराम के गढ़ी लोध पुरवा गांव में मंगलवार देर रात घर में घुसे बदमाशों ने तीन साल के बच्चे को तमंचा और उसकी मां को चाकू के बल पर बंधक बना लिया। बच्चे को जान से मारने की धमकी देकर अलमारी की चाभी ली और नकदी व जेवर लेकर भाग गए। बदमाशों ने करीब 30 मिनट तक लूटपाट की।

गढ़ी लोध पुरवा गांव में किनारे पर राम प्रसाद लोध का घर है। परिवार में पत्नी नन्ही देवी, बेटी, बहू रोशनी और पोता अयांश (3) हैं। बेटा ट्रांसपोर्ट नगर में नौकरी करता है। शनिवार ड्यूटी के बाद बेटा घर आता है और सोमवार सुबह चला जाता है। घर के पीछे दीवार से सटा पेड़ है। मंगलवार रात नन्हीं देवी आंगन में और रोशनी बेटे के साथ कमरे में सो रही थी। राम प्रसाद और बेटी घर के बाहर बरामदे में सोए थे। देर रात करीब 2:30 बजे तीन बदमाश पेड़ से छत से होकर घर में घुस गए। खटपट होने पर रोशनी की नींद खुद गई। बदमाशों ने उसकी गर्दन पर चाकू व अयांश की कनपटी में तमंचा सटा कर चुप करा दिया। इसके बाद अलमारी की चाभी मांगी। इनकार करने पर बच्चे को मारने की धमकी दी। सहमी रोशनी ने बदमाशों को चाभी दे दी। अलमारी खोलकर बदमाशों ने जेवर व नकदी समेटी और भाग निकले। रोशनी ने शोर मचाने पर घरवालों की नींद खुली। परिजन ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी। कुछ देर में नगराम पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बदमाशों की तलाश में कांबिंग की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पीड़ित परिवार ने 1 लाख के गहने और 5 हजार नकद लूटने की बात कही है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसी कैमरों की मदद से बदमाशों की तलाश की जा रही है। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने घटनास्थल पर जाकर पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली।



लूटपाट के बाद घर में बिखरा सामान। अमृत विचार

### कई सवालों की जांच में जुटी पुलिस

वारदात में ऐसे कई सवाल हैं, जिनकी पुलिस जांच कर रही है। बदमाश करीब आधे घंटे तक लूटपाट करते रहे, लेकिन किसी की भी नींद नहीं खुली। क्या रोशनी के कमरे में दरवाजा अंदर से बंद नहीं था। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से जांच शुरू कर दी है।

# बांग्लादेशी-रोहिंग्या के आधार कार्ड का कराया जाए सत्यापन : महापौर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अवैध तरीके से नालों के ऊपर व रेलवे लाइन के किनारे झुग्गी-झोपड़ी डालकर रह रहे बांग्लादेशी-रोहिंग्या के आधार कार्ड का सत्यापन करने के बाद उन्हें हटाया जाएगा। गलत तरीके से बनाये गए आधार कार्ड निरस्त कराये जाएं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को जोन 4 की समीक्षा बैठक में इसके निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद बड़े स्तर पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाए। क्षेत्रीय पार्षद से समन्वय स्थापित कर वेंडिंग जोन स्थल प्रस्तावित कर स्टीमेट तैयार किया जाय। महापौर ने कहा कि जो सरकारी भवन कर से छूटे हैं उन्हें चिन्हित करके नोटिस भेजकर वसूली की कार्रवाई की जाए। उन्होंने जीआईएस सर्वे में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जोनल स्वास्थ्य अधिकारी को दिवाली से पहले समस्त वार्डो के पार्कों, खाली प्लाट व भूमि पर साफ-सफाई कराते हुए पार्षदों से समन्वय स्थापित कर फॉगिंग और एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाए।

बैठक में जोन 4 के पार्षद, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, ललित कुमार, जोनल अधिकारी संजय यादव, नगर अभियंता अतुल मिश्रा, जेडएसओ पंकज शुक्ला, मुख्य अभियन्ता आरआर मनोज प्रभात, सुएज इंडिया व ईईएसएल के कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक नजर

#### समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा 21 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय अधिकारिता मंत्रालय की टीम छह राज्यों के समाज कल्याण विभाग के सचिव और निदेशकों के साथ बैठक करेगी। इसमें विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। रविवार देर शाम या सोमवार सुबह मंत्रालय की टीम के अधिकारी पहुंचेंगे। योजना भवन में 21 अक्टूबर को टीम के सदस्य आएंगे। टीम में सचिव स्तर के अधिकारी भी होंगे। सुबह 10 :30 बजे से होने वाली बैठक में उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली एवं मध्य प्रदेश के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

#### बिजली चोरी करते पकड़े गए 24 लोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली चोरी रोकने के लिए बुधवार को विभाग की ओर से डोर टू डोर कॉबिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाईपास करके बिजली चोरी कर रहे 24 लोगो के घरों की कटिया पकड़ी गई। हुसैनगंज अधिशासी अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि अशोक कुमार, फैजी खान, मोहम्मद याकूब, श्याम सोनकर, हिमांशी सोकनकर, गुफ्फार सहित मोहम्मद फैज को बिजली चोरी का दोषी पाया गया है। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

### दिन में नहीं हो रहा धूप का एहसास

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौसम का मिजाज बदलने लगा है। दिन में धूप खिलने के बाद भी गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। रात में महसूस होने लगी है। बुधवार सुबह से धूप खिली और हल्की हवा चल रही थी। अधिकतम तापमान 34 .4 और न्यूनतम तापमान 20 .0 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से .7 और न्यूनतम तापमान सामान्य से .3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि अधिकतम तापमान 33 से 34 और न्यूनतम तापमान 20 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। साथ ही रात के तापमान में गिरावट आने से ठंड का एहसास होगा।

सख्ती | एक लाख रुपये से अधिक के बकायेदारों के भवनों की होगी नीलामी

# दिवाली बाद नगर निगम कर्मी खटखटाएंगे घर का दरवाजा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- नहीं दिया बकाया गृहकर तो सील होगा मकान-प्रॉपर्टी
- सूची तैयार, कुर्की व सीलिंग की चेतावनी नोटिस जारी
- नगर निगम कर्मी डोर-टू-डोर जाकर वसूल करेंगे पाई-पाई

**अमृत विचार :** बकाया गृहकर अगर नहीं जमा किया है तो तत्काल जमा कर दें। वर्ना अब कार्यवाही तय मान लें। बकाएदारों के मकान अथवा प्रापर्टी न केवल सील होगी बल्कि उनकी नीलामी कर वसूली भी की जाएगी। अब बार-बार समय नहीं मिलेगा। दिवाली के बाद नगर निगम कर्मी गृहकर की पाई-पाई वसूलने को निकलेंगे। डोर-टू-डोर जाकर दरवाजा खटखटाएंगे।

बकाया गृहकर नहीं जमा किया तो मकान और दुकान सील भी करेंगे। जिन भवनों पर एक लाख से अधिक गृहकर बकाया है और उन्हें दो साल हो गए हैं तो वह इस खबर को तत्काल संज्ञान लें और समय से पैसा जमा कर दें। नगर निगम ने बड़े बकाएदारों को फिलहाल चेतावनी नोटिस जारी कर दी है। साथ ही भवनों और प्रापर्टी पर नोटिस चस्पा करना शुरू कर दिया है। यही नहीं बकायेदारों की सूची भी समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा रही है। दिवाली के बाद गृहकर वसूली के लिए जोरदार अभियान चलेगा। इस आशय के दिशा-निर्देश महापौर सुषमा खर्कवाल ने जारी कर दिए हैं।

> दिवाली के बाद गृहकर वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा। टीमें घर-घर जाकर बकाया गृहकर जमा कराएंगी। बकाया जमा न करने पर भवन व दुकान सील की जाएंगी। इसके बाद भी बकाया जमा न करने पर नगर निगम 1 लाख से ज्यादा के बकायेदार का भवन नीलाम करके बकाया धनराशि की वसूली करेगा।
>
> -अशोक सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, लखनऊ नगर निगम

**1 अप्रैल से 14 अक्टूबर 2024 तक वसूली गई जोनवार राशि**

| जोन | भवन | धनराशि (रुपये) |
|---|---|---|
| 1 | 23905 | 30,53,97,948 |
| 2 | 22718 | 11,61,60,179 |
| 3 | 57434 | 36,15,68,782 |
| 4 | 40693 | 64,12,02,541 |
| 5 | 29431 | 17,72,50,711 |
| 6 | 45422 | 18,30,13,605 |
| 7 | 52194 | 29,11,68,984 |
| 8 | 53032 | 73,94,98,936 |
| कुल | 3,24,829 | 2,81,52,61,687 |

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### पीसीएस-2024 प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ :** इस महीने 26 अक्टूबर को होने वाली पीसीएस-2024 की प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्षदेव पाण्डेय ने विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने परीक्षा दिसंबर में होने की संभावना व्यक्त की गई है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि जनपदों में मानक के अनुसार परीक्षा केंद्र मिलने पर परीक्षा तिथि और कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

### भाषा विश्वविद्यालय के छात्र का चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों को नौकरी मिली और एक ने यूजीसी नेट में सफलता प्राप्त की है। कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं। अरबी विभाग के अध्यक्ष प्रो. मसूद आलम ने बताया कि विभाग के छात्र मोहम्मद आरिज़ का चयन अपात्रा टेकबुक्स इंटरनेशनल प्राइवेट, कंपनी नोएडा में अरबी भाषा के एक्सपर्ट के रूप में हुआ है। मोहम्मद सोलह ने यूजीसी की नेट में सफलता हासिल की है।

### बीबीयू में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आजादी का अमृत महोत्सव समिति की ओर से बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में आशुभाषण व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. शिव शंकर यादव, डॉ. विभूति नारायण व मंजरी राज निर्णायक रहीं। प्रो. ओपीबी शुक्ला व डॉ. प्रदीप कुमार समन्वयक रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में समन्वयक डॉ. बबिता पाण्डेय व डॉ. शिखा तिवारी रहीं।

### सिटी मांटेसरी की गीता गांधी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन को नई दिल्ली में आयोजित इण्डिया ग्लोबल एलायन्स फोरम में प्रमुख वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया। उन्होंने एक्सपैंडिंग एक्सेस टु रिगर-ए स्टूडेन्ट फर्स्ट एप्रोच विषय पर कहा कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल अपने छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण के विकास एवं उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रयासरत है। प्रो. किंगडन के साथ स्पेन के मिगुएल कोस्टा, इण्डियाना यूनिवर्सिटी के एसोसिएट वाइस प्रेसीडेन्ट फॉर इण्टरनेशनल सर्विसेज श्री जॉन विल्कर्सन, रेयान ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन के डायरेक्टर डा. स्नेहल पिन्टो ने भी व्यक्त किए।

### बीबीएयू में एनसीसी ब्वॉयज कैडेट्स का नामांकन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में एनसीसी ब्वॉयज कैडेट्स का नामांकन हुआ। इसमें कैडेट्स की शारीरिक लंबाई, 800 मीटर की दौड़ व लिखित परीक्षा कराई गई। 67 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ की तरफ से कर्नल जेपी मिश्रा, एसोसिएट एनसीसी आधिकारी ले. डॉ. मनोज कुमार डडवाल, सूबेदार जितेन्द्र गुप्ता, हवलदार आनन्द प्रताप, आनन्द सी. एचम मौजूद रहे।

### विद्यार्थी परिषद ने बहराइच की घटना की निंदा की

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहराइच के महसी में मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव और साम्प्रदायिक हिंसा को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने निंदा किया है। विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने उक्त घटना को शर्मसार करने वाली घटना बताया है। उन्होंने इस घटना में शामिल सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग किया है। जिससे सामाजिक सौहार्द खराब करने वालों को सबक मिल सके।

### कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के कार्यालय का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजाजीपुरम में गुरुवार को शहर कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ के शहर कार्यालय का उद्घाटन उपाध्यक्ष प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह एवं प्रदेश चेयरमैन श्रम प्रकोष्ठ नरेंद्र दत्त त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ मोहम्मद आरिफ खान, गजाला सिद्दीकी, अभिजीत कुमार बरुआ, राम नरेश मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड में अगले सत्र से लागू हो सकती है नई शिक्षा नीति

- पाठ्यक्रम और अंकपत्र में बदलाव पर मंथन कर रहे विशेषज्ञ
- अगस्त में एक कार्यशाला हो चुकी है, इस महीने दो और होनी हैं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अगले सत्र से नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जा सकती है। इसके लिए परिषद ने खाका तैयार कर लिया है। इसके साथ ही यूपी बोर्ड नई शिक्षा नीति -2020 लागू करने वाला देश का पहला माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बन जाएगा।

नई शिक्षा नीति लागू होने पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रमों में बदलाव होगा। परीक्षा प्रणाली से लेकर अंक पत्रों में भी परिवर्तन किया जाएगा। अंकपत्र में केंद्रीय बोर्ड की तरह ग्रेडिंग और क्रेडिट दिए जाएंगे। नई शिक्षा नीति के तहत होने वाले बदलावों के लिए बोर्ड ने विशेषज्ञों का पैनल बनाया गया है। इसे लेकर अगस्त में कार्यशाला हो चुकी है। 28 और 29 अक्टूबर को कार्यशाला आयोजित की जाएगी। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि हाईस्कूल में 10 और इंटरमीडिएट में सात विषय लागू करने पर मंथन चल रहा है। मूल्यांकन प्रणाली पर भी चर्चा चल रही है।

### आज डेढ़ लाख प्राथमिक स्कूलों में होगा रामायण पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** वाल्मिकी जयंती पर बेसिक शिक्षा परिषद के करीब डेढ़ लाख प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वाल्मिकी रामायण का पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पठन पाठन नहीं होगा। इस संबंध में सचिव बेसिक शिक्षा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। वाल्मिकी से संबंधित वृहद कार्यक्रम, भजन-कीर्तन, रामायण पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत, चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। दीपावली के अवसर पर 29, 30 और 31 अक्टूबर को विद्यालयों में अवकाश रहेगा।



छात्र और छात्राओं के विज्ञान के मॉडल देखते शिक्षक। अमृत विचार

### बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए विज्ञान के 160 मॉडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर अलीगंज में विज्ञान मेला के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के 160 मॉडल और नवाचार प्रस्तुत किए। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान की घोषणा और पुरस्कार का वितरण गुरुवार को किया जाएगा। इसी के साथ विज्ञान मेला का समापन सत्र आयोजित होगा। अलीगंज सेक्टर क्यू स्थित विद्या मंदिर में विज्ञान मेला 15 अक्टूबर से चल रहा है। इसमें 49 जिलों के छात्रों से विज्ञान संबंधित विविध विषयों पर उनके ज्ञान स्तर की परीक्षा ली जा रही है। मेले में विजयी प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के मेले में प्रतिभाग करेंगे। ये मेला राजस्थान के जयपुर में होगा।

## इंजीनियरिंग माइंडसेट विषय पर हुआ व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में इंजीनियरिंग माइंडसेट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सुजीत मिश्रा ने छात्रों को बताया कि इंजीनियरिंग एक ही चीज को अलग-अलग नजरिए से देखने का नाम है। हमारा माइंडसेट ही हमारे अंदर प्रचलित व भविष्य जीवन के अनुकूल चीजों के बीच अंतर पहचानने की क्षमता विकसित करता है। अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय के डीन प्रो एके सिंह ने आभार प्रकट किया।

# मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लविवि जीता

## फाइनल में राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय को हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रथम अटल बिहारी वाजपेयी नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय का विधि संकाय विजेता बना। छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित प्रतियोगिता में 34 टीमों ने प्रतिभाग किया। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम में शामिल आकर्षि गुप्ता, कोमल तिवारी और सौम्या वर्मा ने बाजी मारी। टीम ने सेमीफाइनल में एनएलयू दिल्ली और फाइनल में राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय को पराजित किया। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने टीम को विजेता ट्रॉफी और 51,000 रुपये नकद पुरस्कार दिया।



पुरस्कार लेते मूट कोर्ट प्रतियोगिता के विजेता। अमृत विचार

### संभाषण प्रतियोगिता में संजीता प्रथम

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दृष्टिबाधित लोगों के सहायता के लिए विश्व सफेद छड़ी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विषय पर संभाषण प्रतियोगिता भी हुई। स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता, और समाज में समावेषिता विषय पर छात्रों ने व्हाइट केन के महत्व पर विचार व्यक्त किए। सह आचार्य दृष्टिबाधितार्थ विभाग डॉ. आद्या शक्ति राय निर्णायक रहे। प्रथम स्थान संजीता विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान दिव्या पांडे व चन्दन कुमार, तृतीय स्थान हरिओम ने प्राप्त किया। अधिष्ठाता विशेष शिक्षा संकाय डॉ. कौशल शर्मा व विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. सीके दीक्षित के साथ साथ दृष्टिबाधितार्थ विभाग के आशीष कुमार गुप्ता, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. सुधा राव, पूनम चौरसिया मौजूद रहीं।

## भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति को मिला पर्यावरण श्री सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पृथ्वी इनोवेशंस और टेरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने की जबकि टेरी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ पी के भट्टाचार्य मुख्य अतिथि रहे। पल्लवी सिंह विशेष अतिथि रहीं। पृथ्वी इनोवेशन ने कुलपति को पर्यावरण के संरक्षण व कैंपस में न्यूट्री गार्डेन व पोषण वाटिका के स्थापना के लिए पर्यावरण श्री से सम्मानित किया। विश्वविद्यालय में ग्रीन कैंपस मॉडल को स्थापित करने के लिए डॉ नलिनी मिश्रा की सरहाना की गई।

# छात्रों को बताए साइबर सुरक्षा के तरीके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से सीडैक और इनोवेशन हब के सहयोग से वन डे मास्टर्स ट्रेनर ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन साइबर सेफ का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और छात्रों ने भागीदारी की। विशेषज्ञों ने कहा कि विविध तरीके से और बहुत तेजी से साइबर क्राइम बढ़ रहा है।

मुख्य अतिथि डीआईजी साइबर क्राइम पवन कुमार ने उद्घाटन किया। उन्होंने विभिन्न तथ्यों के आधार पर साइबर खतरे पर प्रकाश डाला। बताया कि आज के दौर में साइबर क्राइम दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में एक है। साइबर क्राइम को रोकने में दो तरीके काफी मदद कर सकते हैं।

पहला मोबाइल नंबर जिसके नाम है वही उपयोग करें। इसी तरह बैंक खाता जिसका है वही संचालित करे। एसपी साइबर क्राइम राजेश कुमार यादव ने कहा कि हम डिजिटल युग में जी रहे हैं। पूर्व आईपीएस और एफसीआरएफ के चीफ मेंटॉर प्रो त्रिवेणी सिंह ने कहा कि साइबर सुरक्षा को लेकर पूरी दुनिया चिंतित है। वित्त अधिकारी केशव सिंह ने भी साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक होने को सबसे जरूरी बताया। सीडैक के एम जगदीश बाबू ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न तरीके बताए। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने भी मार्गदर्शन दिया। अतिथियों का स्वागत एसो डीन इनोवेशन डॉ अनुज कुमार शर्मा ने किया। संचालन वंदना शर्मा और धन्यवाद इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने दिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ – उ.रे. – मण्डल – वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | PnU-LKO-BSB-Toi-47-24-3 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3209/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## प्रशांत मिस्टर आकृति बनीं मिस फ्रेशर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में एमएससी वनस्पति विज्ञान के छात्रों ने बॉलीवुड ग्लैमर थीम पर फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया।

विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य उपस्थित रहे। थीम के अनुरूप छात्रों ने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। मिस्टर फ्रेशर प्रशांत शुक्ला और मिस फ्रेशर आकृति गुप्ता चुनी गईं। प्रतिभा करने वाले अन्य छात्रों को कई अन्य उपाधियों से नवाजा गया।

# एपी सेन मेमोरियल कॉलेज में हुई संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज में समकालीन भारतीय समाज मुद्दे और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को तकनीकी ज्ञान में निपुण बनाने के लिए पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विचार व्यक्त किए। शुरुआत प्राचार्या प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव ने की। उन्होंने छात्राओं को राजनीतिक चुनौतियां और राष्ट्रवाद पर अपने तर्कसंगत विचारों से अवगत कराया। प्रोफेसर श्वेता तिवारी ने वर्तमान भारतीय समाज की स्थिति और दशा पर विवरण प्रस्तुत किया। शैरिल नाज, शिवानी, पायल, निहारिका, नेहा, डॉक्टर कीर्ति गौड़, प्रोफेसर रश्मि श्रीवास्तव, डॉ ऋचा मुक्ता, नर्मदा मौर्या और 150 छात्राएं उपस्थिति रहीं।



एपी सेन कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में विचार रखतीं वक्ता।

### अच्छे और बुरे स्पर्श पर कार्यशाला आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के प्रो बोनो क्लब ने डॉ. आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में न्यूवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलीगंज में बच्चों की सुरक्षा, अच्छे और बुरे स्पर्श विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत उपयोगी होते हैं। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित और जागरूक बनाना, पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों को समझाना और स्कूल प्रशासन की भूमिका को रेखांकित करना था। छात्र समन्वयक वंशिका गौड़ और सुमित सिंह की देखरेख में हुई कार्यशाला में मोहम्मद अफजल हसन, श्रेया, साक्षम, विशेष, कृतिका, वैशाली और सानिध्य शामिल थे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/सा0/, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.-1, निविदा सं0:** वमंविइ--लजं0-33-2024, **कार्य का विवरण:** पू0उ0रे0 के लखनऊ मंडल में प्लेटफार्म लाइटिंग (30/70%) और स्ट्रीट लाइटिंग, पम्प, लिफ्ट, एस्केलेटर, सब स्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य उपकरणों की निगरानी और नियंत्रण (भारतीय रेलवे मूल आईओटी आधारित उपज विश्लेषण टेलीमेट्री, रिकार्डिंग और नियंत्रण-आईआर-नियंत्रक) के लिए आईओटी उपकरणों/इंटेलिजेंट फील्ड डिवाइसेस (आईएफडी) का प्रावधान।, **अनुमानित लागत :** ₹ 3,52,19,770.94, **बयाना राशि:** ₹ 3,26,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ 0.00, **कार्य सम्पादन की अवधि :** 04 माह, **क्र.सं.-2, निविदा सं0:** वमंविइ--लजं0-सीएचजी-01-2024, **कार्य का विवरण:** लखनऊ तथा गोरखपुर डिपो के एलएचबी ट्रेनों की पेंट्री कार में लगे उपकरणों और लखनऊ डिपो के तेजस एक्सप्रेस के मिनी पेंट्री के उपकरणों का ट्रिप मेन्टेन्स तथा करेक्टिव मेन्टेन्स का एक (01) वर्ष के लिए कार्य।, **अनुमानित लागत:** ₹ 40,23,652.98, **बयाना राशि:** ₹ 80,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ 0.00, **कार्य सम्पादन की अवधि :** 12 माह, **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 08.11.2024 को 15.00 बजे। **नोट:** • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http//:www.ireps.gov.in. को देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य लखनऊ**

**मुजाधि/विद्युत-152**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-17-सीनि0डी0ई0ई0-लखनऊ-24 |
| कार्य का नाम: ओएचई संशोधन कार्य के सम्बन्ध में अमेठी-राय बरेली-लखनऊ खंड में एलसी गेट संख्या 152/सी एवं 159/सी एवं 172/सी के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध में। | |
| अनुमानित लागत | रु.43,42,411.69 |
| बयाना राशि | रु.86,900.00/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 14.11.2024 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |
| पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करता: निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं टीआरडी-17-सीनि0डी0ई0ई0-लखनऊ-24

दिनांक: 15.10.2024

3207/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## समस्याओं के निदान को किसानों ने दिया धरना

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट ने किसान, मजदूरों की समस्याओं के निदान के लिए बुधवार को ईको गार्डन में धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राम सजीवन वर्मा के नेतृत्व में 12 सूत्री मांग पत्र भी एसीपी को सौंपा गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि कन्नौज जिले के फतेहपुर जसोदा हाईवे के दोनों ओर अधूरा है, इससे 25 गांवों के लोग परेशान हैं। निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए। किसानों पर लगाई गई जीएसटी समाप्त की जाए। सीनियर सिटीजन को रेलवे के किराये में पूर्व की भांति 40 प्रतिशत छूट दी जाए और अग्निवीर सेना भर्ती समाप्त हो।

बाराबंकी की बुढ़वल चीनी मिल को बनाया जाए। गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति कुंटल करना मुख्य मांगें रहीं। प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह, हरगोविंद कुशवाहा, प्रदेश महामंत्री हरेन्द्र सिंह, प्रमोद कढेरिया, घनासिंह यादव, विजय सिंह यादव, श्रीपाल सिंह उपस्थित रहे।

## जागरुकता और परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में कृत्रिम अंग व पुनर्वास केन्द्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स व आर्थोटिक्स माह के उपलक्ष्य में प्रोस्थेटिक्स आर्थोटिक्स और शारीरिक विकृतियों के विषय पर कार्यक्रम किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रोफेसर वीके सिंह, प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, अंजनी कुमार मिश्रा व कीर्ति पाठक उपस्थित रहे। डॉ. रणजीत कुमार, कार्यशाला प्रबन्धक ने दिव्यांगता के प्रारम्भिक लक्षण व कृत्रिम अंग व प्रत्यंग की महत्ता के विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। आयोजन गार्गी खरे, सहायक आचार्य व राजकमल, डिमान्सट्रेटर के समन्वयन में किया गया।




# नए कॉलेजों और पाठ्यक्रमों की समय सारिणी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नए महाविद्यालयों और संस्थानों की स्थापना और मौजूदा कॉलेजों में नए स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शुरुआत के लिए शैक्षिक सत्र 2025-26 की समय सारिणी जारी कर दी गयी है।

सारिणी के अनुसार विश्वविद्यालयों को नए पाठ्यक्रमों के लिए अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2024 तक अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करना होगा। भूमि अभिलेखों के सत्यापन और निरीक्षण रिपोर्ट समेत अन्य प्रक्रियाओं के निर्धारण की भी समय सीमा निर्धारित है। यह जानकारी देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को बताया कि 16 दिसंबर से 20 जनवरी 2025 तक भूमि अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाएगा। प्राप्त अनापत्ति प्रस्तावों को 7 दिनों के भीतर जिलाधिकारी को सत्यापन के लिए भेजा जाएगा और एक महीने के भीतर सत्यापन रिपोर्ट संबंधित विश्वविद्यालय को ऑनलाइन भेज दी जायेगी। 31 जनवरी 2025 तक अनापत्ति आदेश ऑनलाइन जारी किया जाएगा। प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को भूमि संबंधी अभिलेखों के सत्यापन के निर्देश दिए, जिसमें खतौनी का सत्यापन, संयुक्तता प्रमाण पत्र, और स्थलीय सत्यापन शामिल है।

### 10 फरवरी तक की जा सकेगी अपील

शिक्षा मंत्री ने बताया कि यदि किसी विश्वविद्यालय के निर्णय के विरुद्ध अपील करनी हो तो 10 फरवरी 2025 तक शासन में अपील की जा सकती है, जिसे 20 फरवरी 2025 तक निस्तारण कर दिया जाएगा। अगले 28 फरवरी 2025 तक निरीक्षण मण्डल के गठन के लिए आवेदन किया जाएगा और 5 मार्च तक विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जाएगा। 5 अप्रैल 2025 तक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और 20 अप्रैल 2025 तक सम्बद्धता दी जाएगी। सम्बद्धता से संबंधित अपीलें 31 मई 2025 तक निपटाई जाएंगी।


**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-1**

**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक: 1129/EE-1/नि0 दिनांक: 16/10/2024

**(अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि0 23/10/2024 अपराह्न 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 23/10/2024 को अपराह्न 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सम्बन्धित कार्य के निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (नॉन रिफंडेबल) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लेखित है, जोकि भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी दशा में समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-1 में बालू अड्डा क्षेत्र में डा0 रोहित भाटिया क्लीनिक सोसायटी पार्क के पास एक मिनी नलकूप की बोरिंग (200 एमएम) का कार्य। | रू0 450/- | रू0 8400/- | 7 दिवस |
| 2 | जोन-1 में बालू अड्डा क्षेत्र में डा0 रोहित भाटिया क्लीनिक सोसायटी पार्क के पास एक मिनी नलकूप की बोरिंग (200एमएम) के उपरान्त पुनर्विकास कार्य, पी-ग्रेविल एवं अन्य मैकेनिकल कार्य। | रू0 450/- | रू0 8500/- | 7 दिवस |
| 3 | जोन-1 में बालू अड्डा क्षेत्र में डा0 रोहित भाटिया क्लीनिक सोसायटी पार्क के पास एक मिनी नलकूप की बोरिंग (200एमएम) के उपरान्त बाईपास सिस्टम की आपूर्ति व अधिष्ठापन तथा अन्य विद्युत/सिविल सम्बन्धी कार्य। | रू0 350/- | रू0 6800/- | 7 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-1**

**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHD ZAID था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD ZAID रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: MASROOR AHMAD, R/O-MOHALLA HUJJAJI PURVI 2, DEWA SHARIF BARABANKI**

**सूचना**

मैने अपना नाम JORIL SHATAB W/o ZURIEL SHATAB नि0-A-3 AFROZ APARTMENT, KHURRAM NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH से बदल कर ZURIEL SHATAB s/o MOHAMMAD SHATAB कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **धर्मराज सुत स्व0 रामदत्त, निवासी-मोहल्ला खैराबाद, मकान नम्बर-2104 राहुल टाकीज के पीछे परगना मीरानपुर तहसील सदर** मेरे दो लडके गुड्डू उर्फ दुर्गा प्रसाद व भोले कुमार है। मेरा पहला लडका गुड्डू उर्फ दुर्गा प्रसाद विगत 10-12 साल से मेरे साथ नहीं रहता है और एक मुसलमान की लडकी से शादी करके अपना धर्म परिवर्तन करते हुए बाहर रह रहा है। अपने लडके के उपरोक्त कृत्य से अजिज आकर अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से अपने लडके गुड्डू उर्फ दुर्गा प्रसाद को बेदखल करता है कि आज के बाद से गुड्डू उर्फ दुर्गा प्रसाद का मेरे व उसके परिवार तथा उसकी सम्पत्ति से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने मझले पुत्र पिन्टू को गलत चाल -चलन के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **होली पुत्र रामनरेश ग्राम गुलरिहा पुरैना जनपद-बलरामपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम उदयाचल था जिसे बदलकर मैंने अपना नाम उदयाचल दिवेदी (UDAYACHAL DIWEDI) रख लिया है। भविष्य में मुझे उदयाचल दिवेदी (UDAYACHAL DIWEDI) के नाम से जाना पहचाना जाए। **- उदयाचल दिवेदी** (UDAYACHAL DIWEDI), **पुत्र बजरंगबली, पता - 165, ग्राम भिटारी, पोस्ट कल्याणपुर केवटानी, तहसील - मिल्कीपुर, जिला अयोध्या।**

**सूचना**

मैं, रोहित कुमार मिश्रा No- 7789208H Rank L/NK (MP) के शैक्षणिक प्रपत्र व सर्विस सेवा प्रपत्र में मेरे पिता का नाम श्रीचन्द मिश्रा (SRICHAND MISHRA) व माता का नाम सुशीला देवी (SUSHILA DEVI ) लिख गया है जबकि मेरे पिता का सही नाम श्रीचन्द्र मिश्रा (Shri chandra Mishra) व माता का नाम सुशीला मिश्रा (Susheela Mishra) है। अतः मेरे प्रपत्र व भविष्य के सभी कार्यो में सही-सही नाम Shri chandra Mishra व माता का नाम Susheela Mishra लिखा व पढ़ा जाय।

**सूचना**

मेरी एल आईसी पॉलिसी 214514063 में मेरा नाम संतोष कुमार वर्मा लिखा है जो कि घरेलू नाम है। आधार अभिलेख के अनुसार मेरा सही नाम अशोक कुमार है। मैं दोनों नाम से जाना पहचाना जाता हूं। **-अशोक कुमार पुत्र शिव दर्शन निवासी पूरे सोमवंशी, रैसी पोस्ट भीरा गोविंदपुर रायबरेली।**

## एक नजर

### लोगों ने दो लुटेरों को दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊः** कृष्णानगर स्थित फीनिक्स मॉल के पास युवक का लॉकेट छीनकर भाग रहे दो आरोपियों को लोगों ने दबोच लिया। आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम समीर कुमार निवासी बदालीखेड़ा सरोजनीनगर और भारत कोहली निवासी दिल्ली हालपता बदालीखेड़ा बताया। पुलिस ने उनके पास से जेवर और 1500 रुपए बरामद किए हैं।

### घर में छिपा था जिला बदर अपराधी

**अमृत विचार, लखनऊः** कैंट पुलिस ने घर में छिप कर रह रहे जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार किया है। एसओ कैंट गुरप्रीत कौर ने बताया कि निलमथा निवासी विकास सिंह के खिलाफ चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। 28 सितंबर को विकास सिंह को तीन महीने के लिए जिला बदर किया गया था। इसके बाद भी वह घर में छिपा था।

### दुबग्गा बाईपास पर मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊः** दुबग्गा बाईपास पर बुधवार सुबह युवक का शव पड़ा मिला। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि हरदोई-सीतापुर बाईपास सर्विस लेन पर 30 वर्षीय युवक का शव मिला। जिसकी पहचान कराने का प्रयास पुलिस कर रही है।

### चाकू से हमला करने वाला वृद्ध गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** वजीरगंज पुलिस ने बुजुर्ग पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी वृद्ध को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि गोलागंज निवासी अजहर मेंहदी रिजवी (85) ने बुजुर्ग मौलाना फरीद मेंहदी पर चाकू से हमला किया था।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**अमृत विचार, नगराम:** नगराम पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित चल रहे वारंटी मुकेश कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद और सतेन्द्र कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम काजीखेड़ा मजरा बधौली दिन बुधवार को पुलिस ने उनके घरों से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# पहला निकाह छिपाकर रचाया दूसरा, विरोध पर दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** कैसरबाग में पति ने पहली पत्नी के होने की बात छिपाकर दूसरा निकाह किया। 11 माह बाद पहली पत्नी के घर आने की बात महिला को पता चली तो विरोध किया। इसपर आरोपी ने तीन तलाक देकर दूसरी पत्नी को भगा दिया। वहीं, मदेयगंज थाने में महिला ने शारीरिक रूप से कमजोर पति के खिलाफ तीन तलाक की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

मोहनलालगंज निवासी पीड़िता का निकाह वर्ष 2023 में कैसरबाग निवासी मो. तारिक अंसारी से हुआ था। 9 अक्टूबर को तारिक ने जरीना को घर से जाने के लिए कहा। पूछने पर कहा कि करीब 8 वर्ष पहले उसने निकाह किया था। कुछ वक्त पूर्व पहली पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी। जिससे तलाक नहीं हुआ है। अब पहली पत्नी घर लौटना चाहती है। बात नहीं मानने पर वह धमका रहा है। इसी वजह से तारिक ने जरीना को घर से जाने के लिए कहा। बात नहीं मानने पर मारपीट करते हुए तीन तलाक देकर भगा दिया। इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर तारिक, उसके भाई आसिफ और दिलशाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

▸▸ मदेयगंज में शारीरिक रूप से अक्षम पति ने दोस्तों से संबंध का बनाया दबाव

वहीं, खदरा निवासी पीड़िता का निकाह सहारनपुर निवासी युवक से 29 दिसंबर 2023 में हुआ था। परिवार की रजामंदी से हुए निकाह के वक्त करीब 2 लाख रुपये नकार और 4 लाख का सामान दिया गया था। आरोप है कि ससुराल पहुंचने के बाद पति ने महिला से दूरी बनाना शुरू कर दिया। काफी प्रयास के बाद डॉक्टर से चेकअप कराने के लिए वह राजी हुआ। जांच में पता चला कि पति शारीरिक रूप से अक्षम है। शारीरिक कमजोरी की बात छिपा कर शादी करने पर महिला ने विरोध किया था। जिस पर आरोपी ने पत्नी पर दोस्तों से संबंध बनाने का दबाव बनाया। बात नहीं मानने पर मारपीट कर मायके छोड़ गया। फिर स्टांप पेपर पर तीन तलाक लिखकर भेज दिया। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति के खिलाफ मुस्लिम महिला एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर में घुसकर छात्रा से की छेड़छाड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** निजी स्कूल की इण्टर की छात्रा का युवक ने जीना दुभर कर दिया है। आरोपी ने फोन कर मिलने का दबाव बनाया। इनकार पर मंगलवार को बेखौफ युवक घर में घुस छेड़छाड़ की। विकासनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सेक्टर-एन निवासी छात्रा निजी स्कूल में पढ़ती है। पिता ने बताया कि बेटी के स्कूल और कोचिंग आने-जाने के दौरान प्रियांशु पटेल पीछा करता था। विरोध करने पर आरोपी सरेराह छेड़छाड़ करते हुए मिलने का दबाव बनाता था। किसी तरह प्रियांशु ने उसका नंबर हासिल कर फोन करके धमकाया। मंगलवार दोपहर छात्रा मां के साथ घर पर थी। तभी दीवार फांद कर प्रियांशु घर में घुस गया। शोहदे को देख कर छात्रा सहम गई और बचने के लिए भागी। जिस पर आरोपी ने उसे दबोचते हुए छेड़छाड़ की। बेटी की चीख सुनकर मां दौड़ी। मां ने प्रियांशु को पकड़ने का प्रयास किया तो वह धक्का देकर भाग निकला। एसओ विपिन सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# भाजपा नेता के घर में घुसकर हमला, की हवाई फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लूटपाट का आरोप, बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** बिजनौर स्थित गुडौरा में बीजेपी नेता मनीष यादव के घर में घुसकर गांव के कुछ लोगों ने हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची मां के साथ भी धक्का मुक्की की। इसके बाद लूट कर हवाई फायरिंग करते हुए धमकी देकर फरार हो गए। इंस्पेक्टर अरविंद राणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

पीड़ित मनीष ने बताया कि बुधवार दोपहर गांव के श्यामू यादव, अंकुल यादव, राहुल समेत अन्य चार लोग साथियों के साथ घर के गेट पर आकर गाली-गलौज करने लगे। उनकी मां ने विरोध किया तो धक्का-मुक्की कर घर में घुस गए। चीख पुकार सुनकर मनीष बाहर आए तो हमलावरों ने जेब में रखे हुए 10 हजार रुपये और चेन लूट ली। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो हवाई फायरिंग कर फरार हो गए। पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# युवक ने खुद को मारी गोली, मौत

## पुलिस ने तमंचा कब्जे में लिया, मड़ियांव के फैजुल्लागंज का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मड़ियांव के फैजुल्लागंज में मंगलवार देर रात अवैध तमंचे से अबरार उर्फ इमरान (25) ने सीने पर गोली मारकर जान दे दी। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से घटनास्थल पर पड़ताल करने के बाद तमंचा बरामद कर लिया है।

एसीपी अलीगंज बृज नारायण सिंह ने बताया कि मूल रूप से सीतापुर के खैराबाद के जलालपुर बनका गांव निवासी अबरार उर्फ इमरान फैजुल्लागंज स्थित सिन्हा कालोनी निवासी बड़े भाई मुस्तफा के साथ रहता था। यहां रहकर वह कबाड़ी का काम करता था। भाई मुस्तफा ने बताया कि मंगलवार देर रात वह सो रहा था। गोली की आवाज सुनकर जागा। दूसरे कमरे में गया तो देखा कि खून से लथपथ अबरार जमीन पर पड़ा हुआ था।

▸▸ दूसरे कमरे में भाई था मौजूद, गोली की आवाज सुनकर पहुंचा



### दो दिन पहले तोड़ा था मोबाइल

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि अबरार किसी बात को लेकर तीन-चार दिन से परेशान चल रहा था। दो दिन पहले गुस्से में उसने अपना मोबाइल तोड़ दिया था। इसपर परिजन ने परेशानी का कारण पूछा था, लेकिन कुछ बताया नहीं था। अबरार तमंचा कहां से लाया था। इसकी जानकारी किसी को नहीं है।

यह देख घर में चीख-पुकार मच गई। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मौके पर जांच की गई, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। न किसी को वीडियो कॉल या मैसेज किया था। ऐसे में आत्महत्या का कारण पता लगाया जा रहा है। साथ में पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटा रही है कि अबरार के पास तमंचा कहां से आया।

**पोस्टमार्टम में कमर में फंसी मिली गोली** पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। डाक्टरों को मृतक की कमर में गोली फंसी मिली है। आशंका है कि अबरार ने खड़े होकर खुद पर फायर किया है, जिससे गोली ऊपर से नीचे की तरफ गई है। इससे अबरार की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### संदिग्ध हालात में व्यक्ति की मौत, हत्या की आशंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी इलाके के भैसोरा गांव में मुर्गी फार्म हाउस में राजेश (41) की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन ने फार्म मालिक से रुपयों के विवाद में हत्या की आशंका जताई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मूल रूप से सीतापुर के कोथावां संदना निवासी राजेश छोटे भाई नंदराम के साथ मुर्गी फार्म पर काम करता था। राजेश शराब का लती था। मंगलवार देर रात नंदराम अपने घर से लौटा तो काफी देर तक दरवाजा खटखटाता रहा। कोई जवाब न मिलने पर वह बाउंड्री वाल फांदकर अंदर गया। राजेश को तख्त पर लेटा देखकर वह बगल के बिस्तर पर सो गया। सुबह करीब आठ बजे तक राजेश नहीं उठा। राजेश को जगाने का प्रयास किया। शरीर में कोई हरकत न होने पर मालिक को सूचना दी। इसके बाद राजेश को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। साले अंकुश ने हत्या की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कि घरवालों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दिन में मोमो का ठेला और रात में करते थे लूट



हजरतगंज पुलिस की हिरासत में आरोपी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सिविल अस्पताल के सामने युवती का मोबाइल लूटने वाले तीन लुटेरों को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दिन में मोमो का ठेला लगाते थे और अंधेरा होते ही लूट करने लगते थे।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में गौरव सिंह मेहरा निवासी तोपखाना कैंट, अंश बहादुर निवासी नेपाल हालपता नीलमथा कैंट और सम्राट दास निवासी पश्चिम बंगाल हालपता कटेहारी बाग कैंट हैं। आरोपी अंश और सम्राट कैंट में मोमो का ठेला लगाते हैं। शाम होते ही वह शिकार पर निकल जाते हैं। मंगलवार शाम निजी कंपनी कर्मी आंचल मिश्रा से सिविल अस्पताल के सामने बाइक सवार बदमाशों ने पर्स छीनने का प्रयास किया। असफल होने पर बदमाश सम्राट नीचे उतरा और मोबाइल छीनकर धक्का देकर साथियों संग भाग निकला था। सीसी कैमरों में लुटेरों की करतूत कैद हो गई थी। फुटेज में कैद बाइक की मदद से पुलिस ने अंश को पकड़ा, फिर अन्य दोनों साथी भी गिरफ्तार किए गए।

### बाउंसरों में मारपीट लूट का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन में दो बाउंसरों में मारपीट हो गई। जिसमे एक बाउंसर घायल हो गया। पीड़ित ने लूट कर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी बाउंसर को गिरफ्तार कर लिया है।

सेक्टर- एच निवासी आनंद मिश्रा बाउंसर का काम करते हैं। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार को वह ड्यूटी से लौटने के बाद टेढ़ी पुलिया पर जूस पी रहे थे। तभी वहां पर परवेज नाम युवक पहुंचा और रुपयों के लेनदेन को लेकर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। फिर जेब से 20 हजार रुपए निकाल कर भाग निकला। इंस्पेक्टर नितीश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों बाउंसर का काम करते है। उनके बीच रुपयों को लेकर विवाद हुआ था। जांच में रुपए छीनने की बात गलत निकली है। इंस्पेक्टर ने बताया कि परवेश निवासी सेमरा गढ़ी मडियांव को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# आरिफ इंडस्ट्रीज के मैनेजर ने हड़पे 2 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रियल एस्टेट कंपनी आरिफ इंडस्ट्रीज के निदेशक ने महानगर कोतवाली में मैनेजर के खिलाफ 2 करोड़ रुपए के गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपी ने मेट्रो सिटी में रहने वाले किराएदारों से रुपए वसूलकर दस्तावेज में उन्हें डिफॉल्टर बना दिया। यही नहीं एग्रीमेंट और चेक पर पीड़ित महिला का जाली साइन बना दिया। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मेट्रो सिटी निवासी अनिल कुमार तेजपाल रियल एस्टेट कंपनी आरिफ इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। कंपनी में केशव नगर निवासी मनोज सेठ अक्टूबर 2017 से मैनेजर था। कंपनी का एक कर्मचारी 20 जून को मेट्रो सिटी स्थित एक फ्लैट दिखाने पहुंचा तो वहां कुछ लोग रहते मिले। पूछने पर पता चला कि मनोज सेठ ने दो माह पहले किराए पर दिया है। इस सूचना पर निदेशक ने अन्य फ्लैटों के किराएदारों के बकाए का मिलान कराया तो करतूत सामने आई।

कंपनी ने सभी किराएदारों को कॉल और नोटिस भेजकर जानकारी की तो पता चला कि मनोज सेठ ने किराया नकद या अपने खाते में लिया। साजिश के तहत मनोज ने किराया कंपनी खाते में ट्रांसफर करने के बजाए अभिलेखों में किराएदारों को डिफॉल्टर दिखा दिया। किराएदार शबीना अरशद और उनके पति मो. आरिज से मई 2024 तक बकाया 1.66 लाख के लिए बात की तो दंपति ने कोई बैलेंस नहीं होने की बात कही। शबीना ने बताया कि मनोज ने 5.70 लाख लेकर उक्त फ्लैट ई-स्टांप कर बेच दिया। साथ ही मनोज ने उनसे कंपनी के नाम पर बिना तारीख के 85 लाख के दो चेक भी लिए थे।

निदेशक ने पीड़ित दंपति और मनोज सेठ को बुलाया। सामने आया कि दंपति और कंपनी के बीच हुआ लीव एंड लाइसेंस एग्रीमेंट भी जाली है। यही नहीं एग्रीमेंट और 11 चेक पर शबीना के जाली साइन बनाए गए थे। 2 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी देख अनिल कुमार तेजपाल ने महानगर कोतवाली में मनोज सेठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### आउटलेट पर किया कब्जा, चेक बाउंस

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज कोतवाली में एक फर्म निदेशक ने दो युवकों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि फर्म खरीदने का सौदा कर आरोपियों ने 40 लाख के चेक दिए और शेष 1.15 करोड़ जल्द देने का आश्वासन देकर एग्रीमेंट कराया। चेक बाउंस होने पर पीड़ित ने संपर्क किया तो आरोपियों ने धमकाते हुए आउटलेट पर कब्जा कर लिया। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वजीर हसन रोड निवासी अमित कुमार अग्रवाल परम इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में विकास द्विवेदी और रवि सिंह ने उनसे संपर्क कर उनकी फर्म खरीदने का ऑफर दिया। बातचीत में सौदा 1.55 करोड़ में तय हुआ। जिसपर आरोपियों ने 40 लाख का चेक देकर एग्रीमेंट कराया। आरोपियों ने शेष रकम 20 फरवरी 24 से पहले देने का आश्वासन दिया। पीड़ित ने मार्च माह में दिए गए चेक खाते में लगाए तो वे बाउंस हो गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने बिना पेमेंट के ही उनकी फर्म के आउटलेट पर कब्जा कर लिया। फर्जीवाड़ा देख पीड़ित ने डीसीपी सेंट्रल से शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर हजरतगंज पुलिस ने धोखाधड़ी, अमानत में खयानत समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दूसरे के मकान को अपना बता की रजिस्ट्री, ऐंठे 15 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग इलाके में मकान बेचने का झांसा देकर पड़ोसी के रिश्तेदार ने फंसाकर 15 लाख ऐंठे। फिर दूसरे के मकान की रजिस्ट्री कर दी। फर्जीवाड़ा सामने आने पर पीड़ित ने रुपए वापस मांगे तो धमकाया गया। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर वजीरगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रतापगढ़ के अजीत नगर में मोहम्मद शफीक परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ वक्त पहले पड़ोसी सईउद्दीन के रिश्तेदार जियाउल हसन उर्फ गुड्डू निवासी घसियारी मंडी कैंट रोड ने अपना मकान बेचने के लिए बात की। बातचीत में सौदा 15 लाख में तय हुआ। जिसपर पीड़ित और सईउद्दीन ने मकान लेने के लिए हामी भर दी। आरोपी उन्हें लेकर लखनऊ पहुंचे। मकान दिखाया फिर वजीरगंज स्थित रजिस्ट्री कार्यालय लेकर पहुंचे। वहां आरोपी और उसके मौसेरे भाई रिजवान ने रजिस्ट्री कर 15 लाख रुपए ले लिए। पीड़ित मकान पर कब्जा लेने पहुंचा तो वह दूसरे का निकला। रुपए वापस मांगने पर उन्हें धमकाया गया।

### अपराधी को पीटा तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** इंदिरानगर में गुंडई से आजिज होकर निर्मल, राम बाबू और ठाकुर ने एक युवक के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। फिर घसीट कर अपने कमरे में ले गए। आरोप है कि घर के कैमरे पहले से ही बंद कर दिए गए थे।

इंस्पेक्टर विकास रॉय ने बताया कि पीड़ित अपराधिक प्रवृत्ति का है। पीड़ित व उसके परिवार के खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज है। आए दिन प्रताड़ित किए जाने पर दूसरे पक्ष ने उसकी पिटाई की है। जांच में तमंचा लहराने व छेड़छाड़ की बात झूठी निकली है। रिपोर्ट दर्ज कर निर्मल, रामबाबू और ठाकुर को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# सिपाही समेत तीन के खाते से उड़ाए 4 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विकासनगर, हजरतगंज और पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** साइबर जालसाजों ने पीएसी सिपाही समेत तीन के खातों से 4.14 लाख रुपए उड़ा लिए। ठगी के यह मामले विकासनगर, हजरतगंज और पीजीआई थाने के हैं।

अंबेडकरनगर निवासी आरक्षी राहुल कुमार पीएसी में तैनात है। उन्होंने बताया कि हजरतगंज ड्यूटी के दौरान एक कॉल आई। फिर खाते से 84,476 रुपए गायब कर दिए। सिपाही ने हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विकासनगर सेक्टर -7 निवासी देवकी नंदन कांडपाल ने बताया कि 7 अक्टूबर को जिओ वाईफाई काम नहीं कर रहा था। गूगल से कस्टमर केयर का नंबर हासिल कर कॉल की। जालसाज ने बातों में फंसाकर जानकारी हासिल की। फिर खाते से 3 बार में 3,20,302 रुपए पार कर दिए। उधर, तेलीबाग के राजीव नगर निवासी सुखवीर सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले एक कॉल आई। इसके बाद जालसाज ने फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजकर 9998 रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# जालसाजी का भेद खुलने पर की थी संदीप की हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनी नगर

▸▸ बिजनौर पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

**अमृत विचारः** नगराम थाना क्षेत्र में हत्या कर फेंका गया शव बिजनौर के माती गांव निवासी संदीप गौतम (25) का था। जालसाजी का भेद खुलने के भय से चार लोगों ने मिल कर उसकी हत्या की थी।

संदीप की गुमशुदगी 8 अक्टूबर को मां ने दर्ज करायी थी। जांच में सामने आया कि संदीप ने मां सरस्वती के नाम पर कमलापुर में दर्ज जमीन सितंबर में मुन्ना यादव को करीब 13.27 लाख में बेची थी। इस रजिस्ट्री में संदीप गवाह था। इसके एवज में मुन्ना ने उसे करीब 4 लाख दिए थे। शेष रकम देने पर टालमटोल देख संदीप ने धमकाया था कि अगर रुपए नहीं मिले तो जालसाजी में सभी को जेल भिजवा दूंगा। भेद खुलने के डर से आरोपी मुन्ना, अभिषेक, सुखराम व एक अन्य 6 अक्टूबर को संदीप को शराब पिलाने के बहाने नगराम ले गए थे। फिर धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी थी। बिजनौर पुलिस ने चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दो को पकड़ लिया है।

### अधिवक्ता व परिवार को जमकर पीटा

**अमृत विचार, पीजीआईः** आशियाना रूचि खंड में रहने वाले संजय कुमार जोशी पेशे से अधिवक्ता हैं। मंगलवार सुबह वह पत्नी व बेटी के साथ लोकबन्धु अस्पताल डॉक्टर को दिखाने गए थे। वहां से वापस घर जा रहे थे। तभी बीएसएनएल ऑफिस के पास बांयी तरफ से आयी कार ने टच कर दिया।

हालांकि उन्हें इस बात की जानकारी भी नहीं हुई। थाने से 100 मीटर पहले ही कार पर सवार युवकों ने ओवरटेक कर रोका और संजय को पीटने लगे। पत्नी व बेटी ने विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### शव नहर में फेंकने के बाद रिश्तेदार के घर भेजी थी कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** फ्लिपकार्ट कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय भरत कुमार की हत्या के मामले में चिनहट पुलिस ने मुख्य आरोपी गजानन से बुधवार तड़के तक पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि भरत का शव इंदिरा नहर में फेंकने के बाद स्विफ्ट कार अपने एक रिश्तेदार के घर भेज दी थी। पुलिस ने कार के अंदर से भरत का आधार कार्ड भी बरामद किया है। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि कार को राष्ट्रीय ग्रामोद्योग के पास से बरामद किया है। बुधवार सुबह पुलिस ने हत्यारोपित गजानन का मेडिकल परीक्षण कराया और फिर 10 बजे उसे बाराबंकी जेल में दाखिल कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मंगलवार को गजानन को 24 घंटे की रिमांड पर लिया था। रिमांड पर उससे गहन पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि शव की खोजबीन की जा रही है। सारे साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। बताते चलें है 24 सितंबर को भरत कुमार मोबाइल की डिलीवरी देने गजानन के घर पहुंचा था, तभी उसकी हत्या कर दी गई थी।

### 5 वर्षीय बच्चे से किशोर ने किया कुकर्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा में पांच वर्षीय बच्चे के साथ पड़ोस में रहने वाले किशोर ने कुकर्म किया। मूलरुप से सीतापुर निवासी महिला ने बताया कि पारा के एक निर्माणाधीन मकान में रहती है। पीड़िता ने बताया कि 5 अक्टूबर को वह पास के ही निर्माणाधीन मकान में काम करने गई थी। घर पर पांच वर्ष का बेटा अपने बड़े भाई के साथ था। दोपहर को जब वह घर लौटी तो बड़े बेटे के साथ लेटा मासूम रो रहा था। उसके नाजुक अंग से खून निकल रहा था। मां ने पूछा तो उसने पड़ोसी 12 वर्षीय किशोर की हरकत बताई। उसने बताया कि वह अकेला था, तभी किशोर ने उसके साथ कुकर्म किया। यह जानकारी मिलने के बाद बच्चे के पिता ने डायल -112 पर पुलिस को सूचना दी। फिर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा ने बताया कि मां ने तहरीर दी है, उनका कहना है कि आरोपित भी नाबालिग है। लिहाजा मेडिकल के बाद विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 13 अपराधी जिला बदर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को 13 अपराधियों को जिला बदर कर दिया है। यह आदेश जेसीपी कानून व्यवस्था की कोर्ट ने किया है। महानगर के हर्ष उर्फ अभिषेक, तोपखाना के विनय शर्मा, कैंट निवासी सलमान अहमद, कैसरबाग के आशीष सोनकर, गोमतीनगर निवासी सचिन यादव, विनय खंड के सच्चिदानंद शर्मा पीजीआई निवासी यश गौतम और शिवकुमार को 6माह के लिए जिला बदर किया है। साथ ही गोमतीनगर विस्तार के दिलीप यादव, हसनगंज निवासी अनुज गौतम ,अमर यादव व अमन यादव और गोमतीनगर निवासी प्रशांत यादव को 3 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव निवासी किसान मुन्ना 45 वर्ष पुत्र हेमराज अपने खेत में पानी लगाने के लिए कुछ दूरी पर स्थित भारत पेट्रोल पंप से डीजल लेने जा रहा था। तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित अज्ञात पिकअप डाले ने किसान को ज़ोरदार टक्कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था मे किसान को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बैंक के बाहर से बाइक चोरी

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** बैंक के बाहर से शातिर चोर बाइक चोरी कर फरार हो गया। मलिहाबाद कस्बा स्थित गोपेश्वर गौशाला में कार्यरत यशपाल सिंह बुधवार लखनऊ हरदोई राजमार्ग स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक आए थे। करीब आधा घंटा के बाद जब वह बाहर आया तो मोटरसाइकिल गायब थी। सीसीटीवी में देखा तो उसमे चोरी की पूरी घटना कैद हो गयी थी।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश की जा रही है ।

### करंट से गाय की मौत, थाने में शिकायत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के गहरु स्थित मक्का खेड़ा में मंगलवार रात निर्माणाधीन पानी टंकी के पास खुला पड़े विद्युत तारों में चिपक कर गाय की मौत हो गई। विकास यादव ने बातया कि पानी टंकी का निर्माण कर रहे ठेकदार अनस सिद्दीकी ने कटे हुए तार खुले में फैला रखे हैं, जिसकी चपेट में आकर उनकी गाय की मौत हो गई है। उन्होंने सरोजनीनगर थाने में ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की है।

### बिगड़ती कानून-व्यवस्था चिंताजनक

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा सरकार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था चिंताजनक है। यह बात जनता शासन पार्टी ( जशपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रसेन यादव ने कहा कि सरकार के कुप्रबंधन के कारण देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट हो रही है। बिजली उत्पादन व आपूर्ति में सर्वाधिक खराब प्रदर्शन हो रहा है। यह अगर बंद नहीं हुआ तो जनता शासन पार्टी भाजपा को सड़कों पर बेनकाब करेगी।

### भाजपा युवा मोर्चा ने काकोरी में चलाया सदस्यता अभियान

**अमृत विचार, काकोरी :** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा बुधवार को काकोरी की पुरानी बाजार, कस्बा पुलिस चौकी, इंडिया 1 एटीएम के पास भाजपा का सदस्यता महा अभियान का कैम्प लगाया गया। कैंप के आयोजक दिवाकर सिंह लोधी ने इस मौके पर कई लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। वहीं मंडल उपाध्यक्ष अधिवक्ता नीलम श्रीवास्तव एवं शक्तिकेंद्र संयोजक दिनेश श्रीवास्तव ने घर - घर संपर्क कर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

### ट्रांसपोर्टर का सिर फोड़ा आरोपी कैमरे में कैद

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसपोर्ट नगर में मामूली बात पर कोरियर कंपनी के चालक ने साथियों संग ट्रांसपोर्टर पर हमला कर दिया। सिर पर रॉड और डंडे के हमले से युवक का सिर फट गया। पीड़ित ने बुधवार को सरोजनीनगर थाने में एक नामजद और करीब 8 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि सीसी कैमरे में पूरी घटना कैद हुई है।

गोंडा के चेतपुर निवासी अवधेश प्रताप सिंह का ट्रांसपोर्ट नगर में शिव कार्गो के नाम से ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। मंगलवार देर रात 10:45 पर स्काई इंटरनेशनल कोरियर का वाहन चालक मो. आकिब उनकी गाड़ी से टकरा गया। पीड़ित ने विरोध किया। इसपर आकिब ने साथियों संग हमला कर सिर फोड़ दिया।

# जलभराव को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** बख्शी का तालाब नगर पंचायत अंतर्गत रुदही गांव में टूटी सड़कों पर हो रहे जलभराव से परेशान सैकड़ों लोग एकत्रित होकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और जिम्मेदारों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए नाराजगी जाहिर की।

रुदही गांव निवासी उमेश यादव, अली मोहम्मद, पंकज, अनूप यादव, संजय वर्मा, नवनीत सिंह, धीरज सिंह, अनुराग यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित होकर बुधवार की सुबह नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए बताया कि भोलापुरवा से रुदही रोड़, चन्द्रभानु गुप्ता कृषि महाविद्यालय से रुदही रोड़, वहीं राधा कृष्ण मंदिर व के पास स्थित तालाब मंदिर समेत गांव में जलभराव की स्थित उत्पन्न कर रहा है। जिससे लोगों को निकले में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भोलापुरवा में गोपाल विहार कालोनी भी जलभराव की चपेट में है। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने हंगामा कर रहे लोगों को जलभराव से निजात व सड़कों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया।



लोगों को समझातीं अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा। अमृत विचार

▸▸ बख्शी का तालाब नगर पंचायत कार्यालय में सैकड़ों लोगों ने की नारेबाजी

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म में दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस ने मजिस्ट्रेट के सामने किशोरी का दर्ज कराया बयान

**अमृत विचारः** चिनहट में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को सीसी फुटेज के आधार पर पकड़ा गया है। वहीं, दोपहर में पुलिस ने पीड़ित किशोरी का मजिस्ट्रेट के समक्ष कलमबंद बयान दर्ज कराया।

इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक गिफ्तार आरोपियों में इंदिरानगर का रहने वाला पवन और उसका साथी विशाल है। विशाल का घर किशोरी के मोहल्ले में ही है। किशोरी को विशाल के घर पर ले जाया गया था। वहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसके बाद दुपट्टे से हाथ बांधकर गला कसकर उसे झाड़ियों में फेंका गया था। पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली तो आरोपियों की लोकेशन किशोरी के साथ मिली।

इंस्पेक्टर ने बताया कि किशोरी के बयानों के आधार पर विशाल और पवन को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपी मजदूर हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 26, 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | दिल्ली जं | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 & 31.10.24 |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | दिल्ली जं | 11:00 | | शुक्रवार | 25.10.24 & 01.11.24 |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 24.10.24 से 16.11.24 |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 17.11.24 |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04519 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.10.24 से 26.11.24 |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04223 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | तिथि वार | गुरूवार | 17.10.24 |
| 04226 | लखनऊ जं | 15:40 | टाटानगर जं | 09:10 | तिथि वार | रविवार | 20.10.24 |
| 04225 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | | सोमवार | 21.10.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं | 06:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 21.10.24 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं | 04:50 | | | 22.10.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 03.11.24 |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 26.10.24 से 04.11.24 |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 24.10.24 से 13.11.24 |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 23.10.24 से 12.11.24 |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# गोमती पार्क में चालू होगा म्यूजिकल फाउन्टेन

## समतामूलक व 1090 चौराहे का होगा सौंदर्यीकरण, लगेंगी फसाड लाइटें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण का 1090 चौराहे पर बना गोमती पार्क फिर गुलजार होगा। पार्क में तीन साल से बंद पड़ा म्यूजिकल फाउन्टेन चालू होगा। इसके अलावा समतामूलक व 1090 चौराहे का सौंदर्यीकरण, फसाड लाइटिंग व लैंडस्केप के साथ हॉर्टीकल्चर के आकर्षक कार्य कराए जाएंगे।

बुधवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सबसे पहले गोमती पार्क का निरीक्षण किया। जहां आगंतुकों की संख्या काफी कम मिलने पर सम्बंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया। पता चला कि पार्क में स्थापित म्यूजिकल फाउन्टेन तीन साल से बंद है, इस वजह से ज्यादा लोग घूमने नहीं आते हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताई और तीन दिन के अंदर म्यूजिकल फाउन्टेन चालू कराने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि प्रवेश टिकट पूर्व की तरह 25 रुपये ही रखी जाए और शाम 7 से रात 9 बजे तक फाउन्टेन संचालित किया जाए।

इसके बाद 1090 चौराहे के खंड-1, 2 व 3 में बने पार्कों का निरीक्षण किया। इस दौरान पाथ-वे पर गंदगी मिली। घास की कटिंग होना नहीं पाया। साथ ही जगह-जगह खराब लाइट देखकर व्यवस्थापकों को फटकार लगाई और एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। कहा, निर्धारित समय में कमियों दूर नहीं हुई तो सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों का वेतन रोक दिया जाएगा। वूमन पावर लाइन के कार्यालय में लगे स्मारक समिति के सफाई कर्मियों को वहां से हटाकर वाह्य क्षेत्र की साफ-सफाई के कार्य में लगाया जाए। उद्यान अधिकारी शशि कुमार भारती, डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल के प्रबंधक यमन हफीज, सहायक उद्यान अधिकारी मोहम्मद इमरान व सहायक अभियंता विशाल यादव उपस्थित रहे।

**उपाध्यक्ष ने गोमती पार्क व रिवर फ्रंट का किया निरीक्षण, कमियों को लेकर फटकारा**

### रिवर फ्रंट बनेगा उपयोगी, खुलेगी अमृत वाटिका

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गोमती रिवर फ्रंट के छह किमी लंबे स्ट्रेच का निरीक्षण किया ।निर्देश दिए कि गोमती बैराज से लेकर डालीगंज पुल तक रिवर फ्रंट को 500-500 मीटर के क्लस्टर में बांटा जाए। प्रत्येक क्लस्टर को आम जनता के लिए उपयोगी बनाते हुए किड्स जोन, प्ले-एरिया व पार्किंग विकसित किया जाए। साथ ही अलग-अलग प्रकार की मनोरंजक गतिविधियां संचालित कराई जाएं। इसके बाद हनुमान सेतु के पास एलडीए द्वारा निर्मित अमृत वाटिका का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि प्रवेश टिकट की दर निर्धारित करते हुए आम जनता के लिए खोल दिया जाए।

### 500 से अधिक छात्राओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**अमृत विचार, लखनऊ :** सदस्यता अभियान के तहत बुधवार को पुरनिया स्थित प्रधानमंत्री कौशल केंद्र पर 500 से अधिक छात्राओं ने भाजपा की सदस्यता ली। अवध क्षेत्र सहसंयोजक नीरज सिंह ने छात्राओं को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में बताया। दूसरी ओर भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सदस्यता अभियान 20 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कार्यालय में सदस्यता अभियान टोली प्रमुखों के साथ बैठक कर अभियान की अवधि बढ़ाए जाने की जानकारी दी।


डॉ. अटल प्रताप सिंह, निदेशक, एमडी ग्लोबल एजुकेशनल कंसल्टेंट


डॉ. गंगा राम यादव, एमडी (मनोरोग)


डॉ. अजय सिंह, निदेशक, वर्णिका चाइल्ड थेरेपी सेंटर


डॉ. विक्रांत सिंह, एमपीटी, ऑर्थोपेडिक, दर्द मुक्त क्लीनिक


डॉ. सुशील यादव, डीएम इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी, मिरेकल क्लिनिक


डॉ. शालिनी सिंह, एमएस, ओबीएस गाइन, एडवांस लेप्रोस्कोपिक गायनेक सर्जन

# यूपी आईकॉन अवार्ड से सम्मानित हुए चिकित्सक

## अमृत विचार की ओर से आयोजित कराए गए कार्यक्रम में जुटे चिकित्सक, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया सम्मानित


रोहित मेहरोत्रा, सीईओ, वीआईपीए, सोलर लखनऊ


रिजवान अली, बेस्ट हेयर पैच एक्सपर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करने के लिए अमृत विचार दैनिक समाचार पत्र की ओर से यूपी आईकॉन अवार्ड कार्यक्रम आयोजित कराया गया।

गोमती नगर के एक निजी होटल में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि और विधायक डॉ. नीरज बोरा विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर उन्होंने 23 चिकित्सकों सहित समाज में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए 12 अन्य विभूतियों को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा धन कमाने का नहीं, समाजसेवा का जरिया है। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने भी सम्मानित होने वाले चिकित्सकों का उत्साहवर्धन किया।



पंकज श्रीवास्तव, विश्व दीपक त्रिपाठी, निदेशक, फ्यूचर इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड


डॉ. ब्रज भूषण वर्मा, एमएस हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर, लखनऊ


डॉ. गौरव सिंह, सलाहकार, बाल रोग सर्जन, मैक्स सुपरस्पेशलिटी अस्पताल


डॉ. मोहम्मद जाहिद खान, वरिष्ठ सलाहकार, मेदांता अस्पताल


वीर विक्रम चौहान, निदेशक, डिजी सर्जन इन्फो सॉल्यूशंस, लखनऊ


डॉ. अनुराग दीक्षित .एमडी आयुर्वेदिक उपचार पंचकर्म और एक्यूपंक्चर क्लीनिक

### ये हुए सम्मानित

डॉ. विभोर महेन्द्रू, डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. वीरेन्द्र यादव, डॉ. ब्रज भूषण वर्मा, डॉ. आरएन वर्मा, डॉ. अहिताश्मुल राशिद, डॉ. सुनील रावत, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. अजमत अली, डॉ. हिमाली झा, डॉ. जाहिद खान, डॉ. गौरव, डॉ. सुशील यादव,, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. गंगा राम यादव, डॉ. विक्रांत सिंह, डॉ. सुमित सामंत, डॉ. अनुराग दीक्षित, डॉ. संजीव अवस्थी, डॉ. सैय्यद नाजिम अली, डॉ. अजय कुमार सिंह, समता बाफिला, रोहित मेहरोत्रा, पंकज श्रीवास्तव, शरद सिंह, रिषभ श्रीवास्तव, अटल प्रताप सिंह, रिजवान अली, अमित श्रीवास्तव, वीर विक्रम चौहान, सचिन यादव, अमन गुप्ता, मुकेश शुक्ला और हर्षित श्रीवास्तव।

# विरोध के बीच हटाई डेयरी

## मानस विहार कालोनी और अलीगंज में चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के कैटल कैचिंग दस्ते ने बुधवार को जोन -7 के सुगामऊ रोड मानस विहार कालोनी और अलीगंज में अवैध डेयरी के खिलाफ अभियान चलाया। पशुपालकों के विरोध के बीच नगर निगम ने डेयरी हटाकर 15 भैंस और 9 भैंस पकड़कर ऐशबाग कांजी हाउस में बंद कराईं। पकड़े गए पशुओं से नगर निगम को 3 लाख रुपये से अधिक जुर्माना मिलने का अनुमान है। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि मानस विहार कालोनी स्थित डेयरी से 15 भैंस और अलीगंज में 1 डेयरी से 6 और दूसरी से 3 गाय पकड़ी गई हैं। उन्होंने बताया कि डेयरी संचालक गोबर सडक पर बहा रहे थे। जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ मच्छर जनित संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ था। गंदगी फैलाने और गोबर सडक में बहाने की शिकायत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा प्राप्त हो रही थीं। चेतावनी देने के बाद भी संचालकों ने डेयरी नहीं हटाई।


डेयरी से पशु पकड़कर ले जाती नगर निगम की टीम। अमृत विचार

**15 भैंस, 9 गाय पकड़कर कांजी हाउस में कराईं बंद**

### उत्तर रेलवे आज से चलाएगा स्पेशल स्वच्छता अभियान

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर रेलवे 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक स्पेशल कैम्पेन 4.0 के तहत तीन दिवसीय गहन स्वच्छता अभियान चलाएगा। महाप्रबंधक ए.के. वर्मा ने सभी प्रमुख स्टेशनों, कारखानों, और डिपो में अभियान चलाने का निर्देश दिया है। अभियान नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में चलेगा। नामित अधिकारी स्टेशनों का निरीक्षण करेंगे, स्टेशन तक पहुंचने वाले मार्ग, प्लेटफार्म, कार्यालय, शौचालय, विश्राम कक्ष, स्टेशन सीमा क्षेत्र के तहत रेलवे ट्रैक, फुट ओवर ब्रिज, फूड स्टॉल शामिल होंगे। 10 सबसे गंदे स्थानों की पहचान करते हुए एक विस्तृत निरीक्षण नोट तैयार किया जाएगा।

# दिव्येन्द्र शेखर बने वाणिज्य कर अधिकारी सेवा संघ के अध्यक्ष, सुशील महासचिव

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर अधिकारी सेवा संघ के दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें दिव्येन्द्र शेखर गौतम ने लगातार दूसरी बार विजय दर्ज की।

चुनाव में कुल 525 मतों में गौतम को जहां 275 वोट मिले, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रमोद कुमार को 132 वोट प्राप्त हुए। इस तरह गौतम ने 143 वोट की बड़ी विजय दर्ज की। वहीं, महासचिव पद पर सुशील कुमार गौतम ने विजय हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सुमित शिवा को 35 मतों से पराजित किया। सुशील गौतम को 279 मत मिले। वहीं, सुमित शिवा को 244 वोट प्राप्त हुए।

उपाध्यक्ष पद पर अनुपम सरोज सिंह, श्रद्धा कुमारी और हरेंद्र प्रताप सिंह संयुक्त सचिव के पद पर भास्कर सिंह और राम अचल यादव कोषाध्यक्ष पद पर गौरव राजपूत और ऑडिटर पद पर प्रियंका वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुईं। इस बार पूरा चुनाव कैडर प्रबंधन के मुद्दे पर लड़ा गया जिसमें सदस्यों ने गौतम के नेतृत्व पर विश्वास जताया।


उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर अधिकारी सेवा संघ की निर्वाचित टीम। अमृत विचार

### बीजों की किट निशुल्क, खरीद पर पाए अनुदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में राई, चना, मटर व मसूर की बोवाई के लिए बीजों की उपलब्धता कराई गई है। खरीद पर किसानों को 50 फीसद अनुदान मिलेगा। जबकि मिनी किट निशुल्क वितरित की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि रबी फसल के राई, चना, मटर व मसूर के प्रमाणित व आधारीय बीजों का स्टॉक सभी विकास खंड के राजकीय बीज भंडारण पर पहुंच गया है। बीजों की खरीद पर किसानों को 50 फीसद अनुदान मिलेगा। वहीं, आधा एकड़ तक की बोवाई के लिए 2, 8, 20 व 16 किग्रा के मिनी पैकेट भी उपलब्ध हैं। जो किसान पंजीयन योजना में पंजीकृत किसानों को निशुल्क वितरित किए जाएंगे।

# 15 दिन बाद दिवाली, पेंशन का इंतजार कर रहे दिव्यांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिवाली का त्योहार नजदीक है, दिव्यांगजनों एवं कुष्ठ रोगियों को पेंशन का इंतजार है। दूसरी तिमाही पूरी हो चुकी है, लेकिन खातों में पेंशन की राशि नहीं पहुंची है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से दिव्यांगों और कुष्ठ रोगियों को पेंशन दी जाती है। दिव्यांगों को 15 सौ रुपये प्रतिमाह और कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हुए लोगों को 3 हजार रुपये दिए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-2025 की पहली तिमाही में प्रदेश में 11 लाख 4 हजार 703 दिव्यांगों और 12 हजार 400 को कुष्ठ रोगियों को पेंशन दी गई थी। पेंशन की राशि तिमाही पूरी होने के बाद खातों में हस्तांतरित की जाती है। इस बार अभी तक लाभार्थियों के खाते में पेंशन की राशि नहीं पहुंची है। 15 दिन बाद दिवाली का त्योहार है, पेंशन न आने से लाभार्थियों में बेचैनी है।

**पहली तिमाही में 11 लाख दिव्यांगों और 12, 400 कुष्ठ रोगियों को दी गई थी पेंशन**

> आधार लिंक कराया जा रहा है, जिससे कुछ पात्रों के खातों में पेंशन की धनराशि पहुंचने में देर हो रही है। जल्द सभी पात्रों के खातों में पेंशन की धनराशि पहुंच जाएगी।
> -- नरेंद्र कश्यप, मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

# मिलकर करना है समस्याओं का सामना : अमरनाथ

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** मुंशी पुलिया व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को मैरिज लॉन (कल्याण मण्डप) निकट सुख कॉम्प्लेक्स मुंशीपुलिया में आयोजित किया गया। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल और मुख्य अतिथि अमरनाथ मिश्र ने अध्यक्ष मनीष वर्मा, वरिष्ठ महामंत्री नितिन जैन, महामंत्री देवजीत पाण्डेय, कोषाध्यक्ष यशपाल सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि पवन मनोचा ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष सभाजीत वर्मा, उपाध्यक्ष विपिन चौधरी, प्रशान्त गुप्ता, रामायण श्रीवास्तव, जावेद अली, विधि सलाहकार विवेक कुमार सिंह, प्रवक्ता विजय पाण्डेय, वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अवस्थी, आनन्द गुप्ता, अनिल पाण्डेय, हरीश चन्द्र गुप्ता, सुफल वर्मा, मंत्री घनश्याम कौशल, नौसाद आलम, मो. आरिफ, सचिव शुभम श्रीवास्तव, रचित चैरसिया, एडविन हेनरी, मारकन्डे यादव, शिवम श्रीवास्तव, सदस्य शिवम सिंह चांद नवी खान को शपथ दिलाई।

अमरनाथ मिश्र ने कहा कि समस्या अनेक हैं उनका सामना हम सबको मिलकर करना है। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा हम व्यापारी अनेकता में एकता पर विश्वास रखते हैं।



शपथ ग्रहण करने के बाद मुंशी पुलिया व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

**मुंशीपुलिया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ**

### लखनऊ जंक्शन, डीआरएम कार्यालय में लगाए डोनेशन बॉक्स

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ जंक्शन स्टेशन, डीआरएम कार्यालय और बंदरिया बाग के रेलवे अधिकारी क्लब में क्लॉथ डोनेशन बॉक्स लगाए गए हैं। इस बॉक्स में दान किए गए कपड़ों को करीब 200 जरूरतमंदों को बांटा जा चुका है। उम्मीद एनजीओ की मदद से रेलवे स्टेशन पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों में भी कपड़े बांटे गए हैं। पीआरओ महेश गुप्ता ने बताया कि शहरवासियों से अपील की जा रही है कि घरों में रखे ऐसे कपड़े, जिन्हें अब किसी कारणवश इस्तेमाल में नहीं ला रहे हैं, तो उसको दान कर सकते हैं। इसको कोई जरूरतमंद व्यक्ति अपने उपयोग के लिए इस्तेमाल कर सकता है। ये बाक्स 31 दिसम्बर तक रखे रहेंगे।

## सार-संक्षेप


शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते परिवहन मंत्री।

### शहीद कैप्टन अंशुमान को परिवहन मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ :** कैप्टन अंशुमान सिंह की प्रथम पुण्य तिथि पर बुद्धेश्वर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मेरे प्रभार के जनपद देवरिया के ऐसे लाल की पुण्यतिथि पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होना मेरे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अंशुमान 19 जुलाई 2023 को सियाचिन में अपने सहयोगियों को बचाते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। जब तक ऐसे वीर सपूत पैदा होते रहेंगे, तब तक हमारे देश की तरफ आंख उठाने का साहस कोई दुश्मन देश नहीं कर सकता।


जोन 1 कार्यालय पर धरना देते जलकल कर्मचारी। अमृत विचार

### ठेकेदारी प्रथा के विरोध में धरने पर बैठे जलकल कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलकल कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जलकल कर्मचारियों ने जोन 1 कार्यालय पर आम सभा की। डीबी सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई सभा में कर्मचारियों ने ठेकेदारी प्रथा के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि निकाले जाने से क्षुब्ध होकर एक कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली थी। सभा को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के उपसंयोजक हरीश कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों को समय पर प्रशासन द्वारा पूरा नहीं किया गया तो संघ जलकल मुख्यालय में 22 को प्रदर्शन करेगा। सभा को राजेंद्र यादव, रमेश तिवारी, हरीश कुमार, श्यामलाल, रूपेंद्र पांडेय, परवेज अख्तर, शैलेश कुमार धानुक सहित कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया।

### एक दिन शरीर को छोड़ना ही पड़ेगा : उमाकांत

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गंगागंज क्षेत्र के लोनी तट के किनारे चल रहे बाबा उमाकान्त जी महाराज दो दिवसीय प्रवचन में उन्होंने भक्तों से कहा कि चिंतन करते रहो की मरने के बाद मेरा क्या होगा, मुझे कहां जाना रहेगा, एक न एक दिन शरीर छोड़ने ही पड़ेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद कौशल किशोर व दद्दन मिश्रा पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख डिंपल लल्लू वर्मा, ब्रजेश कुमार, कन्हैया लाल गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजू रहे।

**हालात** ज्यादातर जिलों में नहीं हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2 के कार्य

# कहीं कम तो कहीं बजट से अधिक जल संचयन के काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 34 जिलों में संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2 के तहत ज्यादातर जिले चयनित परियोजनाओं पर वाटरशेड यानी जल संचयन संबंधित कार्य नहीं करा पाए।

खराब प्रगति में हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर, रायबरेली, लखनऊ, देवरिया, कुशीनगर, जौनपुर, मुरादाबाद, आजमगढ़ आदि जिले शामिल हैं। इनमें चार जिलों के भूमि संरक्षण अधिकारी को कृषि विभाग द्वारा नोटिस जारी करके कार्रवाई की तैयारी है। बिजनौर, बदायूं, बरेली, सम्भल, मथुरा, इटावा आदि के कार्यों की प्रगति अच्छी है, लेकिन इन जिलों पर खराब प्रगति वाले जिलों ने सवाल उठाए हैं। क्योंकि बिजनौर, बदायूं व इटावा में बजट से अधिक कार्य हुए हैं। आरोप यह भी लग रहे कि जो कार्य कराए गए वह बारिश के दौरान हुए हैं। फिलहाल यह जांच का विषय है। वहीं, पिछले वर्ष खराब प्रगति पर कानपुर नगर, रायबरेली, महोबा व हमीरपुर जिला लाल श्रेणी में था।

**कई जिलों ने बजट से अधिक कराए कार्य, उठे सवाल**

### तकनीकी ऑडिट में भी उलझी योजना

जब से योजना संचालित हुई है तब से तकनीकी ऑडिट का विरोध है, क्योंकि यह योजना भूमि परती विभाग की है और संसाधनों के अभाव में संचालन कृषि विभाग कर रहा है। इसलिए कृषि विभाग के नियम लागू हैं। भूमि संरक्षण अधिकारियों के मुताबिक कार्यों का सोशल ऑडिट कराना चाहिए लेकिन, विभाग तकनीकी ऑडिट करा रहा है। इसको लेकर भी घमासान मचा है। प्रधानों में भी नाराजगी है।

> योजना का संचालन कृषि विभाग कर रहा है। इसलिए कृषि विभाग के नियम के तहत तकनीकी ऑडिट करा रहे हैं। जिन जिलों की प्रगति अच्छी है वहां समय से कार्ययोजना के मुताबिक कार्य कराए गए हैं। खराब प्रगति वाले जिलों के अधिकारियों पर कार्रवाई की जा रही है।
> -राम सूरत वर्मा, उपनिदेशक (अभियंत्रण) कृषि निदेशालय।

# झुगी-झोपड़ियों में रहने वालों का होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश के अलग-अलग हिस्सों में ट्रेनों की पटरियों से उतरने की साजिश के बाद रेलवे प्रबंधन ने सतर्कता बढ़ा दी है।

एडीजी रेलवे प्रकाश डी. ने बुधवार को जीआरपी लाइन में प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष को रेलवे लाइन के आसपास झुगी-झोपड़ियों में रहने वालों का सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों में कई राज्यों से रेल पटरियों पर विस्फोटक सिलेंडर, लोहे की रॉड आदि रखे जाने के मामले सामने आए हैं। ऐसे में जरूरी है कि संवेदनशील स्थानों की सूची बनाकर रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले नागरिकों को जागरूक करने के साथ अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने ट्रेनों में एस्कॉर्ट व्यवस्था की समीक्षा करके समुचित दिशा-निर्देश दिये। रेलवे ट्रैक व यात्रियों की सुरक्षा को लेजर अधिक सतर्कता और संवेदनशीलता बरतने पर जोर दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशांत वर्मा भी मौजूद थे।

**एडीजी रेलवे प्रकाश डी. ने प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष को दिए सत्यापन के निर्देश**

## एक नजर

### पदक विजेता सासा कटियार को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज न्यू कैंपस लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा सासा कटियार ने देवास मध्य प्रदेश में आयोजित सीनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस लीग टूर्नामेंट में एकल और युगल में कांस्य पदक जीता है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सासा कटियार को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसी के साथ सासा के जापान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में चयनित होने पर काफी सराहना की।

### जूडो का महाकुंभ 21 से

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में 21 से 25 अक्टूबर तक इंडियन पैरा जूडो अकादमी में जूडो का महाकुंभ आयोजित किया जायेगा। इस महाकुंभ में मिनी, सब जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग में विभिन्न आयु वर्ग के मुकाबले खेले जायेंगे। जूडो एसोसिएशन के सचिव मुनव्वर अंजार के अनुसार यह प्रतियोगिता लखनऊ जिला जूडो एसोसिएशन की देखरेख में खेली जायेगी। जो खिलाड़ी इस महाकुंभ में अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराते हैं, उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के सेलेक्शन ट्रायल्स में प्रतिभाग करने की छूट नहीं दी जायेगी।

### मुख्य अभियंता ने अधिकारियों के कसे पेच

अमृत विचार, लखनऊ : सिसगोमती मुख्य अभियंता ने बुधवार को कानपुर रोड उपकेंद्र पहुंचकर वहां का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अनुरक्षण माह में बचे हुए कामों को तेजी से कराने के लिए अधिकारियों के पेच कसे। इसके साथ ही कार्य मे लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी। मुख्य अभियंता सिस रजत जुनेजा ने बताया कि अनुरक्षण माह मे क्षेत्र मे बचे कामों के तेजी से कराने के लिए निर्देश जारी किये है।

# रिंकू सिंह व युजवेंद्र चहल पर टिकी रहीं निगाहें

## यूपी और हरियाणा टीम ने किया एआर जयपुरिया के स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मैच भले ही एक दिन बाद है लेकिन टी-20 के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह की झलक पाने को क्रिकेट प्रेमी बुधवार को ही एआर जयपुरिया प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम के बाहर जमा हो गये। यूपी के धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह आज टीम के साथ स्टेडियम में अभ्यास के लिये पहुंचे। 18 अक्टूबर को रणजी में यूपी के सामने हरियाणा की टीम होगी। इस मुकाबले के लिए हरियाणा की टीम भी स्टेडियम में अभ्यास के लिए पहुंची। हरियाणा टीम में शामिल लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल भी आकर्षण का केंद्र रहे। दूसरे रणजी मुकाबले में क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें यहां पर रिंकू सिंह और युजवेंद्र चहल पर ही होंगी।


अभ्यास के बाद बातचीत करते रिंकू सिंह और युजवेंद्र चहल। अमृत विचार

**18 अक्टूबर से यूपी और हरियाणा के बीच खेला जायेगा दूसरा मुकाबला**

दोनों ही दिग्गज खिलाड़ी अपने धमाकेदार प्रदर्शन से किसी भी मैच का रुख बदलने में सक्षम हैं।

अभ्यास के लिए सुबह तकरीबन 10 बजे यूपी टीम स्टेडियम पहुंची। थोड़ी देर बाद ही हरियाणा की टीम भी अभ्यास के लिए यहां आ गई। अभ्यास के दौरान रिंकू सिंह ने यहां बल्लेबाजी में हाथ आजमाये। उन्होंने यहां गगनचुंबी छक्के भी लगाये। बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलने के बाद रिंकू सिंह पहली बार यूपी टीम से जुड़े हैं। अभ्यास के बाद रिंकू सिंह ने हरियाणा टीम के इंटरनेशनल क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ काफी देर तक बातचीत की। यूपी टीम दूसरे रणजी मैच में पहली जीत की तलाश में उतरेगी। पहले रणजी मैच में यूपी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। एलीट ग्रुप सी में शामिल यूपी ने पहले मुकाबले में बंगाल के खिलाफ ड्रॉ खेला। पहली पारी में पिछड़ने के कारण यूपी के मात्र एक अंक मिला। हरियाणा ने बिहार के खिलाफ मुकाबला खेला और पारी के साथ 43 रन की शानदार जीत के साथ उसने सात अंक हासिल किये।

# यूपी के सजल सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**आइटा मेंस टेनिस चैंपियनशिप**

अमृत विचार : आइटा मेंस टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के एकल में यूपी के सजल केसरवानी (तीसरी वरीयता प्राप्त) ने शानदार खेल दिखाये और सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा शीर्ष वरीय हरियाणा के उदित काम्बोज, दूसरी वरीय झारखंड के एकलव्य सिंह और महाराष्ट्र के राज जितेंद्र बगादी ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। युगल मुकाबलों में यूपी के वंश यादव और अंश गुप्ता की जोड़ी को सेमीफाइनल का टिकट मिल गया है।

आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में बुधवार को एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहला मुकाबला शीर्ष वरीय उदित काम्बोज और हरियाणा के सावन मलिक के बीच हुआ। इसमें उदित ने 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। इसके बाद खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र के राज जितेंद्र को आसान जीत मिली। उन्होंने यूपी के गोविंद पी मौर्या को सीधे दो सेटों में 6-0, 6-1 से हरा दिया।

तीसरी वरीयता प्राप्त यूपी के सजल केसरवानी और यश वर्मा के बीच जीत के लिये जोरदार भिड़ंत देखने को मिली। पहले सेट में सजल ने 6-2 से आसान जीत दर्ज की। लेकिन दूसरे सेट में यश ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और 6-1 से जीत हासिल की। तीसरे सेट में लंबे मुकाबले के बाद सजल ने यश को 7-5 से शिकस्त दी।

# लखनऊ की रोमा और बड़ौत के प्रभात ने नए रिकार्ड बनाते हुए जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ की रोमा सिंह और बड़ौत के प्रभात वर्मा की स्वर्णिम सफलता सहित उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने नेशनल बेंच प्रेस चैंपियनशिप के दूसरे दिन तक शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 9 पदक जीते।

गोवा के वास्को स्थित रवींद्र भवन में 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस चैंपियनशिप में रोमा सिंह ने जूनियर वर्ग के 47 किग्रा वर्ग में 57.5 किग्रा भार उठाकर और प्रभात वर्मा ने जूनियर वर्ग के 93 किग्रा वर्ग में 186 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण जीतते हुए नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। इसके अलावा मथुरा के नितिन चौधरी ने 59 किग्रा सब जूनियर वर्ग में 112.5 किग्रा भार, मथुरा की मुस्कान ने 63 किग्रा सब जूनियर वर्ग में 72.5 किग्रा भार और मेरठ के धीरज सिंह ने सीनियर के 74 किग्रा वर्ग में 152.5 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किए। दूसरी ओर मोदीनगर के रूबेन श्रीवास्तव ने मास्टर 2 श्रेणी के 74 किग्रा वर्ग में 120 किग्रा भार उठाकर और मथुरा के दुर्गेश शर्मा ने 93 किग्रा ओपन वर्ग में 185 किग्रा भार उठाकर रजत पदक जीते। प्रयागराज के राम जी को 59 किग्रा वर्ग में 97.5 किग्रा भार और लखनऊ के शैलेन्द्र श्रीवास्तव को मास्टर 3 श्रेणी के 66 किग्रा वर्ग में 75 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक मिला।


पदक जीतने वाली लखनऊ की रोमा सिंह

उत्तर प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अनुज कुमार तिवारी ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

# नारी शिक्षा निकेतन की बालिकाओं, शिया इंटर कॉलेज के बालकों ने जीती ट्रॉफी

अमृत विचार, लखनऊ : बालिका वर्ग में नारी शिक्षा निकेतन ने और बालक वर्ग में शिया इंटर कॉलेज ने जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स मीट की ओवरऑल ट्रॉफी जीत ली। 212 अंक के साथ नारी शिक्षा निकेतन और 94 अंकों के साथ शिया इंटर कॉलेज की टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। चौक स्टेडियम में आयोजित हुई तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका वर्ग में नारी शिक्षा निकेतन टीम 52 अंक के साथ पहले स्थान पर रही। 42 अंकों के साथ सरस्वती इंटर कॉलेज की टीम उपविजेता बनी। इस आयुवर्ग में नारी शिक्षा निकेतन की गीता यादव को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब मिला।

# महिला टीमों के बीच मुकाबला आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी के लिए सात टीमों के बीच जंग आज से शुरू होगी।

गुरुवार को सिक्किम और त्रिपुरा के बीच मुकाबला दिन में मुख्य स्टेडियम में खेला जायेगा। उसी समय बी ग्राउंड में केरल और हिमाचल प्रदेश की टीमें आमने-सामने होंगी। इसके बाद मुख्य स्टेडियम में हरियाणा और रेलवे के बीच फ्लड लाइट में मैच खेला जाएगा। इकाना स्टेडियम के मीडिया प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि टी-20 प्रारूप वाली इस प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी टीमों ने पिछले दो दिन अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। आज सुबह केरल की टीम ने ग्राउंड बी में पहुंचकर अभ्यास किया। करीब दो घंटे की प्रैक्टिस के बाद हिमाचल की महिला टीम ने दोपहर 1 से 3 बजे तक पसीना बहाया। शाम को हरियाणा और रेलवे खिलाड़ियों ने भी प्रैक्टिस की इकाना स्टेडियम में 7 दिन में कुल 21 मुकाबले खेले जाएंगे।


इकाना स्टेडियम में अभ्यास करतीं महिला खिलाड़ी। अमृत विचार

**सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी**

# कॉल कर युवती से की अश्लील बातें, धमकाया

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर में शोहदे ने युवती को फोन कर परेशान शुरू कर दिया है। आरोपी अश्लील बातें करता है। विरोध पर धमकाता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सरोजनीनगर क्षेत्र के अमौसी निवासी युवती ने बताया कि बीते कुछ दिनों से अनजान नंबरों से उसके पास फोन आ रहे है। फोनकर्ता फोन करने के बाद अश्लील बातें कर परेशान कर रहा है। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# लक्ष्मी पूजा, भजन संध्या और सम्मान समारोह आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मानव आदर्श सेवा समिति के सचिव पल्लव कुमार घोष के आवास पर हुई बैठक में कोजागोरी लक्ष्मी पूजा की तैयारियों के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई। पीके घोष ने बताया कि चारबाग स्थित सेवाग्राम दुर्गा पूजा पंडाल में 17 अक्टूबर को शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि बुधवार 16 अक्टूबर को रात 8.40 बजे से 17 अक्टूबर को शाम 5.45 बजे तक पूर्णिमा का योग रहेगा। इस मौके पर समिति से जुड़े उन कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा जिनकी मेहनत से दुर्गा पूजा का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में समिति के संरक्षक और सलाहकार मुरलीधर आहूजा, एससी श्रीवास्तव, सोमनाथ चटर्जी, उपाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, विजय भाटिया और संस्थापक व सचिव पल्लव कुमार घोष कार्यकर्ताओं का सम्मान करेंगे।

# सिद्धांत ने सौरभ को हराकर किया उलटफेर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**डॉ. अखिलेश दास मेमोरियल आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट**

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के सिद्धांत सलार ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में वरीय खिलाड़ी पेट्रोलियम के सौरभ वर्मा को हराकर उलटफेर भरी जीत के साथ पुरुष एकल के अगले दौर में प्रवेश किया। गोमतीनगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में आयोजित टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में में उत्तर प्रदेश के चिराग सेठ भी पुरुष एकल के अगले दौर में पहुंच गए। इसके अलावा महिला एकल में उत्तर प्रदेश की अमोलिका सिंह, स्नेहा सिंह व मानसी सिंह भी अगले दौर में जगह बनाई।

महिला युगल में उत्तर प्रदेश की सोनाली सिंह व कर्नाटक की अमरूथा पी. और मिश्रित युगल में उत्तर प्रदेश के अर्श मोहम्मद व ओडिशा की प्रगति परीदा भी अगले दौर में पहुंच गए। पहले दौर के मुकाबलो में पुरुष एकल में सिद्धांत सलार ने पेट्रोलियम के वरीय सौरभ वर्मा को 21-16, 21-19 से और चिराग सेठ ने यूपी के ही हर्षित तोमर को 18-21, 21-12, 21-7 से हराया।

महिला एकल में अमोलिका सिंह ने मध्य प्रदेश की अनुष्का साहपुरकर को 21-14, 21-11 से, स्नेहा सिंह ने असम की सूजैन को 21-14, 21-18 व मानसी सिंह ने हरियाणा की मुस्कार संगवान को 21-13, 21-17 से हराया। महिला युगल में सोनाली सिंह व कर्नाटक की अमरूथा पी. ने शिखा ओवला व महेश्वरी जी. को 21-15, 21-10 से और मिश्रित युगल में यूपी के अर्श मोहम्मद व ओडिशा की प्रगति परिदा की जोड़ी ने केरल के अरविन्द वी. सुरेश व गौरीकृष्णा टी.आर को 21-13, 22-20 से हराया। मुख्य ड्रा में पुरुष एवं महिला एकल में 64-64 तथा पुरुष, महिला तथा मिश्रित युगल में 32-32 खिलाड़ियों सहित कुल 224 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है।

## सार-संक्षेप

### उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का39 वां अधिवेशन कल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विस एसोसिएशन का राज्य सम्मेलन विश्वेश्वरैया सभागार में 18 अक्टूबर को होगा। राज्य कर्मचारियों के संयुक्त सम्मेलन में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि होंगे। संयुक्त सम्मेलन में पुरानी पेंशन लागू करने, चतुर्थ पदों को भरे जाने, आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने, न्यूनतम बोनस 18 हजार रुपये करने की मांग पर चर्चा होगी। महासंघ के अध्यक्ष कमल अग्रवाल एवं महामंत्री अशोक सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि 18 अक्टूबर को कर्मचारियों की लम्बित मांगों को एक बार फिर सम्मेलन के माध्यम से सरकार को 18 सूत्री मांग पत्र सौंपा जाएगा। राज्य स्तरीय संयुक्त सम्मेलन में प्रदेश के सभी जनपदों से कर्मचारी प्रतिनिधि एवं राज्य कर्मचारी महासंघ के संरक्षक एसपी सिंह, कमलेश मिश्रा, नरेन्द्र प्रताप सिंह, त्रिवेणी प्रसाद खरवार मुख्य रूप से शामिल होंगे।

### शरद पूर्णिमा पर चन्द्रमा को लगा खीर का भोग

अमृत विचार, लखनऊ : शरद पूर्णिमा के अवसर पर शहर के मंदिरों और घरों में खीर बनाकर चन्द्रमा को भोग लगाया गया। डालीगंज के मनकामेश्वर उपवन घाट पर मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरि की अगुवाई में बुधवार को शरद पूर्णिमा पर आदि गंगा मां गोमती की आरती की गई। मां गोमती के साथ घाट पर बनी 11 वेदियों की आरती के बाद चंद्रमा को खीर का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुई थी। इस दिन मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करने आती हैं और जो लोग रात्रि में भजन कीर्तन करते हुए मां लक्ष्मी का आह्वान करते हैं धन की देवी उनके घर में वास करती है। इस दिन रात में गाय के दूध की खीर बनाकर उसमें घी, चीनी मिलाकर अर्ध रात्रि को भगवान को भोग लगाकर खीर को चांदनी रात में रखना चाहिए। ऐसा करने से चन्द्रमा की किरणों से अमृत प्राप्त होता है और अर्ध रात्रि में चन्द्रमा को भी अर्घ्य देना चाहिए।

### 29 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक सभी ट्रांसपोर्ट बुकिंग बंद रहेंगी

अमृत विचार, लखनऊ : दीपावली पर्व को लेकर 29 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक सभी ट्रांसपोर्ट व्यवसाय ट्रांसपोर्ट नगर में बुकिंग और डिलीवरी बंद रखेगा। लखनऊ गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महामंत्री पंकज शुक्ला ने बताया कि सभी कार्यालय 4 नवम्बर से खुलेंगे। इस दौरान ट्रांसपोर्ट संबंधित सभी कार्य नहीं किये जायेंगे ।

### शिविर लगाकर श्रमिकों की समस्याओं का हो रहा समाधान

अमृत विचार, लखनऊ : श्रमिकों की समस्या के समाधान के लिए श्रम विभाग शिविर का आयोजन शहर के कई लेबर अड्डों पर कर रहा हैं। इन शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को श्रम विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। बहुत से श्रमिक श्रम विभाग कार्यालय नहीं पहुंच पाते है और न ही श्रम विभाग से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उनके पास उपलब्ध रहती है। इसी को लेकर श्रम अधिकारी श्रमिकों को शिविर लगाकर उनकी समस्यायें सुन रहे है। सहायक श्रमायुक्त शिप्रा चतुर्वेदी ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि श्रम विभाग की योजनाएं ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों तक पहुंचे। बहुत से श्रमिक काम की तलाश में लेबर अड्डो तक ही सीमित रहते है जिन्हें श्रम विभाग की लाभकारी योजनाओं के बारे में बताना जरुरी है जिससे वह सभी इसका लाभ प्राप्त कर सकें।


साईधाम ट्रस्ट ने पहुंचाई मदद। अमृत विचार

### साईंधाम ट्रस्ट से शहर व ब्लाक के स्कूल हो रहे लाभान्वित

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग की वरिष्ठ अधिकारी सुनीता सिंह से प्रेरणा लेकर विभूतिखंड गोमतीनगर लखनऊ में स्थित साईंधाम ट्रस्ट ने आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे अपनी संस्था की तरफ़ से मदद पहुंचाई। कुछ समय पहले कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमन गुप्ता से एक मुलाकात में साईंधाम ट्रस्ट के संस्थापक अमित शर्मा ने को जब मालूम हुआ कि वहां पर मूलभूत वस्तुओं की आवश्यक्ता है। तब अमित ने तुरंत अपनी संस्था के माध्यम से वहां पर मदद पहुंचाई। पैडलस्टल फैन, इलेक्ट्रिकल इंडक्शन, कैरम बोर्ड सेट, चाय केतली कैंटीन के लिए, वॉटर कूलर, बैडमिंटन सेट, 6 कप चाय-कप के सेट, टीचर्स के उत्साहवर्धन हेतु लिए टिफिन, कॉलेज कैंटीन के लिए जग व ट्रे सेट्स संस्था की तरफ से दिया गया।

### वाल्मीकि रामायण का अखंड पाठ शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के परिसर में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती समारोह बुधवार को वाल्मीकि रामायण के अखण्ड पाठ से शुरू हुआ। यह अखंड पाठ गुरुवार को दोपहर 2 बजे समाप्त होगा। अखंड पाठ के समापन के बाद वाल्मीकि रामायण विश्वबन्धुत्वम् विषय पर व्याख्यान गोष्ठी होगी और शाम को 4 बजे से संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ने कैंट में कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ शामिल हुए।

# स्वभाव में धृष्टता की वजह से दुर्योधन ने झेला महाभारत : कामेश्वर पुरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इंदिरा नगर के ए ब्लाक स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भागवत कथा के तीसरे दिन कामेश्वर पुरी ने महाभारत के धृतराष्ट और विदुर संवाद का प्रसंग सुनाते हुए स्वभाव और प्रभाव की व्याख्या की। जिस प्रकार कोई पुनीत कार्य स्वभाव वश किया जाए तो अच्छे से होता है, लेकिन अगर प्रभाव वश मजबूरी में किया जाए तो प्रभाव कुछ समय तक ही रहता है।

जब यह समाचार आया कि कृष्ण संधि की बात करने दूत बनकर आ रहे हैं तो धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को समझाया कि सम्मान और मर्यादा के साथ बर्ताव करना। वह पांडवों को पांच गांव देने की बात पर भड़क गया।


कामेश्वर पुरी

इस मौके पर केशव नगर कृष्ण मंदिर के पुजारी केशव व्यास विराट, पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह, करणी सेना के उपाध्यक्ष सनी सिंह, नेता प्रतिपक्ष रहे राम गोविंद चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आम्बेडकर नगर सुधीर सिंह और डॉ. विकास पांडेय आदि मौजूद रहे। गुरुवार की कथा में वामन की कथा होगी।

# मूर्तिकला शिविर में पत्थरों पर उभरने लगीं आकृतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : टैगोर मार्ग स्थित वास्तुकला एवं योजना संकाय में चल रहे 8 दिवसीय अखिल भारतीय मूर्तिकला शिविर के तीसरे दिन पत्थरों में आकृतियां उभरने लगी हैं। पत्थरों पर छेनी-हथौड़ी की चोट से तैयार हो रही आकृतियों को निहारने के लिए बड़ी संख्या में कलाकार और कलाप्रेमी वास्तुकला महाविद्यालय पहुंचे।

5 प्रदेशों से 10 समकालीन मूर्तिकार शिविर में अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से चल रहे शिविर में लोग कलाकारों से उनके काम और तकनीक के बारे में जानकारी हासिल करते हुए दिखे। शिविर के कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र अस्थाना ने बताया कि शिविर में आए सभी मूर्तिकार रात-दिन काम कर रहे हैं।


शिविर में पत्थर तराशते मूर्तिकार। अमृत विचार

शिविर में डॉक्यूमेंटेशन टीम की रत्नप्रिया और हर्षित सिंह से नई दिल्ली से आए मूर्तिकार राजेश कुमार ने बताया कि मेरी रचनात्मक यात्रा मुक्ति और तरलता के लोकाचार द्वारा निर्देशित है। जबकि मेरी मूर्तियां बायोमॉर्फिक रूपों की झलक रखती हैं। मैं सहज अनुग्रह के साथ मूर्तिकला करता हूं।

राजेश कुमार नई दिल्ली से हैं। उन्होंने 2012 में जामिया मिलिया विश्वविद्यालय से मूर्तिकला में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। वह ग्रेटर नोएडा में कला धाम स्टूडियो में काम कर रहे हैं। काला संगमरमर उनका पसंदीदा माध्यम है। कभी-कभी वह संगमरमर के साथ स्टेनलेस स्टील का प्रयोग भी करते हैं।

नई दिल्ली से ही आए मूर्तिकार शैलेश मोहन ओझा ने बताया कि मैं प्रेम, शांति और मानवीय अनुभव की जटिलताओं को व्यक्त करने के लिए लकड़ी, पत्थर, कांस्य, स्टील और लोहे आदि माध्यमों का प्रयोग करता हूं। मेरी कला बौद्ध विचारधारा से प्रेरित है। वह भी ग्रेटर नोयडा के कला धाम स्टूडियो में कला अभ्यास कर रहे हैं।

नई दिल्ली से ही शिविर में आये मूर्तिकार संतो चौबे अपनी कार्य शैली के बारे में बताते हैं कि मेरा काम कलात्मक दर्शन संघर्ष और अवशोषण के जटिल नृत्य के इर्द- गिर्द घूमता है। संतों की कला शैली मूर्त और अमूर्त तत्वों के बीच टकराव और संबंध को दर्शाता है।

**कला-संस्कृति** | **पहली बार होगा विशेष मंचन**

# गायन शैली में रामलीला का मंचन आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पर्वतीय महापरिषद भवन गोमती नगर में गुरुवार को तीन दिवसीय रामलीला शुरू होगी। गोमती नगर में पहली बार मर्यादा पुरुषोतम राम की लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

लखनऊ शहर में दशहरा और सभी रामलीलाओं की समाप्ति के बाद पर्वतीय महापरिषद भवन, गोमती नगर विस्तार में तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन शुरू होने जा रहा है। पर्वतीय महापरिषद की शाखा रामलीला समिति, गोमती नगर की ओर से पहली बार किया जा रहा है। यह रामलीला लखनऊ शहर में सम्पन्न हुईं सभी रामलीलाओं से अलग होगी। यह गायन शैली की रामलीला है।


रामलीला का पूर्वाभ्यास करते कलाकार। अमृत विचार

रामलीला समिति के मुख्य संरक्षक ठाकुर सिंह मनराल के अनुसार ये लीला लखनऊ शहर में अलग छाप छोड़ने वाली है। रामलीला की शुरुआत महापौर सुषमा खर्कवाल दीप प्रज्ज्वलित कर करेंगी। रात 8 बजे से रामलीला की शुरुआत होगी जो रात 12 बजे समाप्त होगी। इस रामलीला में सभी पात्र गोमती नगर से ही लिए गए हैं, इसमें सभी नए चेहरों को मौका दिया गया है।

रामलीला समिति के मुख्य निर्देशक प्रो. आरसी पंत ने बताया कि नये कलाकारों को तालीम देने में दो महीने लगे हैं। रामलीला मंचन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस दौरान समिति के पदाधिकारी जिसमें मुख्य रूप से हरीश कांडपाल, गोविंद सिंह बोरा, रमेश उपाध्याय, आनंद सिंह कपकोटी, ख्याली सिंह कड़कोटी, विद्या प्रसाद पाठक, सुधीर ओली, तारा दत्त कांडपाल, सुधीर पंत, शंकर पाण्डेय के अलावा कार्यकारिणी के सदस्य तैयारियों में लगे हैं।

# लखनऊ और वाराणसी की महिलाओं ने अयोध्या में किया सुंदरकांड का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने बताया कि मंगलवार को अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में द्वितीय सामूहिक सुंदरकांड महायज्ञ सम्पन्न हुआ। यह दूसरा ऐसा अवसर था जब मासिक सुंदरकांड के तहत सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सुंदरकांड का पाठ कर विश्व कल्याण और मानव उत्थान के लिए अनुष्ठान किया।

अयोध्या से लखनऊ लौटकर आईं सपना गोयल ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि यह अवसर दशहरा पर्व का था इसलिए इस अनुष्ठान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बुराई चाहे जितनी भी शक्तिशाली हो लेकिन अंत में सत्य और धर्म की ही जीत होती है। रावण का अंत इस बात का साक्ष्य है कि अधर्म और अहंकार का अंत होकर रहता है।

उन्होंने बताया कि मंगलवारीय सामूहिक सुंदरकांड की गूंज ने मंदिर परिसर में आए हजारों भक्तों का भी ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और उन्हें भी सुंदरकांड के नियमित पाठ के लिए प्रेरित किया। इस बार वाराणसी, लखनऊ, बाराबंकी सहित अन्य शहरों की महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ॥

विवेक में न रहना सबसे बड़ा दुर्भाग्य है इसलिए बिना सोचे समझे कोई काम नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है मां लक्ष्मी स्वयं उसका चुनाव करती हैं।


## संपादकीय

# एससीओ में भारत

पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन का समय ऐसा है जब दुनिया कठिनाई के दौर से गुजर रही है। दो बड़े संघर्ष जारी हैं, जिनका असर पूरे विश्व पर पड़ रहा है। ऐसे में आतंकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा है। क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत अभिसरण का एक मजबूत समर्थक है और उसने एससीओ में राज्य प्रायोजित आतंकवाद के मुद्दों को हमेशा उठाया है। भारत पहले ही एससीओ में चीन-पाकिस्तान धुरी के खिलाफ अपनी नाराजगी प्रकट कर चुका है। बुधवार को सम्मेलन में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद से लड़ने और संयुक्त राष्ट्र जैसे विश्व निकायों को अधिक समावेशी, प्रतिनिधि और लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ने एससीओ के मंच का इस्तेमाल चीन के अपने पड़ोसियों के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने के मुद्दे को उठाने के लिए किया। भारत एससीओ का एकमात्र देश है, जिसने चीन की विवादास्पद 'वन बेल्ट वन रोड' संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। एससीओ राजनीति, व्यापार और अर्थव्यवस्था, अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति में प्रभावी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। पिछले दो दशकों में एससीओ पूरे एशियाई क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद, अलगाववाद की 'तीन बुराइयों' से लड़ना रहा है। शुरुआती दिनों में और क्षेत्र की स्थिति के कारण, एससीओ ने सदस्य देशों के सामने आने वाली तत्काल चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी का खतरा शामिल था।

विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि यदि सीमा पार गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और विभाजनवाद से प्रभावित हैं, तो वे संभवतः व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन नहीं देंगे। वास्तव में सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। इसमें क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए। विकास और वृद्धि को शांति व स्थिरता की आवश्यकता होती है। अगर वैश्विक व्यवस्थाओं, खासकर व्यापार और पारगमन के क्षेत्रों में अपने फायदे के हिसाब से चयन करेंगे तो सहयोग आगे नहीं बढ़ सकता। एससीओ के मंच से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। अंततः यह कहा जा सकता है कि सम्मेलन में भारत ने विचार-विमर्श में सकारात्मक और रचनात्मक योगदान दिया।

# बेमौसम बस्ती में क्यों आ रहा है तेंदुआ



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है।

ऐसा कहा जाता है कि बरसात के मौसम में जंगल में मंगल होता है। घने वन झूमते हैं और हर जानवर के लिए पर्याप्त भोजन होता है, लेकिन इस बार अकेले उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों में तेंदुए ऐसे मौसम में बस्ती की तरफ आ रहे हैं और उनकी भिड़ंत इंसान से हो रही है। मुरादाबाद- अमरोहा के सैंकड़ों किसान तेंदुए के डर से खेत नहीं जा रहे तो लोगों ने दिन में भी जंगल या एकांत से गुजरना छोड़ दिया है। हापुड़ और मेरठ में भी घनी बस्ती में तेंदुआ पालतू जानवरों का शिकार कर चुका है। बिजनौर में तेंदुआ 25 से अधिक जान ले चुका है। पीलीभीत के आसपास एक हजार से अधिक तेंदुओं के घूमने की बात जंगल महकमा कह रहा है।

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है। तेंदुए जैसे जानवर को क्या जलवायु अपरिवर्तन से जूझने में दिक्कत हो रही है? यह सच है कि जब जंगल का जानवर बस्ती में दिखता है तो इंसान में भी डर की भावना आती है। एक तो समझना होगा कि तेंदुआ बस्ती की तरफ आ क्यों रहा है, दूसरा यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी जानवर इंसान पर हमला करने के लिए गांव-शहर में आता नहीं, फिर इस बात का ऐसा निदान खोजा जा सकता है कि प्रकृति की यह सुंदर देन अपने नैसर्गिक पर्यवास में निरापद रहे।

गत 9 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच, जिसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे, ने दुर्लभ पक्षी ग्रेट इंडिया बस्टर्ड को संरक्षण वाले मामले में माना है कि लोगों को मौलिक अधिकारों के दायरे में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का अधिकार है। वहीं धरती के अन्य जीव भी उतने ही कीमती हैं जितना इंसान।



तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था।

चीता हमारे सामने उदाहरण है कि आजादी के बाद कैसे वह हमारे देश से लुप्त हुआ था। आज भले ही तेंदुए की संख्या पर्याप्त है, लेकिन जब उसका इंसान से टकराव बढ़ेगा तो जाहिर है कि उसके प्रजनन, भोजन, पर्यावास सभी पर कुप्रभाव पड़ेगा, खासकर जब जलवायु परिवर्तन की मार अब जानवरों पर बुरी तरह से पड़ रही है। यह बात गौर करने की है कि कुछ साल पहले तक तेंदुए के शावक जनवरी से मार्च तक दिखाई देते थे, लेकिन इस बार भारी बरसात में अर्थात जुलाई में जगह-जगह शावक दिख रहे हैं। जाहिर है कि बदलते मौसम ने तेंदुए के प्रजनन काल में बदलाव कर दिया है। हो यह रहा है कि बाघ के कारण तेंदुए गहन जंगल को छोड़ने पर जब मजबूर होते हैं तो वे बस्ती-शहर के पास डेरा डालते हैं, जहां तापमान बढ़ने का कुप्रभाव सबसे अधिक है और इसने उनके मूल स्वभाव में परिवर्तन ला दिया है। घने जंगल कम होने से तेंदुए के इलाके में बाघ का कब्जा हो गया और जब पानी और घास पर जीने वाले जीव, जोकि मांसाहारी जानवरों के भोजन होते हैं, उनकी पर्याप्त संख्या होने के बावजूद तेंदुए को अधिक गरम इलाके में आना पड़ रहा है। जान लें कि जंगल का जानवर इंसान से सर्वाधिक भयभीत रहता है और वह बस्ती में तभी घुसता है जब वह पानी या भोजन की तलाश में बेहाल हो जाए। चूंकि तेंदुआ कुत्ते से लेकर मुर्गी तक को खा सकता है, अतः जब एक बार लोगों की बस्ती की राह पकड़ लेता है तो सहजता से शिकार मिलने के लोभ में बार-बार यहां आता है। यदा-कदा जंगल महकमे के लोग इन्हे पिंजड़ा लगाकर पकड़ते हैं और फिर पकड़े गए स्थान के करीब ही किसी जंगल में छोड़ देते हैं। चूंकि तेंदुए की याददाश्त बेहतरीन है सो वह लौटकर वहीं आ जाता है। घने जंगल में बिल्ली मौसी के परिवार के बड़े सदस्य बाघ का कब्जा होता है और इसीलिए परिवार के छोटे सदस्य जैसे तेंदुए या गुलदार बस्ती की तरफ भागते हैं। विडंबना है कि जंगल के संरक्षक जानवर हों या फिर खेती-किसानी के सहयोगी मवेशी, उनके के लिए पानी या भोजन की कोई दूरगामी नीति नहीं है। तेंदुआ एक अच्छा शिकारी तो है ही, किसी इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र की गुणवत्ता का मानक चिन्ह भी होता है। दुर्भाग्य है कि आज इसका अस्तित्व ही खतरे में है। जंगली बिल्लियों के कुनबे के मूलभूत गुणों से विपरीत इनका स्वभाव हालात के अनुसार खुद को ढाल लेने का होता है। जैसे कि ये चूहों और साही से लेकर बंदरों और कुत्तों तक किसी भी जानवर का शिकार कर सकते हैं। वे गहरे जंगलों और मानव बस्तियों के पास पनप सकते हैं। यह अनुकूलन क्षमता, इन्हें कही भी छिपने और इंसान के साथ जीने के काबिल बना देती है, लेकिन जब तेंदुए जंगलों के बाहर उच्च मानव घनत्व वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं तो हमें लगता है कि वे भटक गए हैं। हम भूल जाते हैं कि यह उनका भी उतना ही घर है, जितना हमारा है।

तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और उसमें बसने वाले जानवरों के प्राकृतिक पर्यावास के नष्ट होने से इंसानी दखल से दूर रहने वाले जानवर सीधे मानव के संपर्क में आ गए। यदि इंसान चाहता है कि वह तेंदुए जैसे जंगली जानवरों का निवाला न बने तो जरूरत है कि नैसर्गिक जंगलों को छेड़ा न जाए, जंगल में इंसानों की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगे। खासकर जंगलों में नदी-नालों को खनिज या रेत उत्सर्जन के नाम पर नैसर्गिक संरचनाओं को उजाड़ा न जाए।

## प्रसंगवश

# शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक महत्व

श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार चन्द्रमा को औषधि का देवता माना जाता है। इस दिन चांद अपनी 16 कलाओं से पूरा होकर अमृत की वर्षा करता है। मान्यताओं से अलग वैज्ञानिकों ने भी इस पूर्णिमा को खास बताया है, जिसके पीछे कई सैद्धांतिक और वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं।

शरद पूर्णिमा स्वास्थ्य की दृष्टि से एक ऐसी रात्रि मानी जाती है जब क्षितिज से अमृत की रश्मियां संजीवनी बनकर बरसती हैं। तत्व दर्शन यह है कि शरद पूर्णिमा की रात को चूंकि चंद्रमा धरती के सर्वाधिक निकट होता है, इस कारण इसकी किरणें धरती पर छिटक कर अन्न-जल व वनस्पति को अपने औषधीय गुणों से अधिक सघनता से सिंचित करती हैं। इस पूर्णिमा पर चावल और दूध से बनी खीर को चांदनी रात में रखकर प्रातः 4 बजे सेवन किया जाता है। इससे रोग खत्म हो जाते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एक अन्य वैज्ञानिक शोध के अनुसार इस दिन दूध से बने उत्पाद का चांदी के पात्र में सेवन करना चाहिए। चांदी में प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। इससे विषाणु दूर रहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 30 मिनट तक शरद पूर्णिमा का स्नान करना चाहिए। इस दिन बनने वाला वातावरण दमा के रोगियों के लिए विशेषकर लाभकारी माना गया है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

एक अध्ययन के अनुसार शरद पूर्णिमा पर औषधियों की स्पंदन क्षमता अधिक होती है। यानी औषधियों का प्रभाव बढ़ जाता है रसाकर्षण के कारण जब अंदर का पदार्थ सांद्र होने लगता है, तब रिक्तिकाओं से विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है। लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात किरणों को दर्पण के माध्यम से अपनी नाभि पर ग्रहण करता था। इस प्रक्रिया से उसे पुनर्योवन शक्ति प्राप्त होती थी। चांदनी रात में 10 से मध्यरात्रि 12 बजे के बीच कम वस्त्रों में घूमने वाले व्यक्ति को ऊर्जा प्राप्त होती है। सोमचक्र, नक्षत्रीय चक्र और आश्विन के त्रिकोण के कारण शरद ऋतु से ऊर्जा का संग्रह होता है और बसंत में निग्रह होता है। क्यों बनाई जाती है खीर?- वैज्ञानिकों के अनुसार दूध में लैक्टिक अम्ल और अमृत तत्व होता है। यह तत्व किरणों से अधिक मात्रा में शक्ति का शोषण करता है। चावल में स्टार्च होने के कारण यह प्रक्रिया और भी आसान हो जाती है। इसी कारण ऋषि-मुनियों ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में खीर खुले आसमान में रखने का विधान किया है और इस खीर का सेवन सेहत के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इससे पुनर्योवन शक्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह परंपरा विज्ञान पर आधारित है। इससे वनस्पतियों में नया प्राणतत्व आ जाता है। इसीलिए प्राचीनकाल में शरद पूर्णिमा की रात को आयुर्वेद के मनीषियों द्वारा विभिन्न जड़ी बूटियों से जीवनदायी औषधियों के निर्माण की परंपरा शुरू की गई थी,जो आज भी कायम है। भगवान श्रीकृष्ण भी गीता में कहते हैं-"पुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः।।" अर्थात मैं ही रसस्वरूप अमृतमय चन्द्रमा होकर संपूर्ण औषधियों को अर्थात वनस्पतियों को पुष्ट करता हूं। उनका यह कथन भी शरद पूर्णिमा की उपादेयता को पुष्ट करता है। ऋतु परिवर्तन स्वास्थ्य से जुड़ा है महत्व आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार इस पूर्णिमा के चंद्रमा से एक विशेष प्रकार का अमृत रस झरता है, जो अनेक रोगों में संजीवनी की तरह काम करता है। आयुर्वेद के मनीषियों ने शरद पूर्णिमा के इस चंद्र अमृत का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए मिट्टी के बर्तन में खीर बनाकर उसे घरों की छतों पर खुले आकाश के नीचे रखने तथा अगले दिन प्रातः काल इस अमृतमय खीर का प्रसाद के रूप में सेवन करने की परंपरा बनाई थी।

शरद पूर्णिमा की रात को खुले आकाश तले रखी जाने वाली इस खीर की औषधीय महत्ता अब वैज्ञानिक प्रयोगों से भी परखी जा चुकी है। काशी के आयुर्वेदाचार्य शांतनु मिश्र बताते हैं कि शरद पूर्णिमा पर काशी के गढ़वाघाट मठ से अनेक वर्षों से अस्थमा पीड़ितों के लिए खास तरह औषधि का वितरण किया जाता है, जो चंद्रकिरणों से तैयार की जाती है। वे कहते हैं कि शरद पूर्णिमा को ब्रह्म मुहूर्त में चन्द्रमा की किरणों के बीच जब गंगा में स्नान किया जाता है तो मनुष्य के शरीर में अनूठी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। रोग का कारण त्रुटिपूर्ण जीवनशैली हमारी वैदिक मनीषा द्वारा सदियों पूर्व बनाए गए स्वास्थ्य संरक्षण के नियम-उपनियम आज भी उतने ही कारगर हैं तथा समूची दुनिया इनकी वैज्ञानिकता को जान-परख कर चमत्कृत है। आज के समय में रोगों की भरमार का मूल कारण हमारी त्रुटिपूर्ण जीवन शैली है। इससे उबरने के लिए प्रयोगों पर कसौटी पर खरे उतरे। शरद पूर्णिमा के दिन किए जाने वाले स्वास्थ्य संरक्षण के उपचारों को हर भारतवासी को अपनाना चाहिए।

# आधुनिक समाज में वाल्मीकि के आदर्शों का क्षय



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें।

वाल्मीकि का महाकाव्य रामायण न केवल साहित्यिक, बल्कि नैतिक आदर्शों का भी प्रतीक है। उनके द्वारा स्थापित धर्म, सत्य, कर्तव्य और करुणा के सिद्धांत, जो कभी मानवता के लिए मार्गदर्शन का स्रोत थे, आज के समाज में कहीं खोए हुए प्रतीत होते हैं। वाल्मीकि ने कहा था, "धर्मो रक्षति रक्षितः" अर्थात धर्म की रक्षा करो, तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा, लेकिन आज धर्म की रक्षा नहीं, बल्कि उसका कुशल प्रबंधन किया जाता है, जैसे कि यह कोई व्यावसायिक प्रोडक्ट हो। आज लोग मंदिरों में लंबी कतारों में खड़े होते हैं, धक्का मुक्की के बीच ईष्ट के दर्शन करते हैं पर घर पहुंचते ही 'धर्म' और 'अधर्म' की परिभाषा अपनी सहूलियत के अनुसार बदल लेते हैं। धर्म और सत्य आज के युग में 'वैल्यू प्रोपोजिशन' बन गए हैं। सत्य तब तक सही है जब तक वह हमारे हित में हो और धर्म का पालन तब तक होता है जब तक वह हमारे लाभ में हो। वाल्मीकि अगर आज यह देखते, तो शायद सोचते, "धर्म की रक्षा की बात तो मैंने मानवता की भलाई के लिए की थी, न कि स्वार्थ सिद्धि के लिए।"

वाल्मीकि ने राम के चरित्र के माध्यम से कर्तव्य पालन का आदर्श प्रस्तुत किया था। आज के दौर में हर किसी के पास कर्तव्य के बारे में बात करने का समय है, लेकिन जब इसे निभाने की बात आती है तो लोग अचानक व्यस्त हो जाते हैं। आधुनिक कर्तव्य एक ऐसी 'टू-डू लिस्ट' बन गया है, जिसे हम रोज देखते हैं और फिर कहते हैं, "कल करेंगे।" कर्तव्य पालन अब केवल भाषणों की शोभा रह गया है। असल में इसे निभाने की फुर्सत नहीं है। वाल्मीकि का हृदय करुणा से भरा हुआ था। उन्होंने क्रौंच पक्षी के वध पर जो श्लोक रचा, वह उनकी करुणा और संवेदनशीलता का प्रतीक हैः "मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।" (हे निषाद, तुमको कभी शांति प्राप्त न हो, क्योंकि तुमने प्रेम में लगे हुए क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक को मार डाला)।

आज करुणा अब संवेदनशीलता का नहीं, बल्कि 'मौके' का प्रतीक बन गई है। लोगों को मदद करनी हो तो सबसे पहले यह देखा जाता है कि इससे उनका लाभ होगा या नहीं। असहाय की पुकार सुनने से पहले लोग ये सोचने लगते हैं कि इससे उनकी सामाजिक छवि पर क्या असर पड़ेगा। वाल्मीकि ने राम के जीवन को त्याग और संयम का आदर्श माना था। आदर्श जीवन अब माया और दिखावे से घिरा हुआ है। त्याग और संयम जैसी बातें अब केवल कहानियों तक सीमित हो गई हैं। वाल्मीकि ने रामराज्य का आदर्श प्रस्तुत किया था,जहां सत्य, न्याय और धर्म की प्रधानता थी। "रामो विग्रहवान धर्मः" अर्थात राम धर्म के साक्षात स्वरूप हैं, लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि सत्य, न्याय और धर्म की जगह केवल वादों और स्वार्थ ने ले ली है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं और चुनाव जीतने के बाद जनता सोचती रह जाती है कि यह वादे थे या सपने। वाल्मीकि के विचारों को जितनी गहराई से समझा जाए, उतने ही विविध पहलू उनके दर्शन में सामने आते हैं। उनके विचार सिर्फ नैतिकता, धर्म और कर्तव्य तक सीमित नहीं थे, बल्कि जीवन के हर पहलू में गहराई से जुड़े हुए थे। उनके आदर्श हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हम वास्तव में उन सिद्धांतों का पालन कर रहे हैं या फिर वे बस हमारे आभासी जीवन का हिस्सा बन गए हैं।

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। वाल्मीकि का साहित्यिक योगदान केवल उनकी रचनाओं तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने समाज में जो नैतिक और आध्यात्मिक आदर्श स्थापित किए, वे आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने न केवल रामायण के माध्यम से धर्म, सत्य, कर्तव्य और त्याग के मूल्यों को सजीव किया, बल्कि समाज में व्याप्त असमानताओं को भी चुनौती दी।

वाल्मीकि जयंती का यह अवसर हमें उनके आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का मौका देता है। उनका संदेश यह है कि चाहे जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो, आत्मसुधार और सत्य का मार्ग अपनाकर हम न केवल स्वयं को, बल्कि समाज को भी एक बेहतर दिशा दे सकते हैं। उनके आदर्श और शिक्षाएं आज के समाज में उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं। इस जयंती पर हम उनके महान साहित्यिक और समाज सुधारक योगदान को नमन करते हैं और उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प करते हैं।

## सोशल फोरम

# देवी लक्ष्मी और उल्लू

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता


हिंदू परिवारों में लक्ष्मी एक बड़ा प्रिय शब्द है, क्योंकि धन-संपत्ति आज के जमाने में किसे प्रिय नहीं है। पर क्या कभी सोचा है कि लक्ष्मी की सवारी उल्लू क्यों है? उल्लू एक अनोखा जीव है जिसे दिन में दिखता नहीं है। फिर जिसने भी लक्ष्मी के साथ उल्लू की कल्पना की, उसका अभिप्राय इसके अलावा क्या होगा कि धन-संपत्ति पाकर अंधे न हो जाओ, बुद्धि के देवता गणेश को थोड़ा याद कर लो।

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है। किसी परिवार में लड़की पैदा होने पर कभी सांत्वना पाने के लिए और कभी उसके गोरे सौंदर्य पर खुश होकर कहा जाता है कि लक्ष्मी पैदा हुई है। हिंदू कल्पना में सरस्वती, लक्ष्मी, सीता, राधा, दुर्गा, अधिकांश देवियां गोरी हैं। सभी देवता सांवले या काले हैं। यह इस देश में एक वर्ण-पूर्वग्रह है कि लड़के भले काले हों, पर लड़की गोरी होनी चाहिए। अकसर कहा जाता है, रूप में लक्ष्मी और गुण में सरस्वती। लड़कों के बारे में कहा जाता है कि लड़कों का रूप क्या देखना, उनका गुण देखो। लड़की सुंदर चाहिए, पढ़ी-लिखी और गृहकार्य में निपुण। लक्ष्मी की एक लोकप्रिय छवि विष्णु के चरणों के पास बैठकर उनकी सेवा करने की है। ऐसी धार्मिक छवियों ने भी स्त्रियों का क्या कर्तव्य है, यह निर्धारित करने में एक बड़ी भूमिका निभाई है और उनके अधिकारों को हजारों साल से प्रभावित किया है। यदि नई बहू के आने के बाद कोई दुर्घटना हो गई तो उसे सुनना पड़ता है,'इसका पैर खराब है','तू अलक्ष्मी है, तेरी वजह से नुकसान हुआ'। फिर शिकायतों से लेकर मारने-जलाने तक का कर्मकांड चलता है। स्त्री को अपने रूप-रंग, शकुन-अपशकुन, सुनिर्धारित कर्तव्य-अकर्तव्य आदि के कारण जो दुख-कष्ट झेलने पड़ते हैं। उसके मूल में पुरानी धार्मिक कल्पनाओं की सीमा को समझना चाहिए।

- फेसबुक वॉल से

# सर सैय्यद के मिशन से भटक गया मुस्लिम समाज

अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी (एएमयू) के संस्थापक आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक, सर सैय्यद अहमद खान का जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुआ था, उन्होंने अपना काम एक लोक सेवक के तौर पर शुरू किया था। सन 1857 की क्रांति सर सैय्यद अहमद के जीवन की अहम घटना थी। उन्होंने इसका अंदाजा लगा लिया था कि मुस्लिम समुदाय के लिए खासकर उत्तर भारत में सामाजिक और राजनीतिक वजूद बनाए रखने के लिए अंग्रेजी भाषा एवं आधुनिक विज्ञान में निपुणता और कौशल प्राप्त करना होगा। सर सैय्यद उन रहनुमाओं में से एक थे, जिन्होंने पिछड़े, निर्धन मुस्लिम समाज के शक्तिकरण में शिक्षा की क्रांतिकारी भूमिका को अहम माना। वे न केवल आधुनिक भारत के महान राष्ट्र निर्माता थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। विभिन्न स्कूलों की शुरुआत करके उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के निर्माण की भूमिका तैयार कर दी थी। मुसलमानों में वैज्ञानिक चेतना का निर्माण और पश्चिमी ज्ञान को भारतीयों को अपनी भाषा में उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने सन 1863 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की स्थापना की। मार्च 1866 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की मैगनीज 'अलीगढ़ इंस्टिट्यूट गज़ेट' की शुरुआत की, जिसके जरिए पारंपरिक मुस्लिम समाज की सोच बदलने में उन्हें कामयाबी मिली।



मुहम्मद ख़ालिद जीलानी
वरिष्ठ अधिवक्ता, बरेली

सर सैय्यद की महानता की खासियत ये थी कि वह पहले ऐसे भारतीय मुस्लिम थे, जिन्होंने इस्लाम को नए नजरिए से देखने की ज़रूरत को समझा और उसके लिए काम भी किया। सर सैय्यद ने भारतीय उपमहाद्वीप के आधुनिक समाज के विकास में मूलभूत योगदान दिया, उनका मकसद भारत के मुसलमानों को सभ्यता के एक उच्च मुकाम को अपनाने के लिए प्रेरित करना था, ताकि उन्हें नीची नजर से देखने वाला सभ्य समाज भी अपना नजरिया बदल दें और वे भी दुनिया में एक सम्मानित और सभ्य समाज कहलाने के हकदार बन सकें। वर्तमान में देश के मुस्लिम समुदाय की शैक्षिक स्थिति बेहद खराब है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुसलमान शिक्षा के कई मानदंडों पर एससी और एसटी से भी पिछड़े हैं। एक निश्चित उम्र वर्ग वाले बच्चों के स्कूलों में अटेंडेंस के मामले में भी मुस्लिम समुदाय अन्य धार्मिक समुदायों की तुलना में पिछड़ा है। प्राइमरी स्तर की बात करें तो हर सौ मुस्लिम का ग्रास अटेंडेंस रेश्यू (गैर) अन्य, एससी, एसटी, ओबीसी, सिख, ईसाई और हिन्दू समाज की तुलना में सबसे कम है। अपर प्राइमरी स्तर पर मुस्लिम समुदाय ही एकमात्र ऐसा समुदाय है, जिसका गैर 90 प्रतिशत से कम है। सेकेंडरी स्तर पर मुसलमानों का गैर 71.9 प्रतिशत है, लेकिन एसटी 79.8 प्रतिशत और ओबीसी की तुलना में यह कम है। हायर सेकेंडरी स्तर पर मुस्लिमों का गैर 48.3 प्रतिशत है, जो एससी (52.8 प्रतिशत) से भी कम है।

मुसलमानों में ड्रॉपआउट का स्तर भी ज्यादा है। हायर सेकेंडरी स्तर से ऊपर की बात करें तो मुसलमानों का गैर 14.5 प्रतिशत है, जो दलितों के 17.8 प्रतिशत आंकड़े से कम है। आदिवासियों की अधिकांश आबादी सुदूर इलाकों में रहती है, मुसलमान उच्च शिक्षा वाले संस्थानों के करीब रहते हैं। बावजूद इसके मुसलमानों में ड्रॉप आउट का स्तर आदिवासी समुदाय के बराबर ही है। मुसलमानों की तीन से पैंतीस आयु वर्ग की आबादी का बड़ा हिस्सा औपचारिक शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं कराता है। इस उम्र समूह के करीब 17 प्रतिशत मुस्लिम पुरुष तो कभी शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं करवाते हैं। इसी तरह इस वर्ग के मुस्लिम महिलाओं का आंकड़ा 21.9 प्रतिशत है जबकि एसटी महिलाओं का औसत 22.4 प्रतिशत है। शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की इस दयनीय स्थिति ने आर्थिक और समाज के दूसरे क्षेत्रों व देश की मुख्य धारा से पीछे छोड़ दिया है। मुस्लिम समुदाय की मौजूदा नस्ल का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा और सभ्यता से दूर सुबह तड़के खिचड़ी-बिरयानी के खोमचों बात-बात मजहब के नाम पर सड़कों पर जुलूस, गली-दर-गली उर्स मनाते आसानी से देखा जा सकता है। सामाजिक बुराइयों के आडंबर और दहेज की लानत, अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी ने मुस्लिम समाज की सामाजिक हैसियत को बरबाद करके रख दिया है, सर सैय्यद अहमद खान के मिशन को धूमिल कर दिया है।

## आपका पत्र

# मितव्ययिता जरूरी समझें

अभी कुछ दिन पूर्व लखनऊ से मुंबई की हवाई यात्रा करनी पड़ी। लखनऊ एयरपोर्ट पर पत्नी को चाय की तलब महसूस हुई जब चाय के दाम मालूम किए तो भौच्चका रह गया। यही हाल प्लेन के अंदर मिलने वाली चाय का था। हम दोनों ने हवाई यात्रा में चाय न पीना ही बेहतर समझा। यह स्थिति देश के किसी भी एयरपोर्ट पर मिलेगी। बच्चों की दूर-दूर नौकरी के सिलसिले में अब मां-बाप को उनके पास जाने का मोह तो रहता है, किंतु मिडिल क्लास खासकर समाजवादी सोच के लोगों के लिए सामान्य इंडियन रेस्तरां के मुकाबले 8 गुना महंगी चाय या काफी एयरपोर्ट पर या प्लेन में पीना समझदारी पूर्ण नहीं लगता।

अधिकांश लोग इन खाने-पीने की चीजों पर खर्च नहीं करते, क्योंकि वो न तो दिखावे में विश्वास रखते न अपने बटुए में रखे धन का प्रदर्शन ही करना चाहते हैं। वो मितव्ययिता में यकीन रखने वाले लोग हैं। मितव्ययी होने का मतलब है अपने पैसे और इसे खर्च करने के तरीके के बारे में सावधान रहना,खर्च करने से पहले दो बार सोचना, हालांकि आज की नई पीढ़ी को समझा पाना बड़ा मुश्किल हो रहा है। वो यह नहीं समझते कि छोटी-छोटी बचत एक बड़ी रकम बन सकती है। शायद एक नई कहावत जन्म ले रही है, जिसमें खान-पान में खर्च का तरीका यह तय करेगा कि आप अमीर बन रहे हैं, इनका लहजा बता रहा है कि इनकी दौलत नई-नई है।

-संजीव मेहरोत्रा, बरेली

## एक नजर

### 55 ग्राम स्मैक के साथ गोंडा का शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम ने 55 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सनाकापुर कट के पास से अनूप कुमार तिवारी निवासी भभुवा थाना करनैलगंज, गोण्डा को गिरफ्तार किया। उसके पास से 55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना रामसनेहीघाट पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया।

### महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आपरेशन शील्ड के तहत समस्त थानों की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थानों की महिला बीट अधिकारी ने अपने- अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं, बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरूक किया। पुलिस ने आपरेशन शील्ड के तहत एसिड की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु दुकानों पर जांच की।

### सीएचसी के बाहर खड़ी बाइक उठा ले गए चोर

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र में सीएचसी त्रिवेदीगंज के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पीड़ित दवा लेने के लिए गया था। थाना क्षेत्र के ही धौरहरा निवासी कुलदीप कुमार सुबह सीएचसी पर बाइक से दवा लेने गया था। दवा लेकर जब बाइक के पास पहुंचा तो बाइक मौके से नदारद थी। उसने बाइक की तलाश की। न मिलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। एसओ दौमित्र सेन रावत ने बताया सीएचसी पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

### सड़क किनारे पड़ा मिला नवजात बच्ची का शव

**मसौली, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र अन्तर्गत करसण्डा गांव में बाराबंकी–रामनगर हाईवे के किनारे स्थित आम के बाग के निकट एक प्लास्टिक के झोले पर नवजात बच्ची का शव मिला। बच्ची के शव मिलने से गांव में सनसनी मच गई।

# उत्तर रेलवे आज से चलाएगा स्वच्छता अभियान

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे 17 अक्टूबर, 2024 से स्पेशल कैम्पेन 4.0 के तहत 3 दिवसीय स्वच्छता अभियान चलायेगा, यह विशेष स्वच्छता अभियान वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में स्टेशन पर, कारखानों, प्रमुख कोचिंग डिपो, माल डिपो, एवं ईएमयू/एमईएमयू शेड में चलाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर रेलवे 17 अक्टूबर 2024 से 19 अक्टूबर 2024 तक स्पेशल कैम्पेन 4.0 के तहत 3 दिवसीय गहन स्वच्छता अभियान चलाएगी। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक एके. वर्मा ने अधिकारियों को इस तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान में सभी प्रमुख स्टेशनों, कारखानों, और डिपो में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया है साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि यह अभियान व्यापक और प्रभावशाली हो।

### यात्रियों की सुविधा को ट्रेनों के समय में संशोधन

**नई दिल्ली :** यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे विभिन्न ट्रेनों के समय में संशोधन किया गया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि त्योहार को देखते हुए कई ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया है।

## बस ने कार में मारी टक्कर, बचे सवार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार की दोपहर टोल प्लाजा की लेन में जल्दी लगने के फेर में रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। हालांकि कार सवार बाल-बाल बच गए। बाद में पुलिस ने सुलह करा दी। मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहाबपुर टोल प्लाजा लेन में पहले पहुंचने की जल्दी में रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। घटना के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। लखनऊ से गोंडा की तरफ जा रहे कार चालक सुशांत ने बताया कि वह अपनी गाड़ी लेन में लगा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। इसकी सूचना मसौली पुलिस को दी गई, उधर बस का परिचालक कार चालक की ही गलती बताकर बहस करता रहा।

# महिलाओं की शिकायतें करायें निस्तारित

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने समीक्षा बैठक में दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


महिलाओं को फल वितरित करतीं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव।

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन के स्वर्ण जयन्ती सभागार में समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई की गई।

इस दौरान 22 घरेलू हिंसा एवं अन्य समस्याओं से पीड़ित महिलाओं के मामले सुने गये। पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके बाद अपर्णा यादव ने कारागार में महिला बैरक, गौशाला, पाकशाला का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र ढकौली में आयोजित अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बच्चों एवं महिलाओं को फल, मिष्ठान्न एवं अन्य सामग्री की टोकरी दी।

जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव के अंतर्गत 30 नवजात बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को बेबी किट, फल, मिष्ठान्न एवं अन्य सामग्री वितरित की। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जिला महिला चिकित्सालय के सीएमएस को परिसर में स्वच्छता पर ध्यान देने का निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) का निरीक्षण किया और किशोरियों से बातचीत की।

### बिजली गुल, टार्च की रोशनी में हुई थोड़ी देर तक बैठक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव सुबह लगभग साढ़े 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचीं। उन्हें बताया गया कि बैठक विकास भवन सभागार में होगी।वह कास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में पहुंचीं। वहां पर कोई तैयारी नहीं थी। बैठक के दौरान बिजली न होने से सभागार में अंधकार था। ऐसे में वह काफी देर तक मोबाइल टॉर्च की रोशनी में बैठक करती रहीं। बाद में बिजली आयी। बैठक में सीडीओ अ.सुदन, एसडीएम न्यायिक बिजय कुमार त्रिवेदी, सीएमओ डा. अवधेश कुमार यादव, सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी, बीएसए संतोष देव पाण्डेय और जिला प्रोबेशन अधिकारी समेत कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


# 5 जोन, 13 सेक्टर में बंटा परिसर

## कल से शुरू होगा देवा मेला : नजर रखने के लिए पूरे क्षेत्र में लगाए गए 121 सीसीटीवी कैमरे

संवाददाता, देवा (बाराबंकी)

**अमृत विचार :** कल से शुरू हो रहे 10 दिवसीय देवा मेला की निगरानी के लिए समूचे मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसका खाका तैयार कर लिया गया है।

सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता कुर्बान अली शाह उर्फ दादा मियां की याद में लगने वाला 10 दिवसीय देवा मेला 18 अक्टूबर से शुरू होगा। इसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि मेला परिसर में 41 जगहों पर 121 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इससे मेला परिसर की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। समूचे मेला परिसर को 5 जोन और 13 सेक्टर में बांटा गया है। मेले में 23 पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। इसके अलावा मेला के दौरान 18 निरीक्षक, 120 उपनिरीक्षक, 9 महिला उपनिरीक्षक, 500 कांस्टेबल, 120 महिला आरक्षी, 30 ट्रैफिक पुलिसकर्मी, 280 होमगार्ड और 5 फायर टेंडर सहित तीन कंपनी पीएसी की तैनाती की गई है। इसके अलावा मेले में अस्थायी पुलिस लाइन भी बनाई गई है। वहीं मेला परिसर में शोहदों और अराजक तत्वों पर खास नजर रखी जाएगी।


पोल पर लगा सीसीटीवी।

### 24 को सजेगी नामचीन कवियों की महफिल

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा मेला के ऑडिटोरियम में 24 अक्टूबर को आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में नामचीन कवियों की महफिल सजेगी। कवियों के नाम तय किये जा चुके हैं। देवा मेला में आयोजित होने वाला कवि सम्मेलन अपने आप में एक मिसाल है। इस मंच पर पद्मश्री गोपालदास नीरज जैसे विख्यात कवि अपना काव्य पाठ प्रस्तुत कर चुके हैं। देवा मेला में होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के बारे में आयोजन समिति के सचिव डॉ. अंबरीश अम्बर ने बताया कि 24 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें कवि डॉ. विष्णु सक्सेना मेरठ, मणिका दुबे जबलपुर (मप्र), अशोक चरण राजस्थान, विनोद राजयोगी मैनपुरी, शैलजा सिंह दिल्ली, डॉ. नीरज पाण्डेय रायबरेली, शशि श्रेया लखनऊ, हलधर गोंडवी गोंडा, अभय निर्भीक अंबेडकरनगर, नंदजी नंदा बलिया, विनय शुक्ला रामनगर, अखण्ड प्रताप सिंह लखनऊ और आशीष सिंह बाराबंकी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।


डॉ. विष्णु।



मणिका दुबे।


अशोक चरण।

**एसपी ने लिया मेले की सुरक्षा का जायजा, देवा, बाराबंकी :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार की देर शाम देवा पहुंचकर मेला की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कस्बा सहित मेला परिसर में पैदल भ्रमण कर मातहतों को निर्देश दिए व व्यवस्थाओं की हकीकत जानी।

# भाजपा संविधान बदलने का कर रही प्रयास

अयोध्या कार्यालय


हनुमान गढ़ी पर दर्शन पूजन करने पहुंचे कांग्रेस के महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष।

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर में आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन के लिए अयोध्या पहुंचे कांग्रेस के महासचिव अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन व पूजन किया।

महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि संविधान को बदलने का प्रयास बीजेपी की डबल इंजन की सरकार कर रही है, हम संविधान को बदलने नहीं देंगे। संविधान को बचाने का संकल्प लेने के लिए प्रदेश में आज 10 सम्मेलन होंगे। उन्होंने कहा कि इस न्याय की लड़ाई के लिए राहुल गांधी पूरे देश में संघर्ष कर रहे हैं। महासचिव ने कहा कि चुनाव आयोग सरकार के हाथ की कठपुतली बन गया है। मिल्कीपुर के चुनाव की घोषणा अन्य चुनाव के साथ चाहिए थी होनी। उन्होंने कहा कि भाजपा डरी हुई है, वह हार से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नौ नहीं 10 सीट पर इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगी।

**कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडेय ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ किए रामलला के दर्शन**

### बहराइच की घटना की निंदा करते हैं : अजय राय

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बहराइच की घटना की हम निंदा करते हैं। कहा कि मृतक के परिवार को योगी सरकार एक करोड़ की आर्थिक सहायता दे। जिन लोगों के मकान जलाए गए हैं उन लोगों को क्षतिपूर्ति दी जाए और जो लोग इसमें शामिल हैं, उनके खिलाफ हो कठोर कार्रवाई की जाए।

## हादसे में बाइक सवार दंपति घायल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग पर बुधवार शाम करीब चार बजे लोनीकटरा थाना क्षेत्र के अलादादपुर गांव के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी घायल हो गए।

रायबरेली जिले के थाना शिवगढ के सेवली निवासी अनुज (27) बाइक से पत्नी रोशनी (25) के साथ दवा लेने लखनऊ जा रहा था। रास्ते में ट्रक की टक्कर बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## विधानसभावार होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरुआत नवंबर से होगी। 12 नवंबर से शुरू हो रही सहालग को लेकर शासनस्तर से सामूहिक विवाह कराने के निर्देश मिले हैं। विधानसभावार आयोजन किये जाएंगे।

समाज कल्याण विभाग को इस वित्तीय वर्ष में 1503 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य मिला है। इसमें से नवंबर माह में करीब आठ सौ शादियां कराने की तैयारी है।

इस बार सरकारी शादियों का दौर 12 नवंबर से शुरू होगा। निदेशालय द्वारा समाज कल्याण विभाग को शुभलग्न की तिथियां निर्धारित करते हुए सामूहिक शादियां कराने के निर्देश मिले हैं। इसके बाद से विभाग आयोजन करने की तैयारी में लगा है। नवंबर माह में किन-किन तिथियों में आयोजन होंगे, इस पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार अंतिम मुहर लगाएंगे। इस बार ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था लागू होने से सैकड़ों आवेदन आ चुके हैं। आवेदनों की जांच ब्लॉकस्तर पर एसडीएम द्वारा कराई जा चुकी है। करीब 500 जोड़े विवाह के बंधन में बंधेंगे।

# जल ब्राह्मी से अखिलेश कुमार की विदेशों में बनी धाक

संवाददाता, सीतापुर

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अन्य किसानों के लिए बने मिसाल, कई जिलों के व्यापारी ले रहे खेप**

**अमृत विचार:** जल ब्राह्मी का नाम आते ही मन में हर्बल दवाओं की याद आ जाती हैं। ये न सिर्फ महंगी बल्कि शरीर की घातक बीमारियों में लाभकारी साबित हुई हैं। औषधियों को तैयार करने वाली जल ब्राह्मी इन दिनों सीतापुर जिले से बड़ी मात्रा में प्रदेश ही नहीं बल्कि कारोबारियों के माध्यम से विदेशों तक भेजी जा रही हैं। उपयोगिता को ध्यान में रखकर प्रगतिशील किसान अखिलेश ने बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र से 500 किसान और तैयार कर लिये हैं। ताकि वे उपज और रोजगार दोनों को आगे बढ़ा सकें।


अखिलेश कुमार।

रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र के गौरा गांव के किसान अखिलेश कुमार बताते हैं कि कई दशकों से उनका क्षेत्र बाढ़ और कटान प्रभावित रहा है। यहां अधिकतर इलाकों में फसलें जलमग्न हो जाती है। फिर किसानों के सामने रोजगार का संकट खड़ा होता है। तीन वर्ष उनके करीबी ने जल ब्राह्मी फसल के रूप में लगाए जाने का सुझाव दिया। फिर कृषि वैज्ञानिकों की मदद से एक एकड़ में जल ब्राह्मी तैयार की। तीन वर्ष के भीतर आमदनी बढ़ने पर दस एकड़ से अधिक भूमि पर औषधि की खेप तैयार की जा रही है। लखनऊ के अलावा कानपुर, गोरखपुर, बनारस, बिहार, बरेली सहित कई अन्य स्थानों के व्यापारी से खरीदकर विदेशों में निर्यात किया जा रहा है।


जल ब्राह्मी की कटाई करते मजदूर। अमृत विचार

**मुनाफे की फसल से खरीदी कंबाइन मशीन ने दी राहत:** अखिलेश कुमार का कहना है कि तीन वर्ष पूर्व आर्थिक स्थिति काफी खस्ता थी। उपज से मिले मुनाफे से उन्होंने 20 लाख से अधिक की कंबाइन मशीन खरीदी है। बताते हैं कि इससे पानी में लगे धान भी आसानी से कट जाते हैं। जो इलाके के किसानों के लिए मददगार है।

### इतना हुआ मुनाफा

- एक एकड़ में होने वाला खर्च- 45-50 हजार रुपये।
- सूखने पर फसल तैयार- एक एकड़ में 50 क्विंटल।
- प्रति क्विंटल बिक्री- चार से पांच हजार रुपये।

### इन किसानों ने शुरू की खेती

राजकुमार, हरेराम, दिनेश, रामकुमार, हरीश सहित 50 अन्य किसानों ने जल ब्राह्मी की खेती शुरू कर दी है।


## वर्ग पहेली-224

**बाएं से दाएं**

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी; वेग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



### वर्ग पहेली -223 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ने | ग | 2 चा | र | | |
| | | ड | | 3 मां | |
| | | का | | ड | |
| | 4 भा | र | 5 जी | वी | |
| | रि | | वा | | 6 पा |
| | त | | धा | | व |
| | | 7 बी | र | बा | नी |

## सुडोकू -137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 9 | | 3 | | |
| 6 | 3 | | 2 | 5 | | | 4 | |
| 5 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | | | 3 | 5 | | |
| 8 | 7 | | 5 | | 9 | | 2 | 6 |
| | | 1 | 8 | | | | 7 | |
| | | | 4 | | | | | 7 |
| | 6 | | | 1 | 5 | | 9 | 8 |
| | | 2 | | 6 | 7 | | | |

### सुडोकू - 136 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 1 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 16.55 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–दक्षिण। **ऋतु**–शरद।
चन्द्रबल– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–रेवती 16.20 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** – आज पेपर वर्क को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। आर्थिक मामलों को लेकर परेशानी होगी। शोध संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। सड़क पर ट्रैफिक नियमों का सावधानी से पालन करें आर्थिक दंड भुगतना पड़ सकता है।

**वृष** – आज आपके मन में नए व्यापारिक आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। नौकरी में आपको उच्च पद मिल सकता है। धर्म-कर्म के प्रति आपका मन लगेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने गुरु के प्रति निष्ठा भाव रखें।

**मिथुन** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। संतान की नौकरी संबंधी परेशानी का समाधान होगा। नव विवाहितों का विवाह तय हो सकता है। योजनाओं को अच्छी तरह से कार्यान्वित कर पाएंगे।

**कर्क** – आज बड़े सरकारी ऑर्डर आपको मिलने की संभावना है। विवादित मुद्दों का कूटनीतिक समाधान मिलेगा। घर का माहौल अच्छा रहेगा। अधिकारी आपके तर्कों से प्रभावित होंगे। पेट में वायु विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह** – आज दुष्ट लोगों की संगत से बचें। प्रियजनों से विवाद करने से बचें। कार्यक्षेत्र में अपनी कार्यशैली को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा ध्यान देना होगा।

**कन्या** – आज परिवार को लेकर आ रही समस्या दूर होगी। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। धैर्यपूर्वक आपको काम करना चाहिए। दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रहेगी। व्यापार में बिक्री बढ़ने की संभावना है।

**तुला** – आज ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है। स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। आपकी कोई योजना उजागर हो सकती है। अपनी उपलब्धियों को लोगों से साझा न करें। बातचीत और कौशल का परिचय देंगे।

**वृश्चिक** – आज धन को बचाने का प्रयास करेंगे। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारें। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक और प्रेम व्यवहार बढ़ेगा। आपकी सफलताओं की सर्वत्र चर्चा होगी। धन-समृद्धि में वृद्धि होगी। लंबे समय से चला आ रहा तनाव दूर होगा।

**धनु** – आज योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या को हिस्सा बना लें। आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में अंधाधुंध निवेश न करें। आलस्य आपके ऊपर हावी हो सकता है। गलतफहमी के कारण संबंधों में कटुता आ सकती है।

**मकर** – आज व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। अच्छी संगत के कारण आपके कार्य आसानी से बन जाएंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। ज्ञानवर्धक साहित्य का अध्ययन और चिंतन करेंगे।

**कुंभ** – आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिल की अपेक्षा दिमाग से निर्णय लें। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। आपको कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकार प्राप्त हो सकते हैं। अभिमान से आपको दूर रहना चाहिए।

**मीन** – आज मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उच्च लाभ होने की संभावना है। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी। कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति दूर होगी। घरेलू समस्याओं का समाधान होगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
प्लेटफॉर्म
सुबह : 09.40
गॉड तुस्सी ग्रेट हो
रात : 07.24

&pictures
सिंबा
सुबह : 10.59
कोई... मिल गया
रात : 07.30

Sony Pix
एज ऑफ टूमारो
सुबह : 11.27
जर्नी 2
रात : 09.00

Zee Cinema
शिवम
सुबह : 09.30
भीमा
रात : 08.00

Zee Action
थानेदार
सुबह : 10.58
द हीरो
रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

देवर– आप बहुत सुंदर हो।
भाभी– देवर जी क्या कर रहे हो?
देवर– पढ़ रहा हूं भाभी
भाभी– बहुत अच्छे, क्या पढ़ रहे हो?
देवर– आपकी होने वाली देवरानी के मैसेज...
देवर की बात सुनकर भाभी हुई हैरान!

डॉक्टर– आपके तीन दांत कैसे टूट गए?
मरीज– पत्नी ने कड़क रोटी बनाई थी।
डॉक्टर– तो खाने से इंकार कर देते
मरीज– जी, वही तो किया था।

# बहराइच हिंसा : स्थिति हुई सामान्य, 10 उपद्रवी और गिरफ्तार

## अब तक कुल 61 लोगों को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार




बहराइच के महाराजगंज बाजार में सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी व जवान। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** महाराजगंज बाजार में रविवार को हुए उपद्रव के बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। आम लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस और पीएससी जवानों के साथ एसटीएफ और एटीएस की टीम कर रही है। डीएम और एसपी निरन्तर क्षेत्र में कैंप कर रहे हैं। उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। सोमवार के बाद कोई विवाद नहीं हुआ है। बुधवार को भी 10 उपद्रवियों पर कार्रवाई की गई। अब तक कुल 61 लोगों को पुलिस ने हिंसा मामले में गिरफ्तार किया है।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान रेहुआ मंसूर गांव निवासी रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के बाद जमकर बवाल हुआ था। दो समुदाय के लोगों ने आगजनी करने के साथ तोड़फोड़ की थी। कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि पूरी तरह से शांति बनी हुई है। लोग सुरक्षित रहने के साथ मिलकर रहें। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस और पीएससी के जवान तैनात हैं। कोई डर और समस्या की बात नहीं है।

वृंदा शुक्ला ने बताया कि रविवार को हुए उपद्रव के मामले में मंगलवार रात को 10 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि वीडियो देखकर सभी उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधीक्षक गोविंद शुक्ला ने बताया कि महाराजगंज क्षेत्र में एटीएस-एसटीएफ और पीएसी के चार सेनानायक लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि लखनऊ के डीआईजी भी ड्यूटी कर रहे हैं।

### दो दिन और बंद रहेगा इंटरनेट

**बहराइच।** जिले के महाराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन में बवाल के बाद सोमवार दोपहर से जिला प्रशासन ने शासन के निर्देश पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी थी। हालात में सुधार है, लेकिन स्थितियों को देखते हुए इंटरनेट सेवाएं बंद का निर्णय और दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसे में अब लोगों को 18 अक्टूबर तक इंटरनेट सेवा से दूर रहना होगा।

### पीड़ितों को प्रशासन दे रहा लंच पैकेट और लइया

**भगवानपुर।** महाराजगंज बाजार के दंगा पीड़ित समुदाय विशेष के लोगों को तहसील प्रशासन की ओर से लांच पैकेट और लइया दिया जा रहा है। जबकि अन्य का कोई पुरसाहाल नहीं है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को दो समुदायों के बीच उपद्रव हो गया था। जिसमें समुदाय विशेष के 11 घर के 52 लोग प्रभावित हुए थे। इन सभी को तहसील प्रशासन की ओर से लांच पैकेट और लइया दिया जा रहा है। तहसीलदार की अगुवाई में लंच पैकेट बन रहे हैं। एसडीएम अखिलेश सिंह के द्वारा इनकी सूची तैयार की गई है। जबकि बहुसंख्यक समाज के लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में इन लोगों में नाराजगी भी है।

### क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कर रहे हैं ग्राम प्रधान

**भगवानपुर।** हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान जमकर बवाल हुआ था। दंगाइयों ने कई वाहनों में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दिया था। समुदाय विशेष के लोगों ने गोली मारकर राम गोपाल मिश्रा की हत्या कर दी थी। इससे उग्र हुई भीड़ ने क्षेत्र के दो धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ की थी। इतना ही नहीं, एक धार्मिक स्थल को आग के हवाले करने का प्रयास किया था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने नया तरीका अपनाया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी और क्षेत्र के भाजपा विधायक ने सबको सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। जिस पर तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को धार्मिक स्थल की सुरक्षा को निर्देशित किया गया है। जिसके तहत सम्बन्धित गांव के प्रधान द्वारा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की जा रही है।

### नेट बंद होने से दैनिक कार्यों में हो रही समस्या

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** महाराजगंज बाजार में रविवार को हुए दंगे के बाद शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी है। इंटरनेट बंद होने से जिले के साथ जरवल रोड क्षेत्र में आनलाइन लेन-देन, डिजिटल भुगतान और बैंकिंग कार्यों में ग्राहकों और व्यापारियों को कठिनाई हो रही है। शिक्षा स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं के संचालन में भी इंटरनेट की आवश्यकता होती है आन लाइन पढ़ाई लिखाई त्वरित जानकारी का आदान-प्रदान तथा अतिआवश्यक इंटरनेट संबंधित कामकाज पूरी तरह ठप है। भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक जरवल रोड ओम कार गुप्ता ने बताया कि इंटरनेट सेवा ठप होने के कारण लेन देन ठप है। श्री बलभद्र आटो सेल्स के मालिक मोहित पोरवाल ने बताया कि आनलाइन भुगतान करने की मंशा से आने वाले ग्राहकों को निराश होना पड़ा है। वहीं क्षेत्रों में संचालित लोकवाणी केंद्र ग्राहक सेवा केन्द्र, पर आने वाले उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है।

## नेपाल भागने की फिराक में हिंसा का मुख्य आरोपी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** महराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा और बवाल के मुख्य आरोपी अब्दुल हामिद पूरे परिवार के साथ नेपाल भागने की फिराक में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब्दुल बेटों के साथ बेहड़ा में छिपे होने की सूचना मिली है। वहीं रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल (22) की हत्या में नामजद आरोपी के सहयोगी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

हरदी थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि राम गोपाल मिश्रा हत्याकांड में चौथे नंबर पर नामजद मोहम्मद दानिश उर्फ राजा उर्फ साहिर पुत्र अली निवासी महराजगंज बाजार को बुधवार शाम चार बजे राजी चौराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह भी नेपाल भागने की फिराक में था। गोली कांड का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुख्य आरोपी अब्दुल नेपाल जाने के लिए अपने सहयोगियों से संपर्क कर रहा है। उसे पकड़ने के लिए सीमा पर पुलिस बल तैनात है। उधर इस मामले में बुधवार को दस और उपद्रवियों पर कार्रवाई हुई। अब तक 61 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। बता दें कि रविवार को एक धार्मिक यात्रा के दौरान गोली लगने से राम गोपाल मिश्रा (22) की मौत के बाद बहराइच जिले की महसी तहसील में सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी।



### पुलिस ने बाजार में किया फ्लैग मार्च

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** महसी तहसील क्षेत्र में हुए बवाल के बाद जिला प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रही है। इसको देखते हुए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर सतर्कता बरती जा रही है। जिले में हुए बवाल के मद्देनजर स्थानीय बाजार में तहसीलदार कैसरगंज अभय राज पांडेय व थानाध्यक्ष जरवल रोड के नेतृत्व में थाना व पीएसी के जवानों के साथ जरवल मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, गल्ला मंडी, तुफानी चौराहा, लखनऊ गोंडा मार्ग आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाल कर सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

## बहराइच पहुंची जमीअत उलमा की टीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** बहराइच हिंसा में एक विशेष वर्ग पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए जमीअत उलमा हिंद के उलेमा की एक टीम ने कानपुर के शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की अगुवाई में बहराइच के अधिकारियों से मुलाकात की। बुधवार को जमीअत उलमा हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के निर्देश पर जमीअत के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री एवं कानपुर की एक टीम बहराइच पहुंची और वहां बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं एसपी बहराइच वृंदा शुक्ला से मुलाकात कर हालात पर चर्चा की। इस अवसर पर शहरकाजी ने फसाद की सख्त निंदा करते हुए अधिकारियों को एकतरफा कार्रवाई नहीं करने की मांग की। शहरकाजी ने कहा कि जिन बेगुनाह लोगों को हिरासत में लिया गया है या बेवजह जेल भेजा गया है, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए और बेकसूरों की गिरफ्तारी पर रोक लगे।



बहराइच में एसपी को ज्ञापन सौंपते जमीअत उलमा के पदाधिकारी।

## एक नजर

### सोनिया गांधी और स्मृति ईरानी के बीच हुए विवाद के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बीच हुए विवाद के विरोध में प्रदर्शन करने और पुतला फूंकने के मामले में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह समेत अन्य आरोपियों की सुनवाई बुधवार को पीठासीन अधिकारी के अवकाश के कारण नहीं हो सकी। कोर्ट ने अब सुनवाई के लिए 29 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच दुष्कर्म पीड़िता की हुई गवाही

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित 12 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को पीड़िता की गवाही हुई। अभियोजन पक्ष की तरफ से बयान दर्ज कराया गया। उसके बाद आरोपी मोईद खान के अधिवक्ता ने उससे जिरह की। अब राजू खान के अधिवक्ता द्वारा जिरह किया जाना बाकी है। इसके लिए कोर्ट ने पीड़िता को 17 अक्टूबर को फिर तलब किया है। यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत में बुधवार को हुई।

### कंबाइन मशीन की चपेट में आने से दंपति की मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** खंडासा क्षेत्र के मठिया तिराहे पर बुधवार को कंबाइन मशीन की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खंडासा थाना क्षेत्र के इंछोई पूरे जोरई मिश्र गांव निवासी कैलाश नाथ मिश्रा पत्नी सुनीता मिश्रा के साथ बाइक से जा रहा था। मठिया तिराहे पर अचानक कंबाइन मशीन मुड़ गई, जिसकी चपेट में आने से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# फूड प्वॉइजनिंग से बच्ची की मौत, 8 लोगों की हालत बिगड़ी

संवाददाता, मंगलपुर (कानपुर)

**अमृत विचार :** लौआ का पुरवा गांव में खाना खाने के बाद एक ही परिवार के 8 लोगों की तबियत बिगड़ गई। सभी को झींझक सीएचसी ले जाया गया। जहां सात वर्षीय बालिका को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।



साक्षी



सीएचसी में भर्ती महिला व बच्चा।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के लौआ का पुरवा गांव निवासी गौरीशंकर की बहू पूजा देवी (35) पत्नी सुनील कुमार ने सोमवार की शाम घर के आंगन में खाना बनाया। रोज की तरह सुनील (38), राकेश (30) व कुलदीप (27) पुत्र गौरीशंकर, पूजा, सुनील का पुत्र दीपचंद्र (10) व पुत्रियां खुशी (9), श्रद्धा (6) एवं साक्षी (7) ने खाना खाया। बताया गया कि मंगलवार सुबह स्कूल में बच्चों के पेट में दर्द होने से वह वापस घर आ गए और समस्या बताई।

इधर अन्य लोगों को भी उल्टी-दस्त होने लगे। हालत बिगड़ती देख सभी लोगों को शाम के समय इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। जहां उपचार के बाद सभी वापस घर आ गए। बुधवार सुबह फिर सभी की हालत ज्यादा बिगड़ने पर झींझक सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. शिरोमणि ने साक्षी को मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी पर परिजनों में मातम छा गया।

**परिवार के सदस्यों ने खाई थी आलू-बैंगन की सब्जी**

वहीं अन्य लोगों का उपचार शुरू किया। गौरीशंकर ने बताया कि बहू पूजा ने सोमवार को घर में आलू-बैंगन की सब्जी बनाई थी। रोज की तरह सभी ने खाना खाया। जिसके बाद सभी लोगों की तबियत बिगड़ने लगी। डॉ. शिरोमणि ने बताया कि फूड प्वॉइजनिंग के चलते सभी की तबियत खराब हुई है। भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

## बिकरू कांड में अभियोजन गवाह के दर्ज हुए बयान

**कानपुर देहात, अमृत विचार :** बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। बुधवार को मामले में अभियोजन गवाह के अदालत में बयान दर्ज किए गए। अब अदालत ने सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने 45-50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि बुधवार को मामले में अभियोजन गवाह कांस्टेबल शिवमूरत निषाद के अदालत में बयान दर्ज किए गए हैं।

# हाईवे पर खड़े ट्राला में घुसी कार, 3 की मौत

## प्रयागराज जाते समय फतेहपुर में हुआ हादसा, तीनों कन्नौज के रहने वाले थे

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार :** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर बुधवार सुबह हाईवे पर खड़े ट्राला ट्रक के पीछे तेज रफ्तार कार जा घुसी, जिसमें कार सवार तीन लोगों में दो की मौके पर मौत हो गई और एक व्यक्ति की जिला अस्पताल में मौत हो गई। कार सवार लोग कन्नौज से प्रयागराज जा रहे थे। तीनों मृतक कन्नौज जिले के रहने वाले थे।

फतेहपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के हाईवे पर सुबह तेज रफ्तार कार हाईवे पर खड़े ट्राला में पीछे से जा घुसी। इससे कार के परखचे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कार में सवार मनोज शुक्ला (65) पुत्र जीवन शुक्ला व अविनाश चन्द्र (64) पुत्र ओमकार नाथ की मौके पर



हादसे के बाद मौजूद पुलिस।

मौत हो गई। कार चला रहे कौशल कुमार त्रिपाठी उर्फ श्यामू ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। मनोज शुक्ला के पिता डॉ. जीवन शुक्ला कन्नौज के पीएसएम डिग्री कॉलेज में अंग्रेजी के प्रोफेसर रहे हैं। वह वरिष्ठ साहित्यकार हैं और शहर के प्रतिष्ठित लोगों में उनकी गिनती होती है। अविनाश चन्द्र कन्नौज के गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक थे। साथ ही ऐतिहासिक सिंहवाहिनी देवी मंदिर व कालेश्वरनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष भी थे।

### स्कार्पियो ने तीन दोस्तों को रौंदा, मौत

**कुशीनगर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर कसया थाना क्षेत्र की पकवाइनार के पास बुधवार को तेज रफ्तार स्कार्पियों ने टहलने निकले तीन दोस्तों को रौंद दिया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में दो की मौके पर मौत हो गई, वहीं तीसरे ने गोरखपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मौके से दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बिहार नंबर की स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई।



साहिल पटेल



अंशु गुप्ता



अमन भारती

जानकारी के अनुसार कसया थाना क्षेत्र स्थित पकवाइनार गांव के तीन दोस्त सुबह घर से टहलने निकले थे। तीनों नेशनल हाईवे 28 के किनारे टहल रहे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो तीनों युवकों को रौंदते हुए निकल गई। सड़क हादसे में अंशु गुप्ता (17) पुत्र स्व. मुन्नर गुप्ता व अमन भारती (18) पुत्र सीताराम भारती निवासी पकवाइनार की मौके पर मौत हो गई। हादसे में तीसरा युवक साहिल पटेल (16) पुत्र विनोद पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से घायल साहिल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान साहिल की मौत हो गई। वहीं चालक स्कार्पियो छोड़कर फरार हो गया।

# सलाहकार बनाए जा रहे सेवानिवृत्त अधिकारी

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम लड़खड़ाती परिवहन व्यवस्था को सुधारने के लिए सेवानिवृत्त हो चुके क्षेत्रीय प्रबंधकों, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों समेत अन्य ऊंचे पदों पर तैनात रहे परिवहन अधिकारियों को सलाहकार नियुक्त कर रहा है। इनके वेतन भी हाईफाई तय हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने इस संबंध में 15 अक्टूबर को आदेश जारी करते हुए सेवानिवृत्त हो चुके एक दर्जन से अधिक सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों, प्रधान प्रबंधकों एवं अधिशासी अभियंता को 6 माह के लिए परिवहन का सलाहकार नियुक्त किया है।

अभी इन सभी की पोस्टिंग नहीं की गई है। प्रधान प्रबंधक आशुतोष गौड़ का वेतन 87000 रुपये, नियुक्त किए गए सेवानिवृत्त प्रत्येक सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों का वेतन 54000 रुपये है। जिसमें राजीव कुमार यादव, पीजी कटियार, धीरज पांडेय, टीकेएस विसेन, एसपी श्रीवास्तव, राधे श्याम यादव, निर्मल कुमार वर्मा, कमलाकर सिंह, आलोक कुमार दास, आरके जौहरी, डीके गर्ग शामिल हैं। सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता मोहम्मद इरफान की नियुक्ति 87000 रुपये प्रति माह वेतन पर हुई है। लाखों रुपया हर माह वेतन जाएगा।

**रोडवेज में आरएम, एआरएम समेत कई पदों से सेवानिवृत्त होने वालों की लाटरी खुली**

> रोडवेज वैसे ही घाटे में चल रहा है, कर्मियों को सातवें वेतनमान का बकाया एरियर देने के लिए रोडवेज के पास पैसा नहीं है। ऐसे में हर माह 9 लाख रुपये से ज्यादा लुटाने के लिए नया पद सलाहकार सृजित करने का कोई औचित्य नहीं है।
>
> -अशोक गुप्ता, पूर्व महामंत्री, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद

### 8वां दीपोत्सव : राम की पैड़ी से मार्किंग प्रक्रिया शुरू

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अयोध्या में शुरू हुआ दीपोत्सव अब आठवीं बार कीर्तिमान बनाने को तैयार है। 30 अक्टूबर को होने वाले मुख्य आयोजन के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की तरफ 24 से अधिक कर्मियों के साथ राम की पैड़ी के घाटों पर बुधवार से दीयों को बिछाने के लिए मार्किंग का काम शुरू कर दिया है।

# विधायक जी मेरी शादी करवा दो

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार :** चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत गाड़ी से पेट्रोल पंप में पहुंचे तो पंप कर्मी ने विधायक की गाड़ी में पेट्रोल डालने के बाद एक फरियाद कर डाली। फरियाद भी ऐसी कि जिसे सुनकर विधायक जी थोड़ी देर के लिए सोच में पड़ गए। पंपकर्मी ने विधायक से कहा कि मेरी शादी करवा दीजिए। इसपर विधायक ने कहा कि शादी के लिए आपने परिवार और रिश्तेदारों को छोड़कर मुझसे क्यों फरियाद लगाई तो कर्मी ने कहा कि विधायक जी मैंने आपको वोट दिया था, अब आप ही मेरी शादी करवाएं। यह वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है, हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।



विधायक ब्रजभूषण राजपूत से फरियाद करता पंप कर्मी। अमृत विचार

यह दिलचस्प मामला चरखारी कस्बे का है, जहां संचालित मौर्य पेट्रोल पंप में चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत अपनी कार में तेल भरवाने के लिए गए थे। तभी पेट्रोल पंप कर्मी अखिलेंद्र खरे उनके पास पहुंच गया और अपनी शादी का दुखड़ा रोने लगा। वहीं विधायक ने पंपकर्मी को आश्वासन दिया है।

### पत्नी की मौत के बाद घर में मिला पति का शव

**कानपुर, अमृत विचार :** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के सागरपुरी में रहने वाले 32 वर्षीय शिवकुमार का शव कमरे में पड़ा मिला। शव सड़ चुका था और बेहद बदबू आ रही थी।

भाई राजकुमार ने बताया कि शिवकुमार और उसकी पत्नी मनीषा अधिक शराब का सेवन करती थी। लीवर की गंभीर समस्या होने के कारण 15 दिन पहले मनीषा की मौत हो गई थी। जिसके बाद पिता नरेश भतीजी तमन्ना और नाव्या को लेकर मेरठ चले गए थे। मंगलवार शाम कमरे से बदबू आने के कारण पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच की तो शिवकुमार का सड़ा शव पड़ा मिला। परिजनों को जानकारी दी गई तो उन लोगों ने पल्ला झाड़ लिया।

# जेके कैंसर के लिए मांगे 50 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** गोविंद नगर के भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास कालिदास मार्ग लखनऊ में मुलाकात की।

विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि कानपुर के जेके कैंसर हॉस्पिटल में इलाज के लिए उपकरणों के अभाव में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के मरीजों को समस्याएं हो रही हैं। इसके लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों की खरीदारी के लिए कम से कम 50 करोड़ रुपये अति आवश्यक हैं। अस्पताल में एक्सपर्ट, डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ है, लेकिन मरीजों की बढ़ती संख्या के आधार पर उनको सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।



मुख्यमंत्री को जेके कैंसर संस्थान की बदहाली बताते विधायक सुरेंद्र मैथानी।

**विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात**

**समीक्षा** सीतापुर में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर की बैठक

# नैमिषारण्य के विकास कार्यों में रखी जाए एकरूपता

संवाददाता, सीतापुर/नैमिषारण्य

**अमृत विचार :** लखनऊ मंडल की मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में निरीक्षण भवन नैमिषारण्य में नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमानुसार प्रक्रिया करते समय से वांछित भूमि कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध करायी जाये तथा मानकों के अनुसार मुआवजा भी वितरित किया जाये। मंडलायुक्त ने कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र में सभी स्थानों पर होने वाले विकास कार्यों में एकरूपता रखी जाए।



बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

उन्होंने पौराणिक महत्व के स्थानों, मुख्य मार्गों एवं प्रमुख स्थलों को आकर्षक बनाते हुए उन पर प्रकाश एवं सजावटी लाइटों आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नैमिषारण्य क्षेत्र में संचालित योजनाओं के विषय में उन्हें जानकारी दी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, उपनिदेशक पर्यटन कल्याण सिंह सहित संबंधित अधिकारी व सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**कॉरिडोर में पेयजल-प्रकाश की हो समुचित व्यवस्था:** मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि कॉरिडोर में बैठने के लिए समुचित बेंच, डस्टविन, टॉयलेट, पेयजल, साइन बोर्ड, प्रकाश आदि का प्रबंध किया जाए। उन्होंने पर्यटन विभाग से कराये जा रहे कार्यों के लेआउट का भी अवलोकन किया।

### निर्माणाधीन कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

मंडलायुक्त ने नैमिषारण्य स्थित राजघाट में निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मण्डप हॉल, वेदिका, कैफेटेरिया, दुकानें, टॉयलेट ब्लॉक, घाट आदि का निरीक्षण कर कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आकर्षक लाइटों, भूमि का समतलीकरण, लाइट एवं साउंड शो आदि का प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# आचार संहिता उल्लंघन के दूसरे मामले में भी जयाप्रदा बरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान सड़क का उद्घाटन करते हुए वीडियो हुआ था वायरल

**अमृत विचार :** रामपुर की एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बुधवार को पूर्व सांसद जयाप्रदा को आचार संहिता उल्लंघन के दूसरे मामले में भी बरी कर दिया है। जयाप्रदा के खिलाफ साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने उन्हें यह राहत दी है। सुनवाई के दौरान वह कोर्ट में पेश हुईं। फैसला आने पर वह कार से रवाना हो गईं। इससे पहले वह केमरी थाने में दर्ज आचार संहित उल्लंघन के मामले में बरी हो चुकी हैं।

वर्ष-2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार क्षेत्र के गांव नूरपुर में बनवाई गई सड़क का उद्घाटन करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। उस समय आचार संहिता लागू थी। आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए फ्लाइंग स्क्वायड मजिस्ट्रेट नीरज कुमार पाराशरी ने थाना स्वार में पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 22 अप्रैल 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हुई। फैसला आने की जानकारी मिलने पर जयाप्रदा बुधवार को कोर्ट पहुंचीं। कोर्ट ने दोपहर बाद फैसला सुनाते हुए साक्ष्य के अभाव में पूर्व सांसद जयाप्रदा को बरी कर दिया। जयाप्रदा के अधिवक्ता अरुण प्रकाश सक्सेना ने बताया कि विवेचना के बाद वर्ष 2019 में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 7 गवाह पेश किए गए। वायरल वीडियो की सीडी भी पेश की गई। बचाव पक्ष की ओर से भी 3 गवाह पेश किए गए। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जयप्रदा के विरुद्ध 19 अप्रैल 2019 को सड़क का उद्घाटन करने को आचार संहिता का उल्लंघन करना नहीं माना। उन्हें साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त किया गया।



कोर्ट से बाहर आतीं पूर्व सांसद जयाप्रदा।

## षड्यंत्र रचने वालों को सिखाएंगे सबक : जयाप्रदा

**रामपुर।** फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा स्वार के आचार संहिता मामले में बुधवार को कोर्ट से बरी हो गईं। कोर्ट से बाहर आने के बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा गया। षड्यंत्र रचने वालों को सबक सिखाएंगे। मुझे चुनाव लड़ने से रोका गया। रामपुर से दूर रखने के लिए किया गया। चुनाव लड़ने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह रामपुर से चुनाव लड़ना चाहेंगी। स्वार थाना क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में पूर्व सांसद और फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। एसपी एमएलए कोर्ट में इसकी सुनवाई हुई। बुधवार को इस मामले में फैसला आया। इसके चलते जयाप्रदा एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुईं। जहां कोर्ट ने उनको साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इसके बाद वह राहत की सांस लेकर कोर्ट से बाहर आईं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं कोर्ट का धन्यवाद देती हूं, मुझे विरोधियों ने चुनाव लड़ने से रोका है। षडयंत्र के तहत फेक वीडियो वायरल किया गया था, लेकिन समय आने पर विरोधियों को जवाब दूंगी। मेरा रामपुर में आना जाना रहेगा। रामपुर के लोगों की सेवा करती रहूंगी।

# वैवाहिक विवाद में गुजारा भत्ता भुगतान को नियम बनाने का हाई कोर्ट का निर्देश

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों के अलग रह रहे जीवनसाथी को भरण-पोषण भत्ते के भुगतान के लिए दिशा निर्देश तैयार करने को कहा है। इस संबंध में कोर्ट ने कहा कि यदि कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय के तहत कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग के कर्मचारियों के अलग रह रहे जीवनसाथियों को गुजारा भत्ता भुगतान के लिए उचित नियम बनाए जाते हैं, तो यह उपाय सरकारी कर्मचारियों को वैवाहिक मतभेद से उत्पन्न होने वाले अनावश्यक मुकदमेबाजी से काफी सीमा तक दूर रखने में सहायक होंगे। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने नीरज कुमार धाकरे उर्फ पिंटू की प्रथम अपील को निस्तारित करते हुए पारित किया। अपीलकर्ता भारतीय सेना में लांस नायक/सिपाही है , जिसका वेतन 50 हजार रुपये प्रति माह है। वैवाहिक विवाद में सेना अधिनियम के तहत अपीलकर्ता के वेतन की 22 प्रतिशत कटौती पत्नी को देय थी। इसके बाद पत्नी ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 24 के तहत तलाक की कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान भरण-पोषण के लिए आवेदन किया। अपर प्रधान न्यायाधीश,परिवार न्यायालय, इटावा ने दो अलग-अलग आदेशों के तहत पत्नी को 5 हजार रुपये और 11 हजार रुपये प्रतिमाह अंतरिम भरण-पोषण देने का आदेश दिया। इन आदेशों को ही हाईकोर्ट में वर्तमान अपील के माध्यम से चुनौती दी गई है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों के अनुसार पाया कि ऐसे मामलों में अंतरिम भरण-पोषण भत्ते के लिए कोई और आदेश देने की आवश्यकता नहीं हो सकती है, जब तक कि कटौती (सेवा कानून के तहत) न्यायिक रूप से स्वीकृत मानदंडों से कम न हो या विशेष तथ्यों में अपर्याप्त न दिखाई दें। कोर्ट ने कहा कि जहां पति या पत्नी के सेवा कानून में भरण-पोषण के लिए ऐसा कोई नियम नहीं दिया गया है, वहां भरण-पोषण की राशि पति की आय के वेतन या परिवार की आय (पति और पत्नी के वेतन का योग) का 1/4 या 25 प्रतिशत होनी चाहिए । कोर्ट ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एसएलएसए) को आगे निर्देश दिया कि सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (डीएलएसए) द्वारा कार्यशालाएं आयोजित करने पर विचार करें।

# मुरादाबाद के युवक की हत्या तेजाब डाल घूरे में दबाया शव

संवाददाता, आसफपुर(बदायूं)

- बुधवार को घूरे से बाहर दिखा हाथ और सिर तो ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना

**अमृत विचार :** ननिहाल में आए मुरादाबाद निवासी युवक की हत्या कर दी गई। पहचान छिपाने को उसके ऊपर तेजाब डाला और प्राइवेट पार्ट का कुछ हिस्सा काटा गया। शव को घूर में दबा दिया गया। बुधवार सुबह घूर के बाहर एक हाथ और सिर देखा तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। शव तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। मां की तहरीर पर उसके दो ममेरे भाइयों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मुरादाबाद के थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव नानकपुर निवासी आकाश (21) पुत्र गुलजारी एक एक्सपोर्ट कंपनी में काम करता था। उसके ममेरे भाई फैजगंज थाना क्षेत्र के गांव बसौमी निवासी पान सिंह, नेम सिंह और चोखे लाल भी उसी कंपनी में काम करते थे। जिसकी वजह से आकाश अक्सर ननिहाल में आता रहता था। उसका ननिहाल की किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आकाश की मां मुन्नी देवी के अनुसार शनिवार को ममेरे भाई आए और आकाश को बसौमी ले गए जिसके बाद आकाश वापस नहीं लौटा। फोन किया तो आकाश का मोबाइल बंद जा रहा था। वह बसौमी आई तो ममेरे भाइयों ने कहा कि आकाश तो शनिवार को ही लौट गया था।

# मुस्लिम पक्ष की रिकॉल एप्लीकेशन पर फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में बुधवार को सुनवाई के दौरान हिंदू और मुस्लिम पक्षकारों के अधिवक्ताओं को सुनने के बाद मुस्लिम पक्ष की रिकॉल एप्लीकेशन पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पक्षकार अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े 18 वादों पर एक साथ सुनवाई के कोर्ट के फैसले के बाद मुस्लिम पक्ष ने रिकॉल एप्लीकेशन दाखिल किया था। मुस्लिम पक्ष का तर्क था कि उपरोक्त वाद सुनवाई योग्य नहीं है।

# विकास की राह पर अयोध्याः मंडलायुक्त

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** मध्य प्रदेश का 13 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल यूपी के दौरे पर है। यह प्रतिनिधिमंडल राज्य की संस्कृति, स्वच्छता प्रयासों व विकास परियोजनाओं का अध्ययन भी कर रहा है। बुधवार को दौरे के तीसरे दिन मीडिया दल ने अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल से मुलाकात की। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने मीडिया दल को बताया कि अयोध्या में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, बुनियादी ढांचे के विस्तार, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास व स्वच्छता कार्यक्रम को समुचित ढंग से क्रियान्वित कराया जा रहा है। यहां रिंग रोड निर्माण, एयरपोर्ट विस्तार और रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण में रेल मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अयोध्या के चारों ओर 62 किलोमीटर की लंबाई का रिंग रोड निर्माण कार्य शुरू होगा। यहां एक सॉफ्टवेयर पार्क के निर्माण के लिए जमीन भी आवंटित की गई है। इस अवसर पीआईबी के संयुक्त निदेशक दिलीप शुक्ला, अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सतेंद्र सिंह, विनीत पाठक के अलावा गणमान्य मौजूद रहे।



मीडिया प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते गौरव दयाल, साथ में दिलीप शुक्ला व सतेंद्र सिंह।

## उत्तराखंड

# मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलीकॉप्टर की मुनस्यारी में इमरजेंसी लैंडिंग

**हल्द्वानी ।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हेलीकॉप्टर की पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। मौसम खराब होने के चलते पायलट ने आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की खेत में सकुशल लैंडिंग कराई। मुख्य चुनाव आयुक्त समेत हेलीकॉप्टर में मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं।

जानकारी के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे बुधवार की सुबह देहरादून से हेलिकॉप्टर से ट्रैकिंग के लिए मुनस्यारी के मिलम के लिए निकले थे। लेकिन बीच रास्ते में मौसम खराब हो गया। इस वजह से पायलट को हेलीकॉप्टर को आगे ले जाना मुश्किल हो रहा था। जिस वजह से पायलट ने मिलम से पहले रालम में एक खेत में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करा दी। मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्य सूचना आयुक्त के आने की सूचना पुलिस के पास थी, इसलिए टीम संबंधित स्थान पर तैनात थी।

# बीआरओ के महानिदेशक को वारंट जारी

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन की ओर से प्रभावित को मुआवजा नहीं देने के मामले में सुनवाई की। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने पूर्व के आदेश पर बीआरओ की ओर से शपथपत्र पेश नहीं करने एवं कोर्ट के आदेशों की बार-बार अवहेलना पर बीआरओ के महानिदेशक के खिलाफ जमानती वारंट जारी करते हुए 6 नवंबर को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। इसी तिथि को मामले की अगली सुनवाई होगी। धारचूला निवासी कुंदन सिंह ने वर्ष 2023 में याचिका दायर कर कहा था कि वर्ष 1996 में तवाघाट से पांगती के लिए बीआरओ ने रोड का निर्माण किया था। इस दौरान बीआरओ ने सड़क का मलबा उनकी कृषि योग्य भूमि पर फेंक दिया। मलबे की वजह से उनकी कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हो गई। जब उन्होंने बीआरओ से इसका मुआवजा मांगा तो बीआरओ की ओर से बार-बार आश्वासन ही दिया गया। इस पर उन्होंने मुआवजा दिलाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। पूर्व में हुई सुनवाई में कोर्ट ने बीआरओ से इस पर जवाब मांगा था।

# खैर के तस्करों ने की वन कर्मियों पर फायरिंग

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** खैर की लकड़ी पिकअप में लादकर ले जा रहे तस्करों ने रोके जाने पर वन कर्मियों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक वन कर्मी गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद तस्कर मौके से फरार हो गए। वन कर्मियों ने खैर की लकड़ी से लदी पिकअप व तस्करों की चार मोटर साइकिलें जब्त कर ली।

तराई पूर्वी वन प्रभाग रनसाली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी महेन्द्र सिंह रैकुनी के मुताबिक एक सूचना पर वन विभाग की टीम ग्राम कैथुलिया निवासी अमरीक सिंह पुत्र मान सिंह के घर पर दबिश देने गए थे। वन विभाग की टीम अमरीक सिंह के घर के पास पहुंची तो वहां बलजीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह, भगवान सिंह पुत्र सन्ता सिंह निवासी टुकडी,मलकीत सिंह उर्फ बिट्टू निवासी ध्यानपुर व पांच-छह अन्य लोग पिकअप वाहन में खैर की लकड़ी लाद रहे थे। वन विभाग की टीम में शामिल विनोद मेहता, नितेश चौहान, जितेंद्र बिष्ट तथा चालक मनोज सिंह राणा ने तस्करों को ललकारा तो वहां हड़कंप मच गया। वन कर्मियों को मौके से खदेड़ने की नीयत से तस्करों ने अवैध असलहों से फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें एक गोली वन कर्मी जितेंद्र बिष्ट के पैर में लगी और वह घायल होकर वहीं गिर गया।

# युवती की गुमशुदगी रिपोर्ट लोकेशन मिली इलाहाबाद

**रुद्रपुर।** खटीमा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बहन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की खोजबीन शुरू कर दी। वहीं पुलिस को खोजबीन में लड़की की लोकेशन इलाहाबाद उत्तर प्रदेश में मिली है। मंगलवार को खटीमा निवासी एक व्यक्ति ने आवास विकास चौकी में दी तहरीर सौंपकर कहा कि उसकी बहन रुद्रपुर में एक पीजी में रहकर पढ़ाई कर रही है। उसका नंबर बंद आ रहा है। बुधवार को यह व्यक्ति दोबारा आवास विकास चौकी पहुंचा था और पुलिस को बताया कि उसकी बहन ने ताई को फोन कर एक युवक पर जबरन ले जाने और मारपीट कर दुष्कर्म करने की बात कही थी।


# कार्यालय उपनिदेशक मत्स्य, अयोध्या।

पत्रांक 878/मत्स्य आखेट/म0वि0/2024–25 दिनांक 14.10.2024

**जनपद बाराबंकी में मत्स्य आखेट हेतु ठेका/पट्टा सूचना**

शासनादेश सं0 01/2019/33/एक–2–2019–19(रिट)/2018 दिनांक 10 जनवरी 2019 के क्रम में तहसीलवार जनपद–बाराबंकी के परिक्षेत्र में स्थित प्राकृतिक नदियों, झीलों, तालाबों आदि जलक्षेत्रों में मत्स्य आखेट के ठेके/पट्टा वर्ष 2024–25 (माह सितम्बर 2024 से माह मई 2025 तक) की अवधि के लिए निम्नानुसार तहसीलों के सभागार में मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 जो मत्स्य विभाग से मान्यता प्राप्त है, के मध्य जिलाधिकारी द्वारा नामित नीलाम अधिकारी, उपजिलाधिकारी के समक्ष, गठित नीलाम समिति द्वारा किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | तहसील का नाम | प्रथम निर्धारित तिथि | निर्धारित समय | प्रथम तिथि पर बोली न आने की स्थिति में पुनः अवशेष जलभागों की नीलामी हेतु द्वितीय निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | हैदरगढ़ | 04.11.2024 | मध्यान्ह 12 बजे से | प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार |
| 2. | रामसनेहीघाट | 05.11.2024 | मध्यान्ह 12 बजे से | प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार |
| 3. | रामनगर | 06.11.2024 | मध्यान्ह 12 बजे से | प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार |
| 4. | सिरौली गौसपुर | 07.11.2024 | मध्यान्ह 12 बजे से | प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार |
| 5. | फतेहपुर | 08.11.2024 | मध्यान्ह 12 बजे से | प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार |
| 6. | नवाबगंज | 09.11.2024 | मध्यान्ह 12 बजे से | प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार |

जलक्षेत्र हेतु कोई बोली न आने पर पुनः अवशेष जलभागों की नीलामी सम्बन्धित तहसील में उपरोक्तानुसार निर्धारित दिवसों में होगी। जहाँ किसी जलक्षेत्र हेतु एक से अधिक समितियाँ यदि प्रतिभाग करेंगी तो वहाँ पर समितियो के मध्य बोली कराकर जलक्षेत्र की नीलामी की जायेगी। नीलामी हेतु प्रस्तावित जलक्षेत्रों का तहसीलवार विवरण निम्नवत् है।

**तहसील फतेहपुर जनपद–बाराबंकी में नीलामी हेतु प्रस्तावित जलक्षेत्रों की सूची।**

| क्र0 सं0 | तहसील | वि0ख0/क्षेत्र पंचायत | ठेके से सम्बन्धित नदी, झील नाला एवं तालाब | ठेके से सम्बन्धित जलभाग के ग्राम | नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु जमानत धन0 | वर्ष 2024–25 हेतु नीलामी की न्यूनतम निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फतेहपुर | फतेहपुर | कल्यानी नदी टुकड़ा नं0–1 | भैसुरिहा से मुजाहिदपुर से बछराजमऊ तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 2 | फतेहपुर | फतेहपुर | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–2 | बछराजमऊ से सेंवगी, सेंवगी से करौंदी तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 3 | फतेहपुर | निन्दूरा | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–3 | करौंदी से संवरदा, संवरदा से जजियामऊ तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 4 | फतेहपुर | फतेहपुर | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–4 | गोड़ैचा से बड्डूपुर, बड्डूपुर से टेंडवा, टेंडवा से सेंवगी तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 5 | फतेहपुर | निन्दूरा | रेठ नदी | अगासण्ड से करीमनगर तक | 1200.00 | 12925.00 |
| 6 | फतेहपुर | सूरतगंज | सुमली नदी टुकड़ा नं0–1 | सीतापुर बार्डर से गंगापुर तुरकौली पुल से टंडवा आश्रम तक | 5170.00 | 51700.000 |
| 7 | फतेहपुर | सूरतगंज | सुमली नदी टुकड़ा नं0–2 | टंडवा आश्रम से बार्डर छंगेपुर मसुरिहा तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 8 | फतेहपुर | सूरतगंज | चौरियारी नदी | – | 0 | पानी नहीं रहता |
| 9 | फतेहपुर | निन्दूरा | खारजा नाला | – | 1640.00 | 16450.00 |
| 10 | फतेहपुर | फतेहपुर | लोकड़िया नाला | बेलहरा के पास | 100.00 | 9970.00 |

**तहसील हैदरगढ़ जनपद–बाराबंकी में नीलामी हेतु प्रस्तावित जलक्षेत्रों की सूची।**

| क्र0 सं0 | तहसील | वि0ख0/क्षेत्र पंचायत | ठेके से सम्बन्धित नदी, झील नाला एवं तालाब | ठेके से सम्बन्धित जलभाग के ग्राम | नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु जमानत धन0 | वर्ष 2024–25 हेतु नीलामी की न्यूनतम निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–1 | ग्राम जौरास की गाटा संख्या 01 से भितरी की गाटा संख्या 714 तक | 9600.00 | 96250.00 |
| 2 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–2 | ग्राम रौनी से मौलाबाद तक | 5400.00 | 54657.00 |
| 3 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–3 | ग्राम संतोषपुर से सालपुर तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 4 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–4 | ग्राम सालपुर से रूकुनुद्दीनपुर तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 5 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–5 | ग्राम बेहटा सीमा से गोसियामऊ तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 6 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–6 | ग्राम गोसियामऊ से सुबेहा सीमा तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 7 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–7 | ग्राम सुबेहा से शरीफाबाद तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 8 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–8 | गाटा संख्या 1495 शरीफाबाद की गाटा संख्या 1134 तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 9 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–9 | ग्राम शरीफाबाद की गाटा संख्या 1134 तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 10 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | गोमती नदी टुकडा नं0–10 | ग्राम रेहुरा की गाटा संख्या 7 से मुस्तफाबाद की गाटा संख्या 524 तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 11 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ नाला | ग्राम टीकाराम से मनीराम तक | 2280.00 | 22850.00 |
| 12 | हैदरगढ़ | हैदरगढ़ | मदहा झील | सम्बन्धित ग्राम | 9200.00 | 92000.00 |
| 13 | हैदरगढ़ | त्रिवेदीगंज | परीवां झील | सम्बन्धित ग्राम | 4270.00 | 42700.00 |
| 14 | हैदरगढ़ | त्रिवेदीगंज | सकरी झील | सम्बन्धित ग्राम | 5700.00 | 57000.00 |
| 15 | हैदरगढ़ | त्रिवेदीगंज | नरदही झील | सम्बन्धित ग्राम | 8050.00 | 80500.00 |
| 16 | हैदरगढ़ | त्रिवेदीगंज | रारी नदी | दौलतपुर, बीबीपुर, सेमरावां, टेड़वा पछुवा घाट तक | 1560.00 | 15600.00 |
| 17 | हैदरगढ़ | त्रिवेदीगंज | दुर्गागंज झील | सम्बन्धित ग्राम | 8050.00 | 80500.00 |

**तहसील रामसनेहीघाट जनपद–बाराबंकी में नीलामी हेतु प्रस्तावित जलक्षेत्रों की सूची।**

| क्र0 सं0 | तहसील | वि0ख0/क्षेत्र पंचायत | ठेके से सम्बन्धित नदी, झील नाला एवं तालाब | ठेके से सम्बन्धित जलभाग के ग्राम | नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु जमानत धन0 | वर्ष 2024–25 हेतु नीलामी की न्यूनतम निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामसनेहीघाट | बनीकोडर | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–01 | ग्राम छन्दवल की बाहरी सीमा से ग्राम सोहिलपुर की गाटा संख्या 89 तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 2 | रामसनेहीघाट | बनीकोडर | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–02 | ग्राम हथौंधा की बाहरी सीमा से असेना तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 3 | रामसनेहीघाट | बनीकोडर | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–03 | ग्राम तहसीपुर की बाहरी सीमा से शाहपुर मालिनपुर के बार्डर तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 4 | रामसनेहीघाट | बनीकोडर | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–04 | ग्राम मालिनपुर से इब्राहिमबाद के बार्डर तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 5 | रामसनेहीघाट | बनीकोडर | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–05 | ग्राम इब्राहिमाबाद से पाराहाजी के बार्डर तक | 3500.00 | 35250.00 |
| 6 | रामसनेहीघाट | बनीकोडर | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–05 | ग्राम पाराहाजी से बठौली–सरोहा के बार्डर तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 7 | रामसनेहीघाट | बनीकोडर | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–06 | ग्राम सरोहा से परौली (अयोध्या) के बार्डर तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 8 | रामसनेहीघाट | पूरेडलई | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–01 | ग्राम सनावां बार्डर से अतरसुईया व सेमरी तक | 6870.00 | 68750.00 |
| 9 | रामसनेहीघाट | पूरेडलई | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–02 | ग्राम सेमरी से बेलखरा बार्डर तक | 6870.00 | 68750.00 |
| 10 | रामसनेहीघाट | पूरेडलई | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–03 | ग्राम मलदहा से मंगरौड़ा खेतासराय बार्डर तक | 6870.00 | 68750.00 |
| 11 | रामसनेहीघाट | पूरेडलई | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–04 | ग्राम खेतासराय से सिहोरिया जलालपुर तराई बार्डर तक | 5500.00 | 55000.00 |
| 12 | रामसनेहीघाट | पूरेडलई | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–05 | ग्राम खजुरी से कोयलावर, कैथी बार्डर तक | 5500.00 | 55000.00 |
| 13 | रामसनेहीघाट | पूरेडलई | रानीमऊ तालाब/जबदा नाला | सम्बन्धित ग्राम | 1780.00 | 17850.00 |
| 14 | रामसनेहीघाट | पूरेडलई | बहवा तालाब जेवड़ी नाला | ग्राम बेलखरा व सराय सैफ तक | 1200.00 | 12000.000 |
| 15 | रामसनेहीघाट | दरियाबाद | जलमग्न कमियार | बासगाँव कमियार | 0 | पानी नहीं रहता है। |
| 16 | रामसनेहीघाट | दरियाबाद | तालाब ग्राम बीरापुर गाटा संख्या 317/6.00 हेक्टेयर | सम्बन्धित ग्राम बीरापुर | 3570.00 | 35700.00 |
| 17 | रामसनेहीघाट | बनीकोडर | रारी नदी | दौलतपुर, बीबीपुर, सेमरावां, टेड़वा पछुवा घाट तक | 2250.00 | 22500.00 |
| 18 | रामसनेहीघाट | दरियाबाद | नेवली दनापुर अम्बार नाला | कुशफर स पहरूपुर कल्याणी मुहान तक | 1990.00 | 19900.00 |
| 19 | रामसनेहीघाट | पूरेडलई | जबदा नाला | ननकू सिंह के खेत से ग्राम कोयलावर की पूर्वी सीमा तक | 430.00 | 4300.00 |
| 20 | रामसनेहीघाट | पूरेडलई | जलमग्न सिकरोहरा जबदा नाला | बंधे पर बने रेगुलेटर के उत्तर पश्चिमी दिशा में ग्राम सिकरोहरा तहर्रा जलमग्न भूमि | 860.00 | 8600.00 |

**तहसील रामनगर जनपद–बाराबंकी में नीलामी हेतु प्रस्तावित जलक्षेत्रों की सूची।**

| क्र0 सं0 | तहसील | वि0ख0/क्षेत्र पंचायत | ठेके से सम्बन्धित नदी, झील नाला एवं तालाब | ठेके से सम्बन्धित जलभाग के ग्राम | नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु जमानत धन0 | वर्ष 2024–25 हेतु नीलामी की न्यूनतम निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामनगर | सूरतगंज | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–01 | सीतापुर बार्डर से ग्राम कंचनापुर, ग्राम बेलहरी, ग्राम हेतमापुर, अकौना, कोईलीपुरवा ग्राम पर्वतपुर तक | 6870.00 | 68750.00 |
| 2 | रामनगर | सूरतगंज | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–02 | ग्राम पर्वतपुर, गायघाट, बल्लोपुर, तिवारिनपुरवा, बल्लोपुर द्वितीय, बड़ागांव तक | 6870.00 | 68750.00 |
| 3 | रामनगर | सूरतगंज | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–03 | ग्राम करमुल्लापुर की सीमा से कुड़ीन होते हुए वि0ख0 सूरतगंज की सीमा तक | 6870.00 | 68750.00 |
| 4 | रामनगर | रामनगर | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–04 | ग्राम बड़नपुर, गनेशपुर, तपेसिपाह, दुर्गापुर, देवरिया तक | 6870.00 | 68750.00 |
| 5 | रामनगर | रामनगर | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–05 | ग्राम पारा बेहटा | 6870.00 | 68750.00 |
| 6 | रामनगर | रामनगर | घाघरा नदी टुकड़ा नं0–06 | ग्राम लहड़रा के अन्तर्गत सीमा सिरकौली से खुर्दा व सिलौटाखुर्द तक | 6870.00 | 68750.00 |
| 7 | रामनगर | सूरतगंज | सुमली नदी टुकड़ा नं0–05/घाघरा सोता | ग्राम गर्री, करसाकला, रतनपुर, बिन्दौरा परसपुर, गनेशपुर, बड़नपुर तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 8 | रामनगर | सूरतगंज | सुमली नदी टुकड़ा नं0–03 | फतेहपुर बार्डर से, चन्द्रसिहाली, सालपुर, बैरानामऊ, बसन्तपुर, मंझारा, बसन्तपुर, कजियापुर, सरसवां मंदिर तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 9 | रामनगर | सूरतगंज | सुमली नदी टुकड़ा नं0–04 | ग्राम सरसवां मंदिर से सरसवां पुल, इब्राहिमपुर मंझारा, जैतपुर, बनर्की, मल्लापुर तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 10 | रामनगर | रामनगर | कटका नाला | ग्राम दहापुर से बबुरिहा सिलौटा तक | 3230.00 | 32300.00 |
| 11 | रामनगर | रामनगर | नौरहिया नाला अ | अमराईगांव, जुरौन्डा, गोबरहा, लोहारी, कुम्हरवां मडवां | 3990.00 | 39900.00 |
| 12 | रामनगर | रामनगर | नौरहिया नाला ब | राजस्व ग्राम लोहटीपसई के निजामुद्दीनपुर से जुड़ा नाला | 107.00 | 1070.00 |
| 13 | रामनगर | रामनगर | बहुनिया नाला अ | गोबरहा,रजनापुर, सोपसई, सुरजूपुर | 1600.00 | 16170.00 |
| 14 | रामनगर | रामनगर | बहुनिया नाला ब | रा0ग्रा0 भरसवां, रा0ग्र0सूरजुपुर व रा0ग्रा0 सिरकौली | 740.00 | 7450.00 |
| 15 | रामनगर | रामनगर | नरकटियानाला | दुर्गापुर | 800.00 | 8080.00 |
| 16 | रामनगर | सूरतगंज | घाघरा सोता टुकड़ा नं–1 | करमुल्लापुर, कुसौरा, मथुरा,जैतपुर | 32220 | 32230.00 |
| 17 | रामनगर | सूरतगंज | कोड़री नाला | मौसन्डी से भगहर झील | 380.00 | 3990.00 |
| 18 | रामनगर | सूरतगंज | चौका नाला | बसन्तपुर, मंझारा | 900.00 | 9030.00 |
| 19 | रामनगर | सूरतगंज | नाला खारजा | ग्राम–बिछला से बसन्तपुर | 900.00 | 9030.00 |
| 20 | रामनगर | सूरतगंज | भगहर झील | शाहपुर कजियापुर | 1660.00 | 166640.00 |
| 21 | रामनगर | सूरतगंज | नाला खारजा | रूहेरा झील से भगहर झील तक | 750.00 | 7560.00 |
| 22 | रामनगर | सूरतगंज | नाला खारजा | बेलहरी, बहादुरापुर से हरक्का तक। | 750.00 | 7560.00 |
| 23 | रामनगर | सूरतगंज | भगहर झील (नटवीर नाला) | सम्बन्धित ग्राम कजियापुर | 420.00 | 4240.00 |
| 24 | रामनगर | रामनगर | अशोकपुर झील | अशोकपुर | 720.00 | 7280.00 |
| 25 | रामनगर | रामनगर | ग्राम करमुल्लापुर भिटौली नाला | ग्राम करमुल्लापुर कुसौरा, कुड़ीन बेहटा तमरसेपुर व भिटौली | 800.00 | 8160.00 |
| 26 | रामनगर | सूरतगंज | गैधुवा नाला | ग्राम चन्द्र सिहाली | 270.00 | 2730.00 |
| 27 | रामनगर | सूरतगंज | मसुरिया वसालपुर नाला | दुर्गापुर, नौबस्ता बार्डर से मसुरिहा प्रा0वि0 गंगादेई पकरिया, रानीपुरवा से गोड़ियनपुरवा पुलिया तक | 600.00 | 6060.00 |
| 28 | रामनगर | सूरतगंज | गोवा मंझारा (चौका नाला) | गोवा मंझारा बार्डर से करौता पुल तक (गोवा मंझारा) | 700.00 | 7280.00 |

**तहसील सिरौली गौसपुर जनपद–बाराबंकी में नीलामी हेतु प्रस्तावित जलक्षेत्रों की सूची।**

| क्र0 सं0 | तहसील | वि0ख0/क्षेत्र पंचायत | ठेके से सम्बन्धित नदी, झील नाला एवं तालाब | ठेके से सम्बन्धित जलभाग के ग्राम | नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु जमानत धन0 | वर्ष 2024–25 हेतु नीलामी की न्यूनतम निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सि0गौ0 | सि0गौ0 | घाघरा नदी | नामीपुर सिरौली की अन्तिम सीमा से ढकवा माफी की पश्चिमी सीमा तक | 7560.00 | 75625.00 |
| 2 | सि0गौ0 | सि0गौ0 | घाघरा नदी | ढकवा माफी की पश्चिमी सीमा से सनावां की पूर्वी सीमा तक | 7560.00 | 75625.00 |
| 3 | सि0गौ0 | सि0गौ0 | झीरी नाला | – | 1290.00 | 12925.00 |
| 4 | सि0गौ0 | पूरेडलई | सोती/तालाब/नाला | – | 50.00 | 4820.00 |
| 5 | सि0गौ0 | दरियाबाद | घाघरा (तालाब) | ग्राम उदवतनगर | 6620.00 | 66250.00 |
| 6 | सिरौली गौसपुर | पूरेडलई | बडरई नाला | ईटहुआ पूर्व से करौनी, सराय दुनौली से रामपुर हड़हा तक | 1730.00 | 17300.00 |
| 7 | सि0गौ0 | पूरेडलई | दुबैला तालाब | ईटहुआ पूर्व से करौनी तक | 1440.00 | 14450.00 |
| 8 | सि0गौ0 | सि0गौ0 | थानाडीह झील | ग्राम थानाडीह | 3540.00 | 35450.00 |
| 9 | सि0गौ0 | सि0गौ0 | किन्तूर नाला | घाघरा से हजरतपुर | 850.00 | 8500.00 |
| 10 | सि0गौ0 | सि0गौ0 | दनापुर झील | ग्राम दना | 4320.00 | 43250.00 |

**तहसील नवाबगंज जनपद–बाराबंकी में नीलामी हेतु प्रस्तावित जलक्षेत्रों की सूची।**

| क्र0 सं0 | तहसील | वि0ख0/क्षेत्र पंचायत | ठेके से सम्बन्धित नदी, झील नाला एवं तालाब | ठेके से सम्बन्धित जलभाग के ग्राम | नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु जमानत धन0 | वर्ष 2024–25 हेतु नीलामी की न्यूनतम निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवाबगंज | देवां | रेठ नदीटु0नं0–1 | सरैयां पुल से पवैया पुल तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 2 | नवाबगंज | देवां | रेठ नदीटु0नं0–2 | उदई बाबा से हर्रई तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 3 | नवाबगंज | बंकी | रेठ नदीटु0नं0–3 | बिछलंगा से आलापुर तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 4 | नवाबगंज | हरख | गोमती नदी छुड़ान | तीरगांव छुड़ान से रेठ नदी तक | 1100.00 | 110000.00 |
| 5 | नवाबगंज | मसा | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–01 | गदईपुर से भयारा पश्चिम तक | 5170.00 | 51700.00 |
| 6 | नवाबगंज | मसौली | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–02 | भयारा पश्चिम से अमदहा रेलवे पुल तक रामपुर | 5170.00 | 51700.00 |
| 7 | नवाबगंज | मसौली | कल्याणी नदी टुकड़ा नं0–03 | सफदरगंज पुल से अम्बौर तक | 5800.00 | 58000.00 |
| 8 | नवाबगंज | देवां | रेठ भितरी नाला | – | 3300.00 | 33000.00 |
| 9 | नवाबगंज | हरख | अमलिहा कुण्ड | तीरगांव रेठ की सीमा | 0 | पानी नहीं रहता है। |

नीलामी से पूर्व न्यूनतम आंकलित/आरक्षित धनराशि बैंक ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य होगा। ठेका स्वीकृत/अस्वीकृत किये जाने का अधिकार उपजिलाधिकारी/जिलाधिकारी में निहित होगा। नीलामी की बोली समाप्त होने पर समिति को नीलामी की 25 प्रतिशत धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से तत्काल तथा अवशेष धनराशि एक सप्ताह में जमा करना अनिवार्य होगा, उक्त अवधि में धनराशि जमा न करने पर उनके पक्ष में की गयी नीलामी निरस्त कर पुनः नीलामी की जायेगी नीलामी की धनराशि बैंक ड्राफ्ट जो कि ''मत्स्य विकास निधि'' नाम से बाराबंकी पर देय हो, द्वारा जमा की जायेगी। किसी भी दशा में नीलामी की धनराशि नगद नहीं जमा की जायेगी। सम्पूर्ण धनराशि जमा हो जाने के पश्चात् ही शिकारमाही का अधिकार पत्र निर्गत किया जायेगा। ठेका/पट्टा की धनराशि जमा संबंधी रसीद के साथ–साथ कार्यालय द्वारा निर्गत अधिकार पत्र शिकारमाही हेतु आवश्यक होगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा ठेकों की स्वीकृति होने के उपरान्त वांछित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर उक्त शासनादेश में निहित शर्तो के अधीन अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त वर्णित समयावधि माह सितम्बर 2024 से 31 मई 2025 तक मत्स्य आखेट के ठेके का कार्य किया जायेगा। इसके पूर्व अथवा इसके पश्चात् मत्स्य आखेट का कार्य करना वर्जित होगा। ठेके के सम्बन्ध में अन्य शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी व समझी जा सकती है। पट्टा/नीलामी अवधि में पट्टे की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर ठेका निरस्त करने का अधिकार जिलाधिकारी बाराबंकी में निहित है।

(राजेन्द्र सिंह बिष्ट)
उपनिदेशक मत्स्य अयोध्या।

UP-220841 दिनांक 16.10.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 78,800 |
| सोना रवा | 78,650 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 94,100 |
| चांदी (999) | 94,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# दो महीने की गिरावट के बाद निर्यात में मामूली बढ़ोतरी

## 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सितंबर में पहुंचा 34.58 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आयात 1.6 प्रतिशत बढ़कर 55.36 अरब डॉलर हुआ
- व्यापार घाटा कम होकर 20.78 अरब डॉलर रह गया

देश के वस्तु निर्यात में दो महीने की गिरावट के बाद सितंबर में मामूली बढ़त दर्ज की गई है। सितंबर में निर्यात 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 34.58 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं व्यापार घाटा कम होकर 20.78 अरब डॉलर रह गया।


बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में आयात 1.6% बढ़कर 55.36 अरब डॉलर हो गया, जो सितंबर, 2023 में 54.49 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा (आयात तथा निर्यात के बीच का अंतर) 20.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अगस्त में यह 10 महीने के उच्चतम स्तर 29.65 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचा था। भारत के वस्तु निर्यात में अगस्त माह में सालाना आधार पर 9.3% और जुलाई में 1.2% की गिरावट आई थी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में निर्यात 1% बढ़कर 213.22 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 6.16% बढ़कर 350.66 अरब डॉलर रहा। वित्त वर्ष की पहली छमाही में व्यापार घाटा 137.44 अरब डॉलर रहा।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद हुई वृद्धि

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सितंबर और इस वित्त वर्ष के पहले छह महीने में निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है। निर्यात को बढ़ावा देने वाले महत्वपूर्ण कारकों में इंजीनियरिंग, रसायन, प्लास्टिक, औषधि, तैयार (रेडिमेड) वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक शामिल हैं। बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक कठिनाइयों के बावजूद हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। सोने का आयात सितंबर में बढ़कर 4.39 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल यह 4.11 अरब डॉलर था।

# बुलिश पैटर्न : निवेशकों के लिए अवसरों की पहचान

बुलिश पैटर्न तकनीकी विश्लेषण का मुख्य उपकरण है, जो निवेशकों को यह संकेत देता है कि किसी संपत्ति की कीमत बढ़ने की संभावना है। ये पैटर्न विभिन्न कैंडलस्टिक फॉर्मेशंस जैसे हैमर, डोजी, गैप अप, और सपोर्ट बाउंस के रूप में सामने आते हैं। सही तरीके से पहचानने पर, ये निवेश के अवसर प्रदान कर सकते हैं। हालांकि, इनसे जुड़े जोखिमों को समझना भी जरूरी है, ताकि निवेशक अपनी रणनीतियों को मजबूत कर सकें और संभावित नुकसान से बच सकें। तकनीकी संकेतों के साथ सतर्क रहकर, निवेशक बेहतर निर्णय ले सकते हैं। आइये इसके बारे में जाने...




### बुलिश पैटर्न के प्रकार

- **हैमर :** यह पैटर्न तब बनता है जब कैंडल का निचला हिस्सा लंबा और ऊपर का छोटा होता है, यह संकेत है कि कीमत गिरने के बाद बढ़ने का प्रयास कर रही है।
- **डोजी :** जब कैंडल का खुलना और बंद होना समान होता है, तो यह अनिश्चितता दर्शाता है, यदि यह किसी डाउनट्रेंड के बाद बनता है, तो यह उलटाव का संकेत है।
- **गैप अप :** जब कीमत पिछले दिन के उच्च स्तर से ऊपर खुलती है, तो यह एक बुलिश संकेत है।
- **सपोर्ट लेवल पर बाउंस :** जब कीमत एक निश्चित स्तर पर गिरने के बाद फिर से ऊपर उठती है, तो यह एक बुलिश संकेत हो सकता है।

### इसे कैसे देखें

- **विश्लेषण :** तकनीकी चार्ट्स पर विभिन्न कैंडलस्टिक पैटर्न्स और अन्य संकेतकों का उपयोग करें।
- **वॉल्यूम :** यदि पैटर्न के साथ वॉल्यूम बढ़ता है, तो यह संकेत है कि बाजार में विश्वास है।
- **समर्थन-प्रतिरोध स्तर :** इन स्तरों का ध्यान रखें, क्योंकि कीमतें अक्सर इन स्तरों के आसपास बदलती हैं।

### निवेशकों को लाभ

- **संभावित अवसर :** बुलिश पैटर्न दिखाता है कि कीमतें बढ़ने की संभावना है, जिससे निवेशक लाभ कमा सकते हैं।
- **योजना बनाने में मदद :** निवेशक यह जान सकते हैं कि कब खरीदारी करनी है या स्टॉक से बाहर निकलना है।
- **भावनात्मक निर्णय से बचाव :** तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से सूचित निर्णय लेने में मदद मिलती है।

### जोखिम

**फॉल्स ब्रेकआउट :** बुलिश पैटर्न कभी-कभी गलत संकेत दे सकते हैं, जिससे निवेशक नुकसान उठा सकते हैं।

**आर्थिक बदलाव :** वैश्विक स्थिति या राजनीतिक घटनाएं बाजार को प्रभावित करती हैं, जिससे ये विफल हो सकता है।

## सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर चांदी 1,000 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली से बुधवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये की तेजी के साथ 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को सोना 78,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ताजा लिवाली से चांदी भी 1,000 रुपये उछलकर 93,500 रुपये प्रति किलो हो गई। 99.5% शुद्धता वाला सोना 250 रुपये उछलकर 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

# निर्यात प्रतिस्पर्धा सब्सिडी से नहीं, गुणवत्ता से आएगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत से कहा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उद्योग जगत से कहा कि वह वैश्विक बाजारों का दोहन करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पर ध्यान केंद्रित करें, क्योंकि निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सरकारी सब्सिडी या समर्थन से नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के विनिर्माण के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही है, क्योंकि उद्योग जगत को यह स्वीकार कराना एक कठिन काम है कि उन्हें गुणवत्ता वाला सामान बनाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि अगर हम आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तो यह तभी हो सकता है जब भारत आत्मविश्वासी होगा और यह आत्मविश्वास तभी आएगा जब हम सभी यह तय करेंगे कि गुणवत्ता हमारा काम नहीं, बल्कि कर्तव्य है।

## अमेरिकी चुनाव तक अडाणी ग्रीन ने 1.2 अरब डॉलर की बॉन्ड बिक्री रोका

- स्वच्छ-ऊर्जा कारोबार से जुड़ी इकाइयां 20 वर्ष की अवधि वाले बॉन्ड करने वाली थीं पेश

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी ग्रीन ने बाजार की स्थिति को देखते हुए 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के बॉन्ड की पेशकश को अमेरिकी चुनावों तक रोक दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की स्वच्छ-ऊर्जा कारोबार से जुड़ी इकाइयां मंगलवार को 20 वर्ष की अवधि वाले हरित बॉन्ड पेश करने वाली थीं। सूत्रों ने कहा कि अडाणी ग्रीन ने आईजी-रेटिंग वाले हाइब्रिड आरजी बॉन्ड पेश किए लेकिन सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद इसे अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों के बाद तक टाल दिया। कंपनी ने बॉन्ड से बेहतर मूल्य निर्धारण और समग्र परिणाम हासिल करने के लिए इसे चुनावों तक टालने का फैसला किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से जुड़े कुछ अनिश्चित घटनाक्रमों को देखते हुए डॉलर बॉन्ड को टाल दिया गया है।

# 6जी से संबंधित नियम सभी के लिए सुनिश्चित करें : सिंधिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- इंडिया मोबाइल कांग्रेस में अंतर्राष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी को संचार मंत्री ने किया संबोधित, बोले-भारत के पास जबरदस्त अवसर

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि 6जी से संबंधित मानकों तथा नियमों से सभी के लिए समावेशिता और सामर्थ्य सुनिश्चित होना चाहिए। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) में अंतर्राष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी में सिंधिया ने कहा कि चूंकि 6जी के लिए मानक तय किए जा रहे हैं, इसलिए प्रौद्योगिकी तथा इंजीनियरिंग की क्षमताओं को देखते हुए भारत के पास जबरदस्त अवसर हैं।

मंत्री ने कहा कि हमारे 6जी मानक जो अभूतपूर्व गति, कम विलंबता और परिवर्तनकारी अनुप्रयोगों की विशेषता रखते हैं सभी के लिए समावेशी, सुलभ व किफायती होने चाहिए और केवल तभी यह समग्र मानवता के वास्तविक मूल्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। सिंधिया ने 6जी अवसर का लाभ उठाने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम विनियामक वातावरण तैयार करते हैं, भारत के पास विनियमनों के निर्माण में योगदान देने की जबरदस्त क्षमता है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### मुंबई में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से तीन की मौत

**मुंबई।** मुंबई के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में 14 मंजिला आवासीय इमारत में बुधवार सुबह आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। नगर निकाय के अधिकारी ने बताया कि आग सुबह आठ बजे अंधेरी इलाके में लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के फोर्थ क्रॉस रोड पर स्थित रिया पैलेस बिल्डिंग की 10वीं मंजिल पर फ्लैट में लगी। आग से घायल तीन लोगों को कूपर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत लाया हुआ घोषित कर दिया।

### शिमला में कार गहरी खाई में गिरी, तीन की मौत

**शिमला।** शिमला में बुधवार को कार के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में परीक्षित भारती, विनोद और मुकेश है। यह दुर्घटना चौपाल में सराहन-पुलबहाल लिंक रोड पर रात दो बजे हुई। चालक के वाहन पर से नियंत्रण खो देने से वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि कार सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ स्थानीय लोगों ने सुबह शव देखे और पुलिस को सूचना दी। शिमला के एसपी संजीव कुमार गांधी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### महिला से 68 लाख की ठगी में चार पर मुकदमा

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** नवी मुंबई में पुलिस ने मुंबई की महिला इंटीरियर डिजाइनर को जमीन बेचने की आड़ में उससे 68 लाख से अधिक की ठगी के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि नेरुल पुलिस थाने में सोमवार को इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। चार में से एक आरोपी की पहले ही मौत हो चुकी है।

### आदिवासी की बेल्ट से पिटाई में चार पर मुकदमा

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में आदिवासी व्यक्ति की बेल्ट से पिटाई करने के लिए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। छतरपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि चार लोगों ने पुरानी रंजिश के कारण टपरियां गांव के रहने वाले व्यक्ति की मंगलवार को पिटाई की। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वीडियो में व्यक्ति को बेल्ट से पीटते हुए देखा जा सकता है।

# युवाओं को परंपराओं से जोड़ता है संगीत

## नाटक अकादमी के अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय संस्कृति को किया रेखांकित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने किया छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन
- मंत्रालय के पहले महोत्सव का उद्देश्य नृत्य शैलियों की विविधता का जश्न

संगीत नाटक अकादमी ने भारतीय नृत्य पर बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव आयोजित किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महोत्सव के लिए एक विशेष संदेश साझा किया और भारतीय संस्कृति में नृत्य के महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि यह युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन किया। यह मंत्रालय का भारतीय नृत्य पर पहला अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव है, जिसका उद्देश्य भारतीय नृत्य शैलियों की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाया तथा उनका अन्वेषण करना है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य कला में स्थायी करियर पर चर्चा को बढ़ावा देना और भारतीय नृत्य के लिए संस्थागत समर्थन को प्रोत्साहित करना है, जिससे सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच बने। संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदुरी, डॉ पद्मा सुब्रह्मण्यम पद्म विभूषण, डॉ सोनल मानसिंह पद्म विभूषण पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ संध्या पुरेचा सहित विश्व भर के कलाकार और गणमान्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि संगीत नाटक अकादमी देश की राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक की अकादमी पहली राष्ट्रीय अकादमी है। इसे 31 मई 1952 को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापति किया गया था।

### मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बने और साथ ही उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर खुद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति प्रदान करना! भाजपा के एक कार्यकर्ता के रूप में पहला सक्रिय सदस्य बनने और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत करने पर गर्व है। मोदी ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का सक्रिय सदस्य होने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होता है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे।

## बंगाल में युवती का शव मिला, दुष्कर्म के बाद की गई थी हत्या

**कृष्णानगर (प. बंगाल)।** पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर में बुधवार को एक युवती का शव मिला। पुलिस ने बताया कि युवती से कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने बताया कि अज्ञात युवती का शव आश्रमपुरा इलाके में एसपी कार्यालय के पास मिला। युवती का चेहरा आंशिक रूप से झुलसा हुआ है। इस घटना से इलाके में तनाव है और कांग्रेस और माकपा ने कोतवाली पुलिस थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय एम कुमार मकवाना ने बताया कि पुलिस ने कृष्णानगर में युवती का शव मिला है, जिसकी उम्र 20-22 साल है। अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मदरसे बंद करने के लिए कभी नहीं कहा : एनसीपीसीआर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आयोग ने की थी संस्थानों को सरकार से मिलने वाली धनराशि पर रोक लगाने की सिफारिश
- प्रियांक कानूनगो ने कहा- मुस्लिम बच्चों को औपचारिक शिक्षा मिलनी चाहिए

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि उन्होंने मदरसों को बंद करने के लिए कभी नहीं कहा बल्कि उन्होंने इन को सरकार से मिलने वाली धनराशि पर रोक की सिफारिश की क्योंकि ये गरीब मुस्लिम बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रहे हैं। कानूनगो ने कहा कि गरीब बच्चों पर अक्सर धर्मनिरपेक्ष शिक्षा के बजाय धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए दबाव डाला जाता है।

उन्होंने कहा कि वह सभी बच्चों के लिए शिक्षा के समान अवसरों की वकालत करते हैं। एनसीपीसीआर ने हालिया रिपोर्ट में मदरसों की कार्यप्रणाली पर चिंता जताई थी तथा सरकार से मिलने वाली राशि तब तक रोकने का आह्वान किया था जब तक वे शिक्षा के अधिकार का अनुपालन नहीं करते। इस पर कई नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया दी थी। कानूनगो ने मदरसों की कार्यप्रणाली व्यक्त करते हुए कुछ समूहों की आलोचना की जो गरीब मुस्लिमों के सशक्तीकरण से डरते हैं।

# बंगाल सरकार कर्तव्य निभाने में विफल : बोस

**आरजी कर मामला**

- राज्यपाल बोले- आरजी कर गतिरोध में राजभवन का हस्तक्षेप संवैधानिक

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करने के मूल कर्तव्यों को निभाने में विफल रही है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन आरजी कर अस्पताल में हुई घटना को लेकर पैदा हुए गतिरोध में संविधान के प्रावधानों के तहत पहले से ही हस्तक्षेप कर रहा है।

बोस ने कहा कि मामले में पुलिस अधिकारी और वरिष्ठ डॉक्टर की गिरफ्तारी एक बार फिर विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त संस्थागत अपराध की ओर इशारा करती है। बोस ने कहा कि नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करना राज्य सरकार, खासकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कर्तव्य है। इसकी जिम्मेदारी किसे लेनी चाहिए? यदि मुख्यमंत्री ही प्रमुख हैं, तो इसका उत्तर स्वयं उनके पास है। चिकित्सकों के समूह ने राजभवन में बोस से मुलाकात की थी और ज्ञापन सौंपा था। बोस ने रेड रोड पर दुर्गा पूजा कार्निवल में मुख्यमंत्री के डांडिया नृत्य का संभवतः संदर्भ देते हुए रोमन सम्राट नीरो से उसकी तुलना की।

### सीबीआई ने सरकार से पूछा, भ्रष्ट अधिकारी अब भी पदों पर क्यों

**कोलकाता।** सीबीआई ने बंगाल के स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम को पत्र लिखकर जानकारी मांगी कि आरजी कर अस्पताल भ्रष्टाचार मामले में शामिल अधिकारी अभी भी महत्वपूर्ण पदों पर क्यों बने हुए हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 23 अगस्त को अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच राज्य द्वारा गठित एसआईटी से केंद्रीय एजेंसी को देने का आदेश दिया था। एजेंसी ने निगम को लिखे पत्र में सवाल किया कि दो चिकित्सक देबाशीष सोम और सुजाता घोष अब भी अपने पदों पर क्यों बने हुए हैं?

## दहेज की मांग से परेशान महिला चिकित्सक ने की खुदकुशी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में ससुराल वालों की एक करोड़ रुपये की मांग से व्यथित चिकित्सक ने खुदकुशी कर ली। प्राथमिकी के अनुसार, डॉ. प्रियंका भुमरे ने 2022 में बीड निवासी नीलेश व्हारकाटे से शादी की थी। दो महीने बाद उसके ससुराल वाले अस्पताल खोलने के लिए एक करोड़ की मांग करने लगे और उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने लगे। महिला की शिकायत पर, पुलिस ने नीलेश, उसके माता-पिता, भाई और बहन पर मामला दर्ज किया था।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : यूट्यूब से हमलावरों ने सीखा था बंदूक चलाना

**मुंबई, एजेंसी**



- संदिग्ध हमलावर शिवकुमार गौतम ने उत्तर प्रदेश में विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग के दौरान सीखा था बंदूक चलाना

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल हमलावरों ने कुर्ला इलाके में किराए के मकान में यूट्यूब से बंदूक और पिस्तौल चलाना सीखा था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूर्व कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी इस साल राकांपा में शामिल हुए थे। शनिवार रात को मुंबई के निर्मल नगर इलाके में उनके विधायक पुत्र जीशान के कार्यालय के बाहर तीन लोगों ने गोली मार दी थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने आरोपियों से पूछताछ के दौरान पाया कि संदिग्ध हमलावर शिवकुमार गौतम ने उत्तर प्रदेश में विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग के दौरान बंदूक चलाना सीखा था। गौतम फरार है। उन्होंने कहा कि गौतम ने कश्यप और सिंह को बंदूक चलाने का प्रशिक्षण दिया। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने चार सप्ताह तक यूट्यूब से वीडियो देखकर बंदूक में गोली भरना और गोली निकालना सीखा।

# कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई, शीर्ष अधिकारियों को किया तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने पर मुख्य सचिवों को 23 अक्टूबर को पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा

उच्चतम न्यायालय ने पराली जलाने के मामले में उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने को लेकर हरियाणा और पंजाब सरकारों को बुधवार को फटकार लगाई तथा दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को 23 अक्टूबर को उसके समक्ष पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई में विफल रहने पर हरियाणा और पंजाब सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया। दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर में पराली जलाया जाना एक प्रमुख कारण है। पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा एनसीआर में पराली जलाने से रोकने के लिए सीएक्यूएम के निर्देशों पर कदम नहीं उठाए जाने से न्यायालय नाखुश था।

## सफाई के समय टैंक में दम घुटने से पांच की मौत

**भुज (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ जिले में कृषि प्रौद्योगिकी कंपनी में अपशिष्ट उपचार टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से पांच कामगारों की मौत हो गई। सभी की उम्र करीब 30 वर्ष थी। कच्छ (पूर्व)के पुलिस अधीक्षक सागर बगमार ने कहा कि बगमार ने कहा कि जब एक कामगार टैंक में सफाई के लिए उतरा तो वह बेहोश हो गया। दो अन्य कामगार उसे बचाने के लिए अंदर उतरे लेकिन वे भी बेहोश हो गए। दो और कामगार टैंक के अंदर गए लेकिन सभी पांच कामगारों की मौत हो गई।

# पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिन में करें समाधान : केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सरकार ने कहा- शिकायतों के निदान में अधिक समय लगने पर अंतरिम जवाब दिया जा सकता है

केंद्र ने सभी विभागों से पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिनों में निवारण करने को कहा है। बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि जिन मामलों में शिकायतों के निवारण में अधिक समय लगता है, वहां अंतरिम जवाब दिया जा सकता है।

केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों की शिकायत निवारण प्रणाली, यानी केंद्रीकृत पेंशन शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीईएनजी आरएएमएस), पोर्टल की समीक्षा के बाद दिशानिर्देश जारी किए हैं। कार्मिक मंत्रालय के निर्देशों में शिकायतों के कुशल निवारण की परिकल्पना है। केंद्र के दिशा-निर्देशों में से एक अंश के मुताबिक, मंत्रालयों/विभागों को पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिनों में निवारण करने का प्रयास करना चाहिए।

## बिहार के पूर्व मंत्री की हत्या में दोषी मुन्ना शुक्ला ने किया आत्मसमर्पण

- शुक्ला को उच्च सुरक्षा वाली बेउर केंद्रीय जेल में रखा जा सकता है

**पटना।** बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाने के बाद पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला ने बुधवार को पटना दीवानी अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। शुक्ला को उच्च सुरक्षा वाली बेउर केंद्रीय जेल में रखा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने दोषी पूर्व विधायक की उस याचिका को बुधवार को खारिज कर दी जिसमें उन्होंने आत्मसमर्पण के लिए समय देने का अनुरोध किया था। शुक्ला के वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, संजय कुमार और आर. महादेवन की पीठ को बताया कि पत्नी की स्वास्थ्य समस्याओं और कामकाज के प्रबंधन के लिए उन्हें 30 दिनों का समय चाहिए।

# आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला बनीं नीतू डेविड

दुबई, एजेंसी



• द. अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के एलिस्टेयर कुक को भी मिली जगह

टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (53 रन पर आठ विकेट) करने वाली भारत की पूर्व स्पिनर नीतू डेविड बुधवार को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली देश की दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं।

भारतीय महिला टीम की चयन समिति की मौजूदा अध्यक्ष नीतू को पूर्व कप्तान डायना इडुल्जी को शामिल किए जाने के एक साल बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है। बाएं हाथ की स्पिनर नीतू ने भारत के लिए 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच (10 टेस्ट और 97 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय) खेले।

उनके अलावा दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक को भी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली। एकदिवसीय में 47 साल की नीतू 141 विकेट के साथ भारत की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज हैं। वह 50 ओवर के प्रारूप में 100 विकेट के आंकड़े को छूने वाली देश की पहली महिला गेंदबाज भी रहीं। विश्व कप 2005 की सबसे सफल गेंदबाज नीतू ने भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# हॉकी लीग में खेलने को बेताब हैं सबसे महंगे खिलाड़ी हरमनप्रीत और उदिता

नई दिल्ली, एजेंसी



हॉकी इंडिया लीग की नीलामी में सबसे महंगे बिके हरमनप्रीत सिंह और उदिता दुहान टूर्नामेंट में अपने प्रशंसकों से दर्शकों का दिल जीतने के लिये बेताब हैं। हरमनप्रीत सिंह को पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब ने तीन दिन तक चली नीलामी के पहले दिन 78 लाख रूपये में खरीदा। वहीं उदिता को श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रूपये में खरीदा।

पुरूषों की लीग में आठ टीमें होंगी जबकि पहली बार हो रही महिला लीग में चार टीमें भाग लेंगी। हरमनप्रीत ने कहा मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है। मेरा नाम नीलामी के लिये आया तो मैं आंखें गड़ाकर देख रहा था। मैं उम्मीद कर रहा था कि सरदार सिंह मेरे नाम पर बोली लगाएं ताकि मुझे हरियाणा और पंजाब के लिए खेलने का मौका मिल सके। जब सूरमा हॉकी क्लब ने मुझे खरीदा तो मैंने राहत की सांस ली, मैं बहुत ही खुश हूं। भारतीय कप्तान ने कहा हमारे पास काफी संतुलित टीम है। इसमें अनुभवी, बड़े नामी और युवा खिलाड़ी हैं जो भविष्य में काफी बड़े सितारे बन सकते हैं।

# डेनमार्क ओपन में महिला और मिश्रित युगल में भारतीय चुनौती हुई समाप्त

ओडेन्से (डेनमार्क), एजेंसी



• सुमित-सिक्की की जोड़ी को केविन-इलियाना ने हराया

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की एक बार फिर खराब शुरूआत हुई और बुधवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में महिला और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में देश की चुनौती समाप्त हो गई।

भारत की दोनों जोड़ियों को अपने शुरूआती मुकाबलों में तीन गेम में हार झेलनी पड़ी जिसमें त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद (महिला युगल) और बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी (मिश्रित युगल) शामिल थे। त्रिसा और गायत्री एक घंटे 14 मिनट तक चले महिला युगल के शुरूआती दौर के मैच में एक गेम की बढ़त गंवाकर मलेशिया की पीयर्ली टान और मुरलीधरन थिनाह से 21-19 17-21 15-21 हार गईं। मिश्रित युगल में सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी कनाडा के केविन ली और इलियाना झांग से पहला गेम जीतने बावजूद एक घंटे दो मिनट में 22-20 19-21 22-24 से पराजित हो गई। मंगलवार को 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन पुरुष एकल में पहले दौर में हारकर बाहर हो गये थे।

## खेल डायरी

### मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच बने पारस महाम्ब्रे

**मुंबई।** टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज और गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे को मुंबई इंडियंस (एमआई) का नया गेंदबाजी कोच बनाया है। महाम्ब्रे इससे पहले भी एमआई के सहायक कोच रह चुके हैं। वह मौजूदा गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और प्रमुख कोच महेला जयवर्धने के साथ काम करेंगे। महाम्ब्रे 2021 से लेकर इस साल अगस्त तक भारत के गेंदबाजी कोच थे। उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ के साथ काम किया और टी-20 विश्वकप विजेता दल का हिस्सा रहे थे। वह चैंपियंस लीग 2011 व 2013 और आईपीएल 2013 की खिताबी जीत में भी एमआई का हिस्सा थे। उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट में भी कोचिंग का अनुभव है। भारत से पहले वह इंडिया ए टीम के गेंदबाजी कोच थे। 2005-06 और 2006-07 में बंगाल को लगातार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में भी

### छह शहरों में 17 से शुरू होगी सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** देश के छह शहरों में 17 अक्टूबर से 12 नवंबर तक सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी 2024 का आयोजन किया जाएगा। घरेलू टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक इस लीग के मैच छह शहरों सूरत, वडोदरा, मुंबई, कोलकाता, तिरुवनंतपुरम और लखनऊ में खेले जाएंगे। इस लीग का यह 16वां संस्करण है और इसमें 37 टीमें शिरकत करेंगी। जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी में मुंबई ने पिछले वर्ष फाइनल में उत्तराखंड को हराया था। मौजूदा चैंपियन मुंबई को आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, गोवा, गुजरात, जम्मू-कश्मीर और मिजोरम के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इस टूर्नामेंट में टीमों को पांच ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए और बी में आठ टीमें शामिल हैं जबकि ग्रुप सी, डी और ई में प्रत्येक में सात टीमें शामिल हैं। प्रत्येक टीम सिंगल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में ग्रुप में अन्य टीमों के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी। अंक और नेट रन रेट के आधार पर ग्रुप से सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहने वाली दूसरी टीम के साथ पांच टेबल टॉपर क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई



### अखिल ने आईएसएसएफ विश्वकप में जीता कांस्य

**नई दिल्ली।** अखिल श्योरण ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में चल रही आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया। भारतीय निशानेबाज पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम का हिस्सा थे। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में 452.6 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अखिल श्योरण का पहला पदक था। हंगरी के इस्तवान पेनी (465.3) और चेकिया के जिरी प्रिवरात्स्की (464.2) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत हासिल किए।

### दिल्ली करेगी पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** अगले साल 13 से 19 जनवरी तक त्यागराज स्टेडियम में पहला खो खो विश्व कप आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह टूर्नामेंट भारत के स्वदेशी खेल को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का मौका है। टूर्नामेंट के घोषणा समारोह के दौरान टीम महाराष्ट्र और शेष भारत के बीच एक प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें महाराष्ट्र 26-24 से विजयी रहा। समारोह के दौरान विश्व कप के आधिकारिक लोगो और टैगलाइन का भी अनावरण किया गया। टूर्नामेंट में 24 देशों का प्रभावशाली लाइन अप होगा जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट में प्रत्येक डिविजन में 16 टीम होंगी जिससे दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा खो खो हमारे देश की मिट्टी का खेल है। इसलिए हमें इस खेल को मैदान पर लाने पर बहुत गर्व है। खो-खो को अंतर्राष्ट्रीय खेल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले महासंघ को बहुत धन्यवाद।

# बारिश में धुला टेस्ट का पहला दिन

## भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट : अंपायरों ने निरीक्षण के बाद खेल रद करने का लिया फैसला

बेंगलुरू, एजेंसी

बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को कोई खेल नहीं हो सका। अंपायरों और अन्य मैच अधिकारियों ने दोपहर दो बजे मैदान का मुआयना किया जब दिन में पहली बार थोड़ी देर के लिए बारिश रूकी, लेकिन हालात को देखकर 2:34 बजे खेल रद करने का फैसला किया गया।

इससे पहले आउटफील्ड कवर और पिच पर डाले कवर की पहली परत मुआयने के लिए हटाई गई तो दर्शक काफी रोमांचित हो गए, लेकिन सुबह से हो रही बारिश के कारण खेल हो पाना संभव नहीं था। सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण सुबह नौ बजे टॉस भी नहीं हो सका। खराब मौसम के बावजूद मैदान पर काफी तादाद में दर्शक जमा थे। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंडोर अभ्यास करते देखकर दर्शक काफी रोमांचित भी हो गए। दूसरे दिन भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है ।दोनों टीमें बारिश के कारण अभ्यास भी नहीं कर सकी थी। दूसरे दिन का खेल सुबह नौ बजकर 15 मिनट पर शुरू होगा और टॉस आठ बजकर 45 मिनट पर कराया जाएगा।



चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले दिन नहीं हटे कवर ● एजेंसी

## ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने से बड़ा कुछ नहीं : पंत

मुंबई, एजेंसी

• विकेटकीपर बोले - ऑस्ट्रेलिया में विकेट और माहौल हैं अलग

• ऑस्ट्रेलिया आक्रामक क्रिकेट खेलती है, जो बेहद मजबूत है

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने के अहसास से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। स्टार स्पोर्टस से बात करते हुए पंत ने कहा जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, तो आपको उछाल और शॉर्ट पिच गेंदों से निपटने पर अधिक काम करना होता है क्योंकि वहां विकेट और माहौल अलग होते हैं। वे नहीं चाहते कि आप जीतें, जिससे ऑस्ट्रेलिया जाने और उन्हें उनके घर में हराने से बड़ा कोई एहसास नहीं है।

उन्होने कहा आम तौर पर ऑस्ट्रेलिया एक टीम के रूप में खेलता है। वे आपको कुछ भी आसानी से नहीं देते हैं। वे आक्रामक क्रिकेट खेलते हैं। इसलिए उनके खिलाफ आक्रामक मानसिकता की ही जरुरत होती है, मतलब मैं पहला मुक्का नहीं मारूंगा, लेकिन अगर कोई मुझ पर पहला मुक्का मारता है, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। अपने पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान गाबा टेस्ट में अपनी पारी की याद करते हुए उन्होने कहा मैं नहीं जानता कि इसके बारे में क्या कहूं। लेकिन मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं। कभी-कभी, ऐसे प्रदर्शन होते हैं जिन्हें आप जीवन भर याद रखते हैं, और मेरे लिए उनमें से एक गाबा टेस्ट है।



# भारत के बिना चैंपियंस ट्रॉफी कराने का विकल्प नहीं, अन्य विकल्प उपलब्ध हैं : ईसीबी

नई दिल्ली, एजेंसी

• हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी कराना ही लग रहा है सबसे संभावित विकल्प

• तनावपूर्ण संबंधों के कारण 2008 से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेली है भारतीय टीम

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन सहित शीर्ष अधिकारियों ने सुझाव दिया है कि भारत के बिना चैंपियंस ट्रॉफी कराना कोई विकल्प नहीं है और अगर रोहित शर्मा की टीम मेजबान देश पाकिस्तान की यात्रा नहीं करती है तो कई अन्य विकल्प उपलब्ध हैं।

दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण भारत ने 2008 से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है और उनकी यात्रा पूरी तरह से सरकार की मंजूरी पर निर्भर होती है। बीसीसीआई को सरकार से टीम को लाहौर भेजने की अनुमति मिलने की संभावना नहीं है जिससे हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी सबसे संभावित विकल्प लग रहा है। पिछले साल एशिया कप की तरह भारत अपने मैच किसी तीसरे देश में खेल सकता है जबकि अन्य मुकाबले पाकिस्तान में आयोजित किए जा सकते हैं। टूर्नामेंट का आयोजन फरवरी-मार्च में किया जाएगा। थॉम्पसन ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड के साथ पाकिस्तान में हैं। उन्होंने कहा भारत का चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेलना क्रिकेट के हित में नहीं होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की यात्रा पर फैसला दिसंबर में बीसीसीआई के मौजूदा सचिव जय शाह के आईसीसी का कार्यभार संभालने से पहले लिया जा सकता है।

शाह को अगस्त में आईसीसी अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। थॉम्पसन ने कहा यह दिलचस्प है। बीसीसीआई के पूर्व सचिव और अब आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह की इसमें बड़ी भूमिका होगी। इसमें भूगोलीय राजनीति और फिर क्रिकेट भू राजनीति होगी। उन्हें कोई रास्ता निकालना ही होगा। ईसीबी के सीईओ गोल्ड ने कहा यदि आप भारत या पाकिस्तान के बिना चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते हैं तो प्रसारण अधिकार नहीं होंगे और हमें उन्हें सुरक्षित रखने की जरूरत है।

# सेमीफाइनल में द. अफ्रीका पर भारी पड़ेगी ऑस्ट्रेलिया

महिला टी-20 विश्व कप

दुबई, एजेंसी

आठवीं बार फाइनल में प्रवेश की कोशिश में जुटी ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी तो उसका पलड़ा भारी रहेगा। ऑस्ट्रेलिया 2009 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्रों में सेमीफाइनल खेल चुका है।

छह बार की चैंपियन टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। दोनों के बीच 2023 सत्र का फाइनल खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। आंकड़ों की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका टीम ऑस्ट्रेलिया के आगे कहीं नहीं ठहरती। ऑस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ दस महिला टी-20 मैचों में से नौ जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका ने एकमात्र जीत जनवरी में दर्ज की। महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ सातों मुकाबले जीते हैं। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम का कोर ग्रुप बरसों से साथ खेल रहा है, सिर्फ मेग लानिंग ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है। बाकी सभी दस खिलाड़ियों ने 2023 का फाइनल खेला था।

# दूसरे दिन पाकिस्तान ने बनाई मैच पर मजबूत पकड़

• दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान 366 रनों पर सिमटी, इंग्लैंड ने बनाए छह विकेट खोकर 239 रन

मुल्तान, एजेंसी

पाकिस्तान ने साजिद खान (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बुधवार को इंग्लैंड के 239 रन पर छह विकेट गिराकर मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं। पाकिस्तान के 366 के स्कोर के जवाब में इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (114) के शतक की मदद से छह विकेट पर 239 बना लिए। इंग्लैंड अभी भी पाकिस्तान से 127 रन पीछे हैं।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों के पहले विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत की। 13वें ओवर में नौमन अली में जैक क्रॉली को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई।

क्रॉली ने 27 रन बनाए। नये बल्लेबाज ऑली पोप को साजिद खान ने बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। उस समय इंग्लैंड का स्कोर 125 रन था। पोप ने 29 रन बनाए। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए बेन डकेट और जो रुट ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 211 रनों तक पहुंचाया जहां साजिद ने रुट (34) को बोल्ड कर टीम को तीसरी सफलता दिलाई। स्कोर बोर्ड पर अभी 13 रन और जुडे ही थे कि डकेट (114) को साजिद ने सलमान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को चौथी सफलता दिलाई। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर साजिद ने पहले टेस्ट में मुल्तान के नये सुल्तान बने हैरी ब्रूक (नौ) रन पर बोल्ड आउट कर इंग्लैंड को पांचवा झटका दे दिया। स्टोक्स (एक) रन बनाया। दिन का खेल समाप्ति के समय जेमी स्मिथ नाबाद (12) तथा ब्राइडन कार्स दो रन पर नाबाद रहे। इससे पहले पाकिस्तान कल के पांच विकेट पर 259 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। पाकिस्तान की पूरी टीम कल के स्कोर में 107 जोड़कर 366 पर सिमट गई।



रिजवान का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

# बॉलीवुड हलचल



## रकुल ने दिखाया समर्पण खराब तबीयत में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने खराब तबीयत के बावजूद अपने काम के लिए समर्पण दिखलाया है। रकुल प्रीत सिंह ने गंभीर चोट के बाद भी अपने काम और कमिटमेंट्स को नहीं छोड़ा। इसका असर उनकी सेहत पर पड़ा और अब वह कई दिनों से बिस्तर पर हैं। यह सब पांच अक्टूबर की सुबह तब शुरू हुआ जब वह अपने वर्कआउट के दौरान 80 किलो वजन बिना बेल्ट के उठा रही थीं, जिससे उनकी पीठ में दर्द हो गया। चोट के बावजूद, रकुल ने अपनी कमिटमेंट निभाने के लिए लगातार दो दिनों तक दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग की और मांसपेशियों को आराम देने वाली दवा ली। तीन दिनों तक दर्द सहने के बाद, उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह ली, लेकिन हर 3-4 घंटे बाद दर्द फिर से लौट आता था। उन्होंने फिजियोथेरेपी जारी रखी, लेकिन 10 तारीख को अपने जन्मदिन की पार्टी से ठीक एक घंटा पहले, उनकी हालत सबसे ज्यादा खराब हो गई। चोट ने रकुल के शरीर को नुकसान पहुंचाया, जिसकी वजह से उनके एल 4, एल5, और एस1 नसें जाम हो गईं। जल्दी ही उनका ब्लड प्रेशर गिर गया, उन्हें पसीना आने लगा, और उन्हें बिस्तार पर ले जाना पड़ा। अब पांच दिन हो गए हैं, और वो धीरे-धीरे ठीक हो रही है, लेकिन ये प्रक्रिया धीरे-धीरे काम करती है। उम्मीद है कि रकुल जल्द ठीक हो जाएंगी।

## पवन कल्याण की फिल्म ओजी की शूटिंग फिर से शुरू

**मुंबई।** पावर स्टार पवन कल्याण की फिल्म ओजी की शूटिंग हैदराबाद में फिर से शुरू कर दी गयी है। पवन कल्याण अपनी आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म ओजी के साथ स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। पवन कल्याण अभिनीत पैन इंडिया एक्शन एंटरटेनर ओजी ने हैदराबाद में अपनी शूटिंग फिर से शुरू कर दी है, जिसमें इस समय एक धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस चल रहा है। अपनी घोषणा के बाद से ही इस फिल्म ने खूब चर्चा बटोरी है, और अब पवन कल्याण जल्द ही सेट पर अपने धमाकेदार एक्शन सीन्स के लिए आने वाले हैं। इस फिल्म में इमरान हाशमी को खलनायक के रूप में कास्ट किया गया है, साथ ही श्रीया रेड्डी, प्रियंका मोहन और अर्जुन दास भी अहम भूमिका में हैं। निर्माताओं ने खुलासा किया है कि इस महीने की शुरुआत में शुरू हुआ यह शेड्यूल अक्टूबर के अंत तक चलेगा, जिसमें दर्शकों को कुछ सबसे रोमांचक दृश्य देखने को मिलेंगे। सोशल मीडिया पर टीम ने एक रोमांचक अपडेट साझा किया, ऊर्जा बहुत है... और एक्शन भी बहुत है...ओजी की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है हमारे #ओजी@‹/ पवनकल्याण जल्द ही शूटिंग में शामिल होंगे।



## फिल्म द मेहता बॉयज को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में किया गया सम्मानित

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बोमन ईरानी की बतौर निर्देशक पहली फिल्म, द मेहता बॉयज को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल ऑफ साउथ एशिया (इफ्सा) टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया गया। शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में अपने प्रीमियर के बाद, फिल्म द मेहता बॉयज उत्तरी अमेरिका में सबसे बड़े दक्षिण एशियाई फिल्म फेस्टिवल इफ्सा टोरंटो फिल्म फेस्टिवल के 13वें संस्करण की ओपनिंग फिल्म थी। इस उपलब्धि ने अभिनेता से निर्देशक बने बोमन ईरानी के लिए एक और उपलब्धि जोड़ दी। शिकागो फेस्टिवल में द मेहता बॉयज को स्टैंडिंग ओवेशन मिला, जिससे टीम बेहद खुश हुई। टोरंटो में भी एक बार फिर वही प्यार देखने को मिला, जहां फिल्म को एक बार फिर स्टैंडिंग ओवेशन मिला। बोमन ईरानी को प्रतिष्ठित इफ्सा टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में ''द मेहता बॉयज़'' के लिए सम्मानित किया गया। बोमन ईरानी ने अपने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ यह खुशखबरी साझा करते हुए लिखा, एक अविस्मरणीय क्षण प्रतिष्ठित इफ्सा टोरंटो गाला में सम्मानित होना द मेहता बॉयज को दिखाए जा रहे प्यार, समर्थन और प्रशंसा के लिए शब्दों से परे आभारी हूँ। हम पर विश्वास करने वाले सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह तो बस शुरुआत है। द मेहता बॉयज को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।

# मेस्सी के तीन गोल से जीता अर्जेंटीना

द.अमेरिका विश्व कप क्वालीफाइंग

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

लियोनेल मेस्सी की हैट्रिक और दो गोल में सहायता की मदद से अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6-0 से हरा दिया। अक्टूबर में हो रही प्रतिस्पर्धा के दो दौर में दाहिने टखने की चोट की वजह से नहीं खेल सके मेस्सी ने मंगलवार को पूरा मैच खेला।

उन्होंने 19वें मिनट में पहला गोल किया। इसके अलावा लौटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के गोलों में सूत्रधार की भूमिका निभाई। 37 वर्ष के मेस्सी ने 84वें और 86वें मिनट में भी गोल दागे। अन्य मुकाबलों में ब्राजील ने पेरू को 4-0 से हराया। अर्जेंटीना 10 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि उससे तीन अंक पीछे कोलंबिया है। ब्राजील 16 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाएंगी। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मुकाबले नवंबर में खेले जाएंगे।



‹‹ बोलिविया के खिलाफ मैच के दौरान मेस्सी। ● एजेंसी

## गोल नहीं कर सके रोनाल्डो, पुर्तगाल ने खेला ड्रॉ

**मैड्रिड।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गोल नहीं कर सके और पुर्तगाल ने नेशंस लीग में स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। पुर्तगाल ने क्रोएशिया, स्कॉटलैंड और पोलैंड से पहले तीन मैच जीते थे लेकिन ग्लासगो में तीसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। अब तक 133 अंतर्राष्ट्रीय गोल कर चुके रोनाल्डो के पास कई मौके आए लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सके। पुर्तगाल इस ड्रॉ के बावजूद ग्रुप एवन में शीर्ष पर है जबकि क्रोएशिया दूसरे स्थान पर है। वहीं स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। क्रोएशिया ने पोलैंड से 3-3 से ड्रॉ खेला। कोसोवो ने साइप्रस को ग्रुप सी के मैच में 3-0 से हराया जबकि रोमानिया ने लिथुआनिया को 2-1 से मात दी। बेलारूस ने लक्जेमबर्ग से 1-1 से ड्रॉ खेला।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर



**फैशन का है जलवा ...:** न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में विक्टोरियाज सीक्रेट फैशन शो के दौरान रैंप पर एड्रियाना लीमा ने बिखेरा अपनी अदाओं का जलवा।

### तुर्किये में महसूस हुए भूकंप के झटके

**अंकारा।** पूर्वी तुर्किये में बुधवार को मध्यम तीव्रता के भूकंप महसूस किए गए। एएफएडी नाम की सरकारी आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी के अनुसार, 5 .9 तीव्रता का भूकंप मालाट्या प्रांत के काले शहर में पूर्वाह्न 10 बजकर 46 मिनट पर आया। हेबरतर्क टेलीविजन के अनुसार, भूकंप का असर निकटवर्ती शहरों दियारबाकिर, एलाजिग, सनलीउर्फा और टुन्सेली में भी महसूस हुआ। मालाट्या और एलाजिग में स्कूलों को बंद करने का आदेश है।

### पाकिस्तान में बम विस्फोट पांच पुलिसकर्मी घायल

**पेशावर।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को पुलिस के वाहन को निशाना बनाकर रिमोट के जरिये किए गए विस्फोट में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। आतंकियों ने पहाड़ी जिले बुनेर के कानकोई मंदनार इलाके में मोबाइल पुलिस वैन को निशाना बनाया।

### बेटी के हत्यारे की मौत की सजा कोर्ट ने की कम

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उस व्यक्ति की मौत की सजा को कम करके 20 साल जेल में तब्दील कर दिया, जिसने परिवार की इच्छा के विरुद्ध अंतरजातीय विवाह करने वाली गर्भवती बेटी की हत्या कर दी थी। न्यायमूर्ति बीआर गवई, अरविंद कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने बेटी के गुनहगार महाराष्ट्र के नासिक जिले के निवासी एकनाथ किसान कुंभारकर की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन उसकी मौत की सजा को खारिज कर दिया।

### ऑक्सफोर्ड के चांसलर के उम्मीदवारों में भारतीय

**लंदन।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने बुधवार को अपने नए चांसलर के चुनाव के लिए दौड़ में शामिल 38 प्रतिभागियों के नाम की घोषणा की जिनमें भारतीय मूल के उम्मीदवार भी हैं लेकिन पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का नाम नहीं है। बर्कशायर में ब्रेकनेल फॉरेस्ट के भारतीय मूल के पहले मेयर अंकुर शिव भंडारी, प्रोफेसर निरपाल सिंह पॉल भंगल और चिकित्सा पेशे से जुड़े प्रतीक तरवाडी इस दौड़ में अन्य शिक्षाविदों, राजनेताओं और उद्यमियों से मुकाबला करेंगे।

### सलमान की हत्या की साजिश में वांछित व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के सिलसिले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि आरोपी सुक्खा को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया गया। सुक्खा को नवी मुंबई लाया जा रहा है और गुरुवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने जून में दावा किया था कि उसने सलमान को निशाना बनाने की साजिश का पर्दाफाश किया है।

## कनाडा विवाद : कानूनी प्रक्रिया के साथ भारत का सहयोग सही कदम : ब्रिटेन

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन ने भारत और कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के संदर्भ में बुधवार को कहा कि कनाडा की कानूनी प्रक्रिया के साथ भारत सरकार का सहयोग गंभीर घटनाक्रम पर अगला सही कदम है। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि वह भारत सरकार से जुड़ी कनाडाई जांच को लेकर कनाडा के साझेदारों के संपर्क में है और उसने ओटावा की न्यायिक प्रणाली पर विश्वास जताया।

यह बयान तब आया है जब इससे पहले भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया और कनाडा में अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा को वापस बुला लिया। भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में कनाडा के आरोपों को बेतुका बताते हुए इन्हें जस्टिन ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे से जुड़ा बताया, जो वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित है। एफसीडीओ के बयान से दो दिन पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने सोमवार को कनाडा के अपने समकक्ष जस्टिन ट्रूडो से फोन पर बातचीत की थी।

### सिख नेता जगमीत ने की आरएसएस पर प्रतिबंध की मांग

**वाशिंगटन।** कनाडा के राष्ट्रीय पुलिस बल (आरसीएमपी) द्वारा भारतीय राजनयिकों पर एक सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को कनाडा के सिख नेता जगमीत सिंह ने आरएसएस और भारतीय राजनयिकों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। सिंह एनडीपी के नेता हैं, जिसने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सत्तारूढ़ सरकार का पूर्व में समर्थन किया था।

## वैवाहिक दुष्कर्म मामले पर आज होगी सुनवाई

- अपराध की श्रेणी में डालने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र के विरोध के मद्देनजर यह सुनवाई महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय गुरुवार को इस प्रश्न से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगा कि क्या किसी व्यक्ति को पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने पर कानूनी संरक्षण मिलना रहना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा कि वह गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगी। वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में डालने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र के विरोध के मद्देनजर यह सुनवाई महत्वपूर्ण है। केंद्र ने शीर्ष अदालत में दलील दी कि अगर किसी व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध को दुष्कर्म के रूप में दंडनीय बना दिया जाता है, तो इससे वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## एससीओ सम्मेलन में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का भारत ने फिर किया विरोध

इस्लामाबाद, एजेंसी



- रूस, बेलारूस, ईरान, पाकिस्तान कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान ने चीनी पहल का किया समर्थन

भारत ने बुधवार को एक बार फिर चीन की वन बेल्ट वन रोड (ओबीओआर) पहल का समर्थन करने से इनकार कर दिया। वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का एकमात्र देश बन गया है, जिसने इस विवादास्पद संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक में अपने संबोधन के दौरान चीनी परियोजना का विरोध जताया है।

ओबीओआर परियोजना में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है जो कश्मीर के, पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से से गुजरता है। इस्लामाबाद द्वारा आयोजित एससीओ के शासनाध्यक्ष परिषद के सम्मेलन के अंत में जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया कि रूस, बेलारूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान ने चीनी संपर्क पहल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि देशों ने परियोजना के कार्यान्वयन पर चल रहे कार्य पर ध्यान दिया, जिसमें यूरेशियाई आर्थिक संघ को ओबीओआर से जोड़ने के प्रयास भी शामिल हैं। भारत ओबीओआर, जिसे पहले बीआरआई के नाम से जाना जाता था, की कड़ी आलोचना करता रहा है, क्योंकि इस परियोजना में तथाकथित सीपीईसी शामिल है।

# लेबनान में फिर हवाई हमला, 21 की मौत

## प्रधानमंत्री मिकाती ने लगाया आरोप, इजराइल ने राहत सहायता समन्वय बैठक को बनाया निशाना

कना (लेबनान), एजेंसी

- लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री बोले- अंतर्राष्ट्रीय समुदाय हमलों के बारे में जानबूझकर रहा चुप
- लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक शहर के मेयर की भी हमले में मौत, इजराइली सेना ने बिना सबूत किए हमले



दक्षिण लेबनान के काना गांव में इजरायली हवाई हमले से नष्ट हुई इमारतों से उठता धुंआ। ● एजेंसी

लेबनान में किये गए इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इन हमलों में, एक दक्षिणी शहर पर की गई बमबारी भी शामिल है जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक अन्य स्थान पर, एक शहर के मेयर की भी हमले में मौत हो गई।

लेबनानी अधिकारियों ने बताया कि यह हमला राहत प्रयासों में समन्वय के लिए आयोजित बैठक स्थल को निशाना बनाकर किया गया। दक्षिणी शहर कना में मंगलवार देर रात किए गए हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, जहां 15 लोग मारे गए हैं। लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने इजराइल पर, राहत प्रयासों पर चर्चा करने के लिए आयोजित नगर परिषद की बैठक को जानबूझकर निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उन इजराइली हमलों के बारे में जानबूझकर चुप रहा है, जिसमें नागरिक मारे गए हैं। उन्होंने एक बयान में कहा इस वास्तविकता के आलोक में किस समाधान की उम्मीद की जा सकती है? इजराइली सेना ने बिना कोई सबूत दिए कहा कि उसने बुधवार के हमलों में नबातियेह के नागरिक क्षेत्रों में स्थित हिज्बुल्ला के कमांड केंद्रों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया।

इजराइल ने छह दिन के विराम के बाद बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर भी बमबारी शुरू कर दी और एक अपार्टमेंट भवन के नीचे स्थित हथियारों के गोदाम को निशाना बनाया। सेना ने हमले से पहले निवासियों को घर खाली करने की चेतावनी दी थी और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मंगलवार देर रात दक्षिणी शहर कना पर किए गए हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। घटनास्थल से एसोसिएटेड प्रेस की तस्वीरों और वीडियो में कई इमारतें जमींदोज नजर आ रही हैं तथा कुछ की ऊपरी मंजिलें ढही हुई दिख रही हैं।

### 1996 और 2006 के युद्ध के दौरान भी निशाने पर आईं रिहायशी इमारतें

वर्ष 1996 में, कना में सैकड़ों विस्थापित लोगों के आवास वाले संयुक्त राष्ट्र परिसर पर इजराइली गोलाबारी में कम से कम 100 नागरिक मारे गए थे और चार संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों सहित कई लोग घायल हुए थे। वर्ष 2006 के युद्ध के दौरान एक रिहायशी इमारत पर इजराइल के हमले में करीब 36 लोग मारे गए थे जिनमें से एक तिहाई बच्चे थे। इजराइल ने उस समय कहा था कि उसने हिजबुल्ला के एक रॉकेट लॉन्चर को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

### ईरान के तेल क्षेत्रों पर हमला करे इजरायली सरकार : लैपिड

**यरुशलम।** इजरायल की संसद में विपक्षी नेता यायर लैपिड ने सरकार से जवाबी हमले में ईरान की अर्थव्यवस्था को तबाह करने के लिए उसके तेल क्षेत्रों को निशाना बनाने की अपील की है। द वाशिंगटन पोस्ट अखबार ने सोमवार को सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन से कहा कि वह तेल या परमाणु प्रतिष्ठानों के बजाय ईरान की सैन्य केंद्रों पर हमला करने के लिए तैयार हैं। लैपिड ने मंगलवार को द यरुशलम पोस्ट अखबार से कहा हमें तेल क्षेत्रों से शुरुआत करनी चाहिए। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका इसलिए चिंतित है कि इस तरह के हमले से वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें प्रभावित होने से डर रहा है, क्योंकि अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है और वह इससे पहले केअंतिम हफ्तों में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान होने से डर रहा है। मैं अमेरिकी प्रशासन से असहमत हूं। मुझे नहीं लगता है कि चुनाव से कुछ समय पहले इसके कारण दुनिया में तेल की कीमतों में काफी वृद्धि होगी। सऊदी अरब जैसे अन्य तेल उत्पादक देशों के साथ तेल उत्पादन को बढ़ाने को लेकर बातचीत की जा सकती है।

## नाइजीरिया : पेट्रोल टैंकर में विस्फोट से 140 की मौत

अबुजा (नाइजीरिया), एजेंसी

- वाहन से गिर रहे ईंधन को निकालने की कोशिश कर रहे थे लोग तब हुआ हादसा
- टैंकर चालक के नियंत्रण खोने पर पलटा वाहन, जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ विस्फोट

नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर के पलट जाने और उसमें विस्फोट होने से बच्चों सहित 140 से अधिक लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं की तरफ से बुधवार को बताया गया कि यह घटना उस समय हुई जब लोग वाहन से गिर रहे ईंधन को निकालने की कोशिश कर रहे थे।

स्थानीय पुलिस प्रवक्ता लॉन एडम ने बताया कि यह विस्फोट मध्य रात्रि के बाद जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ, जब राजमार्ग पर टैंकर चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और ईंधन इकट्ठा करने लगे, उसी समय भयंकर आग भड़क उठी। क्षेत्र में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की प्रमुख नूरा अब्दुल्लाही ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया अन्य स्थानों पर दफनाए गए लोगों के अलावा करीब 140 लोगों को सामूहिक कब्र में दफनाया गया। बुधवार की सुबह माजिया कस्बे के निवासी शोक में थे और स्थानीय लोगों ने पीड़ितों के लिए सामूहिक अंतिम संस्कार किया था। आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि ज्यादातर शव पहचानने लायक नहीं थे। अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में घातक टैंकर दुर्घटनाएं आम बात हैं, जहां कई स्थानों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया जाता और माल परिवहन के लिए कुशल रेलवे प्रणाली जैसे विकल्पों का अभाव है।


### ईंधन की बढ़ी कीमतें भी हैं हादसे की जिम्मेदार

ऐसी दुर्घटनाओं के बाद लोगों द्वारा ईंधन इकट्ठा करना भी आम बात है, विशेषकर नाइजीरिया में ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर। सरकार ने ईंधन पर सब्सिडी खत्म कर दी है जिसके बाद पिछले साल की शुरुआत से ईंधन के दाम तीन गुना हो चुके हैं। पुलिस ने बताया कि नवीनतम दुर्घटना में शामिल चालक पड़ोसी राज्य कानो से लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा करके आया था। जिगावा राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने शुरू में मृतकों की संख्या 105 बताई थी, जिनमें अस्पताल में इलाज के दौरान मरने वाले लोग भी शामिल थे। जिगावा आपातकालीन सेवाओं के प्रमुख डॉ. हारुना मैरिगा ने बताया कि अधिकांश पीड़ित दुर्घटना स्थल पर ही जलकर राख हो गए।

## पेड़ों की कटाई : दिल्ली के उपराज्यपाल को व्यक्तिगत हलफनामा देने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीडीए और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के रिज इलाके में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष एवं उपराज्यपाल वीके सक्सेना को 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर डीडीए और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने उपराज्यपाल को दोषी अधिकारियों पर की कार्रवाई सहित अन्य का विवरण देने को कहा है। सीजेआई ने कहा कि पीठ ने डीडीए अध्यक्ष को निर्देश दिया कि क्या पेड़ों की कटाई की अनुमति पर चर्चा के बारे में कोई जानकारी थी। दूसरा, उपराज्यपाल को कब सूचित किया गया कि अनुमति की जरूरत है। तीसरा, सुधारात्मक उपायों के रूप में क्या किया गया और चौथा, रिज की मूल प्रकृति को संरक्षित करने को कोर्ट के आदेश के बाद से दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने उपराज्यपाल को सुनवाई की अगली तारीख 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई को लेकर डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई अब सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने पूर्व में इस विषय की सुनवाई की थी।

## कनाडाई वायु सेना ने एअर इंडिया के यात्रियों को पहुंचाया शिकागो

- विमान में चालक दल के 20 समेत 211 यात्री थे सवार, 18 घंटे बाद मिली मदद

**नई दिल्ली।** कनाडाई वायु सेना के विमान एअर इंडिया की उड़ान के 191 यात्रियों को इकालुइट हवाई अड्डे से शिकागो पहुंचा। एअर इंडिया की इस उड़ान को, विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर इकालुइट ले जाया गया था। विमान में चालक दल के 20 सदस्यों समेत 211 यात्री सवार थे। विमान को इकालुइट ले जाने के 18 घंटे से अधिक समय बाद यात्रियों को शिकागो ले जाया गया।

एअर इंडिया ने बुधवार को बताया कि 15 अक्टूबर को कनाडा के इकालुइट ले जायी गई उड़ान एआई127 के यात्री अपने गंतव्य शिकागो की ओर जा रहे हैं। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को कनाडाई वायु सेना के विमान से ले जाया जा रहा है, जिसने 3 बजकर 54 मिनट यूटीसी (समन्वित वैश्विक समय) पर इकालुइट से उड़ान भरी। इकालुइट में मंगलवार को 3 बजकर 54 मिनट का समन्वित वैश्विक समय रात 11 बजकर 54 मिनट था। विमान सुबह 5 बजकर 21 मिनट पर इकालुइट हवाई अड्डे पर उतरा था।

## मस्जिद में जय श्रीराम का नारा लगाना अपराध नहीं, धार्मिक भावना कैसे हुई आहत : हाईकोर्ट

बेंगलुरु, एजेंसी

- कोर्ट ने दो लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए आपराधिक मामले को किया खारिज



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को मस्जिद के अंदर जय श्रीराम के नारे लगाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि यह समझ से परे है कि जय श्री राम के नारे लगाने से किसी की धार्मिक भावनाएं कैसे आहत होंगी।

न्यायालय ने फैसले में कहा कि मस्जिद में जय श्रीराम का नारा लगाना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना नहीं है। कोर्ट ने यह फैसला सुनाते हुए धार्मिक मान्यताओं का अपमान करने के दो आरोपियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने दक्षिण कन्नड़ के कीर्तन और सचिन के खिलाफ आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह समझ से परे है कि जय श्रीराम का नारा लगाना किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को कैसे ठेस पहुँचाएगा, जबकि शिकायतकर्ता खुद कहता है कि इलाके में हिन्दू और मुसलमान सद्भाव से रह रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि धारा 295ए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों से संबंधित है। इस धारा के तहत कोई भी कार्य तब तक अपराध नहीं माना जाएगा जब तक कि वह शांति या सार्वजनिक व्यवस्था को भंग न करता हो। सार्वजनिक व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़ने और घटना में किसी भी तरह की वास्तविक संलिप्तता न होने के कारण, न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि इन याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आगे की कार्रवाई की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

## बच्चे के सामने यौन संबंध बनाना उत्पीड़न के समान

कोच्चि, एजेंसी



- पॉक्सो के तहत दर्ज मामले को रद करने की याचिका पर केरला हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि नाबालिग के समक्ष यौन संबंध बनाना या निर्वस्त्र होना बच्चे का यौन उत्पीड़न है और यह यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दंडनीय है। न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन ने यह फैसला एक याचिका पर सुनाया, जिसमें पॉक्सो और किशोर न्याय अधिनियम के तहत दर्ज मामले को रद करने का अनुरोध किया गया था।

याचिकाकर्ता पर आरोप था कि उसने कमरे का दरवाजा बंद किए बिना लॉज में नाबालिग की मां से यौन संबंध बनाए और इस कृत्य को देखने वाले लड़के की पिटाई की, क्योंकि उसने इस पर सवाल उठाया था। आरोपी ने याचिका में दावा किया कि उसके खिलाफ कोई भी अपराध नहीं बनता। हाईकोर्ट ने कहा कि जब कोई व्यक्ति किसी बच्चे को अपना निर्वस्त्र शरीर दिखाता है, तो यह बच्चे पर यौन उत्पीड़न करने के इरादे से किया गया कृत्य है। इसलिए, पॉक्सो अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध होगा। आरोप यह है कि आरोपी ने निर्वस्त्र होकर कमरे को बंद किए बिना यौन संबंध बनाए और नाबालिग को कमरे में प्रवेश करने दिया, जिससे नाबालिग ने यह कृत्य देखा। प्रथम दृष्टया, इस मामले में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो का आरोप बनता है। चूंकि व्यक्ति ने बच्चे की पिटाई की और नाबालिग की मां ने उसे नहीं जो अपराध है। न्यायालय ने कहा कि व्यक्ति को पॉक्सो और आईपीसी की धारा 323 व 34 के तहत मुकदमे का सामना करना होगा।

## जन औषधि नाम के गलत प्रयोग पर 10 लाख का लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने मध्य प्रदेश की कंपनी को जन औषधि से मिलते-जुलते नाम के उपयोग पर जुर्माना लगाते हुए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को 10 लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली की जिला अदालत ने मध्य प्रदेश के भोपाल में जन औषधि संघ के नाम से संचालित संगठन के नाम में साम्यता को लेकर उसे इस नाम का इस्तेमाल करने पर रोक दिया है। यह कंपनी इरादतन पीएमबीजेपी के ट्रेडमार्क जन औषधि से मिलते-जुलते नाम का इस्तेमाल कर रही थी। इसका मकसद जनता के मन में भ्रम पैदा करना और जन औषधि की साख को नुकसान पहुंचाना था। अदालत ने उल्लंघनकर्ता और उसके मालिकों, साझेदारों को उक्त चिह्न जन औषधि का उपयोग करने से रोकने का आदेश दिया है।

**खगोल विज्ञान** पीने का पानी, हवा व रॉकेट ईंधन बनाने के लिए होगा बर्फ का उपयोग

## चांद की सतह में दबे हैं बर्फ के विशाल भंडार

अमृत विचार, नैनीताल



चंद्रमा के काले हिस्सों में बर्फ का मानचित्र।

चांद की सतह नीरस नही, बल्कि बर्फ के अकूत भंडारों के साथ गिली है। नासा के लूनर रिकोनिसेंस ऑर्बिटर से इसका पता चला है। चंद्रमा पर बर्फ होना होना तरल जल की समस्या का हल है। इसका उपयोग पीने का पानी, हवा और यहां तक कि रॉकेट ईंधन बनाने के लिए भी किया जा सकता है।

चंद्रमा अंतरिक्ष के सफर का केंद्र बिंदु है। इस उपग्रह पर बुनियादी सुविधाओं का होना नितांत जरूरी है। इस कड़ी में पानी का बर्फ के रूप में मौजूद होना , खगोलविदों के किये अत्यंत खुशी की खबर है। पानी जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण जरूरत है। इस खोज के बाद चुनौती भोजन के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं को जुटाना है। बहरहाल चांद पर बर्फ का मिलना वैज्ञा निकों के हौंसलों को बुलंद करना है । खोजकर्ता नासा के वैज्ञानिक कहते हैं कि विभिन्न देशों के चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष यानों ने 2000 के दशक की शुरुआत में चंद्रमा के ध्रुवों पर पानी की बर्फ की उपस्थिति की पुष्टि कर दी थी।

पानी की बर्फ का भंडार गहरे छाया वाले चंद्रमा क्रेटर में मौजूद हैं। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) के नए डेटा से बर्फ के पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं। सूर्य की रोशनी की कमी व अत्यधिक ठंड के कारण बर्फ जमी रहती है। चंद्रमा पर बर्फ भविष्य के चंद्रमा खोजकर्ताओं के लिए अत्यधिक रुचि का विषय है। इसका उपयोग पीने का पानी के अलावा हवा और रॉकेट ईंधन बनाने के लिए भी किया जा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा अत्यंत शुष्क स्थान है। वहाँ नदियाँ या झीलें नहीं हैं, यहाँ तक कि पोखर भी नहीं। मगर मिट्टी में पानी के अणु मौजूद हैं। बर्फ के भंडार मुख्य रूप से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अभी तक ठीक से पता नहीं है कि वहां कितनी अधिक बर्फ है या कितनी गहराई तक दबी हुई है। इसका पता भी जल्द लगाने की कोशिश की जाएगी।

### चांद पर बर्फ कैसे पहुंची

**नैनीताल :** चंद्रमा पर न तो तरल पानी है और न ही बर्फ के लायक कोई वातावरण है, फिर वहां बर्फ कैसे पहुंची। यह बेहद रोचक विषय है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि इसकी तीन मुख्य संभावनाएँ हैं। संभवत: धूमकेतु के जरिए आयी होगी है। दूसरी संभावना चंद्रमा के आंतरिक भाग से ही गैस के रूप में निकलती है जो सतह पर जम जाती है। तीसरी संभावना सौर वायु में हाइड्रोजन और चंद्र रेजोलिथ में ऑक्सीजन के बीच रासायनिक प्रतिक्रिया से भी बर्फ उत्पन्न हो सकती है।

## तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मॉरिटानिया पहुंचीं राष्ट्रपति

**नुआकशोत (मॉरिटानिया)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अफ्रीका के तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत यहां पहुंचीं। इस दौरान वह मॉरिटानिया के अपने समकक्ष मोहम्मद औलद गजौनी के साथ कई मुद्दों पर वार्ता करेंगी। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से एक्स पर जारी किए गए एक पोस्ट में कहा गया कि राष्ट्रपति मुर्मू मॉरिटानिया पहुंची गईं हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की मॉरिटानिया की पहली यात्रा है।

राष्ट्रपति के नुआकशोत-ओमटौन्सी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति गजौनी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मुर्मू दोनों पक्ष संस्कृति, विदेश कार्यालय संस्थानों, विदेश कार्यालय परामर्श और राजनयिक व आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट समझौतों के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करेंगे।